


पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक-12 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



देश को कमजोर करने के लिए रची जा रही ... 02
■ केंद्र सरकार के मन में बदले की भावना : आप
■ सबसे कम उम्र में सबसे अधिक भ्रष्टाचार करने... 03
■ संयुक्त अरब अमीरात में 75 वर्षों में सबसे अधिक...
■ इजरायल ने दक्षिणी गाजा के राफा में किया हमला,... 07
2017 और 2022 में चुनाव परिणामों को ... 10

## सार संक्षेप

### आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा : प्रियंका



**सहारनपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान बदलने की बात करने वाले वास्तव में आरक्षण को खत्म करना चाहते हैं। कांग्रेस उम्मीदवार इमरान मसूद के समर्थन में श्रीमती वाड्रा ने यहां एक रोड शो की अगुवाई की। उन्होने कहा कि यह चुनाव जनता के मुद्दों पर होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी और उनके नेता बेरोजगारी, महंगाई, किसान, महिलाओं की बात नहीं कर रहे हैं बल्कि इधर-उधर की बात कर रहे हैं।

### बंगाल के राज्यपाल को कूचबिहार न जाने की सलाह



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस का 18 और 19 अप्रैल को कूच बिहार का दौरा प्रस्तावित है। लेकिन चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता का हवाला देते उन्हें यह दौरा रद्द करने की सलाह दी हैं। बतादें कि कूच बिहार में 19 अप्रैल को चुनाव होना है। इसके लिए 48 घंटे पहले यानी आज शाम से ही मौन अवधि शुरु होक जाएगी। इस दौरान राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार करने की अनुमति नहीं होती है।

### अमिताभ, एआर रहमान को मिलेगा मंगेशकर पुरस्कार



**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को 24 अप्रैल को एक समारोह में 'लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा, जबकि संगीत सम्राट ए.आर. रहमान को अगले सप्ताह 'मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार प्रख्यात मंगेशकर परिवार द्वारा पोषित मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान, पुणे द्वारा दिया जाता है।

### गुजरात में सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात में खेडा जिले के नडियाद ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस-वे पर बिलोदरा गांव के निकट एक बेकाबू कार आज अपराह्न आगे जा रहे ट्रेलर में जा घुसी। हादसे में कार सवार आठ लोगों की मौके पर मौत हो गई।

### पूर्वी दिल्ली में डबल मर्डर से सनसनी

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में बुधवार सुबह 30 साल की एक स्कूल टीचर और उसके 17 वर्षीय भाई की कथित तौर पर हत्या कर दी गई। मृतकों की पहचान शकरपुर निवासी कमलेश होलकर (30) और उनके छोटे भाई मथुरा निवासी राम प्रताप सिंह के रूप में हुई।

राहुल गांधी व अखिलेश यादव ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

# मोदी भ्रष्टाचार के चैम्पियन : राहुल

## अखिलेश बोले, गाजियाबाद से गाजीपुर तक होगा भाजपा का सफाया

### राहुल गांधी ने कहा, भाजपा 150 सीटों पर सिमट जाएगी

### सपा नेता बोले, भ्रष्टाचार का गोदाम बन गई भाजपा



'इलेक्टोरल बॉन्ड' से बीजेपी का बैंड बज गया है। ये वसूली देश और पूरी दुनिया जान गई है : **राहुल गांधी, कांग्रेस नेता**

लूट और झूठ बीजेपी का नारा बन गया है। अब देश की जनता आने वाले चुनाव में बदलाव चाहती है: **अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष**

**गाजियाबाद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा है। गाजियाबाद से गाजीपुर तक बीजेपी के सफाए का दावा करने के साथ ही दोनों ने कहा कि बीजेपी इस चुनाव में 400 पार नहीं, बल्कि 400 हार होने जा रही है।

गाजियाबाद में आज सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण का चुनाव होने जा रहा है। इस बार बीजेपी को गाजियाबाद से गाजीपुर तक इंडिया गठबंधन सफाया करने जा रहा है। बीजेपी भ्रष्टाचारियों का गोदाम बन गया है। लूट और झूठ बीजेपी का नारा बन गया है। अब देश की जनता आने वाले चुनाव में बदलाव चाहती है।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा,'पीएम जितनी भी सफाई दें, वो भ्रष्टाचार के चैम्पियन हैं। बीजेपी 150 सीटों पर सिमट जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि ये चुनाव विचारधारा का चुनाव है। एक तरफ बीजेपी और आरएसएस मिलकर लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश रही है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन और कांग्रेस बचाने की कोशिश कर रही है।

#### बेरोजगारी, महंगाई बड़े मुद्दे

राहुल ने बताया कि इस समय देश के चुनाव में 3 बड़े मुद्दे हैं। इसमें बेरोजगारी, महंगाई और भागेदारी शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'इलेक्टोरल बॉन्ड से बीजेपी का बैंड बज गया है।

#### बात डबल इंजन की दिखते हैं अकेले

अखिलेश ने कहा, होर्डिंग देखिए। डबल इंजन की बात करते थे, लेकिन वहां अकेले दिखाई देते हैं। इनके प्रत्याशी होर्डिंग से गायब हैं। चुनाव बाद जो होर्डिंग पर हैं, वो भी गायब हो जाएंगे। चुनाव बाद इनका सफाया होने जा रहा है। इनका एक ही नारा है झूठ बोलने का और लूटने का। लूट और झूठ भाजपा की पहचान बन गई है।

#### चंदा देने की तारीखें भी छिपाईं

राहुल गांधी ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर मोदी को घेरते हुए कहा कि अगर आप ट्रांसपेरेंसी लाना चाहते हैं तो जिन्होंने भाजपा को हजारों करोड़ दिए, उनका नाम आपने क्यों छुपाया। चंदा देने की तारीखें भी छिपाईं।

असम में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही



**गुवाहाटी,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए असम के नलबाड़ी पहुंचे। यहां रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 4 जून को नतीजा क्या होने जा रहा है, ये साफ दिखाई दे रहा है। इसलिए लोग कहते हैं- 4 जून, 400 पार! फिर एक बार मोदी सरकार। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर वार करते हुए कहा, आज पूरे देश में मोदी की गारंटी चल रही है और नॉर्थ ईस्ट तो खुद ही मोदी की गारंटी का गवाह है। जिस नार्थ ईस्ट को कांग्रेस ने सिर्फ समस्याएं दी थी, उसे भाजपा ने संभावनाओं का स्रोत बना दिया। कांग्रेस ने अलगाववाद को खाद पानी दिया, मोदी ने पूर्वोत्तर को गले लगाने का काम किया। मोदी ने शांति और सुरक्षा के लिए प्रयास किए। जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, वो मोदी ने 10 साल में कर दिखाया। क्योंकि मेरा लिए आपका सपना ही मेरा संकल्प है।

**जो कांग्रेस के 60 वर्षों में नहीं हुआ, हमने 10 साल में किया**

पीएम मोदी ने कहा, 2014 में मोदी आपके बीच एक उम्मीद लेकर आया था। 2019 में मोदी जब आया एक विश्वास लेकर आया और 2024 में जब मोदी असम की धरती पर आया है तब मोदी गारंटी लेकर आया है। 'मोदी की गारंटी' यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी।'

# चुनाव आयोग ने एक्स से हटवाईं सियासी नेताओं की पोस्ट



**आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए आदेश दिया**

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को कुछ चुनिंदा पोस्ट हटाने का निर्देश दिया है। यह पोस्ट वाईएसआर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, एन चंद्रबाबू नायडु और बिहार के उम मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के हैं। आयोग ने इन पोस्ट को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए यह आदेश दिया है। एक्स ने मंगलवार को बयान जारी आयोग के इस आदेश के बारे में जानकारी दी। आयोग ने इन पोस्ट को हटाने का आदेश 2 और 3 अप्रैल को जारी किया था और इस बारे में 10 अप्रैल को दोबारा ईमेल भेजा गया। आयोग ने कहा है कि एक्स यदि इन पोस्ट को हटाने में विफल रहता है तो यह स्वैच्छिक नैतिक कोड का उल्लंघन होगा।

एक्स ने कहा, इस आदेश का पालन करते हुए हमने चुनाव अवधि तक इन पोस्ट को स्थगित रखने का फैसला लिया है। हालांकि हम इस तरह के कदमों को लेकर चिंतित हैं और मानते हैं कि अभिव्यक्ति की आजादी को इन पोस्ट और राजनीतिक बयानों पर सामान्य रूप से लागू होना चाहिए।

## कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग पर उठाए सवाल

कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स से कुछ पोस्ट हटाए जाने संबंधी निर्वाचन आयोग के आदेश को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि सरकार के 'काले कारनामे' के बारे में बताने वालों को प्रताड़ित किया जा रहा है। पार्टी की सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने यह सवाल भी किया कि आखिर निर्वाचन आयोग को चुनावी बॉण्ड के बारे में बात करना क्यों आपत्तिजनक लगा।

# पहले चरण की 102 सीटों पर थमा प्रचार

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज शाम प्रचार थम गया। पहले चरण की 21 राज्यों के 102 सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। इसके साथ ही कुल 1625 उम्मीदवारों की किस्मत मतपेटिका में बंद हो जाएगी। 1 जून को सातवें और अंतिम चरण के मतदान के बाद 4 जून को एक साथ सभी सीटों की मतगणना कराई जाएगी। मालूम हो कि 19 अप्रैल को जिन 102 सीटों के लिए मतदान कराया जाएगा, इसमें उत्तर प्रदेश की 8, बिहार की 4, तमिलनाडु की 39, पश्चिम बंगाल की 3, मेघालय की 2, राजस्थान की 12, मध्य प्रदेश की 6, उत्तराखंड की 5, असम की 4, मणिपुर की 2,अरुणाचल प्रदेश की 2, महाराष्ट्र की 5, छत्तीसगढ की 1, मिजोरम की 1, नागालैंड की 1, सिक्किम की 1, त्रिपुरा की 1, अंडमान निकोबार की 1, जम्मू-कश्मीर की 1, लक्षदीप और पुडुचेरी की 1-1 सीट शामिल हैं।

लोकसभा चुनाव



- 21 राज्यों में इन सीटों पर कल होगा मतदान
- चुनाव में 1625 उम्मीदवार आजमा रहे किस्मत

#### हेलीकॉप्टर व एयर एंबुलेंस के रहेंगे इंतजाम

वहीं उत्तर प्रदेश में जिन 8 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है, इनमें सहारनपुर, रामपुर, पीलीभीत, कैराना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और नगीना शामिल हैं। सात चरणों में होने वाले लोकसभा आम चुनावों में किसी भी आपदा से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश शासन की ओर से एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। इस एयर एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर की मदद से किसी भी आकस्मिक स्थिति में न सिर्फ मदद पहुंचाई जा सकेगी, बल्कि अर्धसैनिक बलों, पुलिस बलों के व्यवस्थापन के साथ ही मेडिकल सहायता पहुंचाने में भी मदद मिलेगी।

## आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम मैदान में

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार बुधवार शाम को समाप्त हो गया। आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल उन नेताओं में शामिल हैं जो 19 अप्रैल को होने वाले पहले चरण के चुनाव में अपनी चुनावी किस्मत आजमाएंगे। पहले चरण में ही महाराष्ट्र के नागपुर सीट पर भी मतदान होना है। केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर सीट से जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम के डिब्रूगढ़ से लोकसभा में वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। पश्चिम त्रिपुरा में पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष आशीष कुमार साहा के बीच हाईवोल्टेज टक्कर देखने को मिलेगी।

# पंजाब में किसान आंदोलन जारी, ट्रैक पर बैठे



- 35 ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई
- 13 फरवरी से किसान कर रहे हैं आंदोलन

**चंडीगढ़,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब में किसानों का आंदोलन जारी है। किसान बुधवार को पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पर बैठ गए, जिससे कम से कम 35 ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो गई। किसानों ने 13 फरवरी से केंद्र द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर शंभू के पास अंतरराज्यीय सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर रखा है। प्रदर्शनकारी बुधवार को जब रेलवे ट्रैक को ब्लॉक करने के लिए आगे बढ़ रहे थे, पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे उनके बीच झड़प हो गई। बैरिकेडिंग तोड़कर वे ट्रैक पर बैठ गए। ये लोग गिरफ्तार तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। एक दिन पहले, गिरफ्तार नवदीप जलबेरा के पिता जय सिंह ने लोगों से गैरकानूनी रूप से हिरासत में लिए गए निर्दोष किसान युवाओं को रिहा करने और सरकार पर दबाव बनाने के लिए रेलवे ट्रैक को अवरुद्ध करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया था। शंभू राष्ट्रीय राजधानी से हरियाणा होते हुए पंजाब का प्रवेश द्वार है।

# अयोध्या में सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक



**रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मनाई पहली रामनवमी**

**अयोध्या,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। इसीलिए यह रामनवमी खास और ऐतिहासिक है। आज रामलला के मस्तक पर सूर्य की किरणों से सूर्याभिषेक हुआ। इस मौके पर विशेष पूजा अर्चना की गई। रामनवमी के असवर पर भगवान रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक किया गया।

राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा, रामलला को छप्पन भोग लगाया गया। आज रामनवमी का मेला है। भक्त प्रार्थना कर रहे हैं और आज सब कुछ विशेष है। उन्होंने बताया कि सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। मंदिर में आरती की गई। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला का पट बंद कर दिया गया।

इससे पहले जगद्गुरु राघवाचार्य ने 51 कलशों से भगवान रामलला का अभिषेक किया। बुधवार सुबह 3.30 बजे मंदिर के कपाट खुल गए, आम दिनों में यह 6.30 बजे खुलते हैं।

# कश्मीर में प्रवासी श्रमिक की गोली मार कर हत्या

**मतदान से पहले पुंछ में तीन आईईडी बरामद**

**जम्मू,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश में मतदान से एक दिन पूर्व आतंकी हमले में एक प्रवासी श्रमिक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। जबकि पुंछ में तीन आईईडी को नष्ट कर दिया गया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के बिजबिहाड़ा इलाके में बुधवार शाम संदिग्ध आतंकवादियों ने एक गैर-स्थानीय व्यक्ति पर गोलीबारी की। जिसकी बाद में मौत हो गई। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने को बताया कि आतंकवादियों ने आज शाम गैर-स्थानीय लोगों पर करीब से गोलीबारी की। उसकी पहचान बिहार निवासी शंकर शाह के पुत्र राजा शाह के रूप में की गई है। उन्हें गर्दन और पेट में दो गोलियां लगीं, उन्हें गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

रिपोर्ट | *संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष का अनुमान*

# भारत की आबादी 144 करोड़ हुई

**नई दिल्ली, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जनसंख्या 144 करोड़ तक पहुंच गई है। इसमें 0-14 आयु वर्ग के लोगों की आबादी 24 फीसदी है। 2011 में हुई पिछली जनगणना के अनुसार, भारत की जनसंख्या 121 करोड़ थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत में प्रसव के दौरान होने वाली महिलाओं की मौतों में गिरावट हुई है।**

रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की जनसंख्या में 0-14 आयु वर्ग वाले 24 फीसदी, जबकि 10-19 आयु वर्ग वाले 17 प्रतिशत है। वहीं, 10-24 आयु वर्ग वालों की संख्या 26 फीसदी है। भारत की जनसंख्या में 10-64 आयु वर्ग वाले 68 प्रतिशत, जबकि 65 और उससे अधिक उम्र वाले सात प्रतिशत लोग शामिल हैं। पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 और महिलाओं की 74 वर्ष है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 साल में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में जो प्रगति हुई है, उसमें दुनियाभर के सबसे पिछड़े समुदायों को ज्यादातर नजरअंदाज ही किया गया है।



- इनमें 0-14 आयु वर्ग की संख्या 24 फीसदी
- 2011 में भारत की जनसंख्या 121 करोड़ थी

#### मातृ मृत्यु में गिरावट आई

भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का 8 प्रतिशत रह गया है। पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ के रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि भारत के 640 जिलों में हाल ही में की गई रिसर्च से पता चला है कि लगभग एक तिहाई जिलों ने मातृ मृत्यु दर को कम करने का सतत विकास लक्ष्य हासिल किया है। इनमें प्रति 100,000 जीवित जन्म पर प्रजनन के दौरान महिलाओं की मृत्यु दर 70 से कम है, लेकिन 114 जिलों में अभी भी यह अनुपात 210 या उससे कुछ ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया, दिव्यांग महिलाओं और लड़कियों, शरणार्थियों, जतीय अल्पसंख्यकों, समलैंगिग समुदाय के लोगों, एचआईवी से पीड़ित और वंचित जातियों को सबसे ज्यादा यौन और प्रजनन स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है।

# देश

**उवाच**

"भाजपा ने केवल विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के अपने मिशन से देश की लोकतांत्रिक संस्कृति को नष्ट कर दिया है। जीव गांधी के समय में भाजपा के दो सांसद थे लेकिन कांग्रेस ने कभी भी भाजपा मुक्त भारत का नारा नहीं लगाया।"

–सचिन पायलट, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 25.0 |
| मुंबई | 33.0 | 29.0 |
| कोलकाता | 38.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# भाजपा समझ गई है कि वह देश की सत्ता में अब नहीं आएगी : शिवकुमार

## कर्नाटक में भाजपा के 14 सिटिंग सांसदों को टिकट न देने पर साधा निशाना

**बेंगलुरु,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु में कहा कि कर्नाटक में भाजपा के 14 सिटिंग सांसदों को टिकट नहीं दिया गया। आखिर भाजपा ने उन्हें टिकट देने से क्यों इनकार किया। अगर उन्हें पूरा विश्वास था कि वो जीतेंगे, तो पार्टी को उन्हें चुनावी मैदान में उतारना चाहिए था। इस तरह से एनडीए ने अपने 100 सांसदों को टिकट देने से इनकार कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा समझ गई है कि वह देश की सत्ता में नहीं आएगी। शिवकुमार ने कहा कि जनता हमारे सिद्धांतों, ईमानदारी से वाकिफ है और महंगाई व बेरोजगारी के बारे में भी जानती है। कर्नाटक और तेलंगाना अपनी गारंटी लागू करने में सफल रहे, इसके बाद अब इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के तौर पर पेश किया जा रहा है।

**हार के डर से भाजपा ने आंध्र प्रदेश में किया गठबंधन**

शिवकुमार ने आरोप लगाया कि हार के डर से भाजपा ने आंध्र प्रदेश में पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू और



■ एनडीए ने इस तरह से अपने सौ सांसदों को टिकट देने से कर दिया इनकार : डीके शिवकुमार

कर्नाटक में जेडीएस के साथ गठबंधन किया है। गारंटी बंद करने के भाजपा के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा था कि एनडीए के सत्ता में आने के बाद गारंटी जारी नहीं रखी जाएंगी। मैं बीजेपी नेताओं, पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा, विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर अशोक और पूर्व सीएम एचडी कुमारस्वामी से कह रहा हूं कि वे गारंटी के साथ कुछ नहीं कर पाएंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि राज्य की जनता आपको ऐसा नहीं करने देगी। शिवकुमार ने 20 से अधिक सीटें जीतने का किया दावा। केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे के इस बयान पर कि राहुल गांधी के दौरे से भाजा की संभावनाएं बढ़ेंगी, डिप्टी सीएम ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में क्या हुआ। उडुपी चिकमंगलूर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र जिसका वह प्रतिनिधित्व करती हैं, में क्या हुआ। कांग्रेस पार्टी ने चिकमंगलूर जिले की सभी छह सीटों पर जीत हासिल की। उन्होंने वह लोकसभा सीट क्यों खाली की जिसका वह वर्तमान में प्रतिनिधित्व करती हैं। लोगों ने उन्हें वापस जाने के लिए कहा। उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं वायनाड गया था और वहां के लोगों द्वारा दिए गए समर्थन को देखने के बाद, यह निश्चित है कि यूडीएफ केरल राज्य में जीत हासिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### किसी से नहीं डरते राहुल गांधी

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु में कहा कि राहुल गांधी बहादुर इंसान हैं, वो किसी से नहीं डरते। संवाददाताओं से बात करते हुए डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कहा कि राहुल गांधी पूरे देश में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मैं भी गुरुवार को वायनाड पहुंचकर चुनाव प्रचार में हिस्सा लूंगा। मुझे पूरा विश्वास है कि राहुल गांधी की मेहनत रंग लाएगी। वहीं, जब उनसे पूछा गया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लगातार भाजपा पर यह आरोप लगा रहे हैं कि वो ईवीएम में फेरबदल कर नतीजों को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं, तो डिप्टी सीएम ने कहा कि राहुल गांधी के पास इस बारे में ज्यादा जानकारी है। वो इस पर आपको अच्छी जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार नहीं बनाएगी, बल्कि अगर कोई केंद्र में सरकार बनाएगा, तो वो इंडिया गठबंधन है।

## लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में 421 करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती

**मुंबई,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों ने लोकसभा चुनाव से पहले कुल 421.41 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी एवं प्रमुख सचिव एस चोकालिंगम ने बताया कि यह रकम नकदी, शराब, ड्रग्स, मुफ्त वस्तुएं, कीमती धातुएं और अन्य वस्तुओं के रूप में जब्ती हुई है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से लागू आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर भरारी टीमें, स्टेटिक सर्वे टीम (एसएसटी), वीडियो सर्वे टीम (वीएसटी) और वीडियो निरीक्षण दल (वीवीवी) राज्य और जिला स्तर पर नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि टीमों ने 1 मार्च से 11 अप्रैल के बीच 39.10 करोड़ रुपए नकद, 27.18 करोड़ रुपए मूल्य की 33,56,323 लीटर शराब जब्त की है। इसके साथ ही 212.82 करोड़ रुपए कीमत के 11,42,498 ग्राम अमला जब्त किए हैं।

इसके अलावा 63.82 करोड़ रुपए मूल्य की 290.61 किलोग्राम कीमती धातुओं के साथ ड्रग्स जैसे प्रतिबंधित पदार्थ भी जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि 47 लाख रुपए मूल्य की 51,272 मुफ्त वस्तुएं और 78.02 करोड़ रुपए मूल्य की अन्य वस्तुएं जब्त की गई हैं, जिनकी कुल कीमत 421.41 करोड़ रुपए है।

## देश को कमजोर करने के लिए रची जा रही गहरी साजिश : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने देश में परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी घोषणापत्र के वादे के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए इस मुद्दे पर कांग्रेस से अपना रुख जाहिर करने की मांग की। सिंह ने आरोप लगाया कि भारत के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि देश को कमजोर करने के लिए गहरी साजिश रची जा रही है। राज्य के कासरगोड जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने मांग की कि कांग्रेस को परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के घोषणापत्र में किए गए वादे पर अपना रुख जाहिर करना चाहिए क्योंकि इंदिरा गांधी सरकार ने ही देश का परमाणु कार्यक्रम शुरू किया था। उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु संपन्न देशों में शामिल होने के लिए कड़ी मेहनत की और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से वह देश कमजोर देश बन जाएगा जिसके पड़ोसी पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्तियों से लैस होंगे। माकपा ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि परमाणु हथियारों और रासायनिक व जैविक हथियारों सहित सामूहिक विनाश के अन्य हथियारों का पूर्ण सफाया किया जाएगा। सिंह ने आरोप लगाया कि



■ देश के परमाणु हथियारों को नष्ट करने के माकपा के चुनावी वादे पर उठाए सवाल

ऐसा प्रतीत होता है कि वाम दल और कांग्रेस देश को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं।

**भगवान राम का विरोध करने वालों का हुआ पतन**

भाजपा नेता ने एक चुनावी बैठक में कहा कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे पतन का सामना करना पड़ा है, ऐसा ही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ है। सिंह ने आरोप लगाया कि इंडिया गठबंधन में सहयोगी दोनों पार्टियां भगवान राम या रामनवमी के त्योहार का महत्व नहीं समझती हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने रामनवमी के उत्सव में बाधाएं पैदा की हैं। हम सभी जानते हैं कि जिसने भी भगवान राम का विरोध किया है, उसे देश में पतन का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस और माकपा के साथ यही हुआ है।

**सार संक्षेप**

### पुंछ में तलाशी के दौरान दो आईईडी बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी घटना को टालते हुए बुधवार को पुंछ जिले में दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस को नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की एक संयुक्त टीम ने पुंछ जिले के मेंढर में एक आतंकवादी ठिकाने का पता लगाया और एक गुफा के अंदर छिपाए गए 3 किलोग्राम वजन के दो आईईडी बरामद किए।

### बच्चे को बेचने के मामले में मां सहित तीन गिरफ्तार

**कोल्हापुर।** गोवा में एक महिला को अपनी एक साल की पुत्री को एक लाख रुपये में एक दम्पति को बेचने के आरोप में दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया गया है। लक्ष्मीपुरी पुलिस के मुताबिक महिला की पहचान पूनम दिलीप ढेंगे के रूप में हुई है, जो अपने पति दिलीप विलास ढेंगे से अलग होने के बाद पिछले एक साल से इस जिले की हटकनंगले तहसील के पट्टनकोडोली में अपनी मां के साथ रह रही है। आरोपी महिला के पति दिलीप को जब पता चला कि उसकी पुत्री को बिना बताए गोद दे दिया गया है तो उसने पुलिस को सूचना दी। पत्नी पूनम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पूनम ने कबूल किया कि उसने अपने दोस्त और एक मध्यस्थ की मदद से अपनी पुत्री को गोवा में एक दम्पति को एक लाख में बेचा है।

### छिंदवाड़ा में शाह ने राम मंदिर के दर्शन किए

**छिंदवाड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में रामनवमी के अवसर पर श्रीराम मंदिर में दर्शन किए। शाह ने देर शाम यहां रोड शो करने के बाद रात्रि विश्राम किया था। शाह ने श्रीराम मंदिर के दर्शन संबंधी छायाचित्र सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, रामनवमी के पावन पर्व पर आज छिंदवाड़ा के श्रीराम मंदिर में प्रभु के दर्शन व पूजा अर्चना कर देश की निरंतर प्रगति और देशवासियों के कल्याण की कामना की। जय श्रीराम। शाह ने छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार समाप्त होने की अवधि के एक दिन पहले मंगलवार देर शाम यहां रोड शो किया था।

### सैयद वकार रजा मुर्शिदाबाद रेंज के नए डीआईजी बने

**कोलकाता।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 2007 बैच के आईपीएस अधिकारी सैयद वकार रजा को पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद रेंज का पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) नियुक्त किया है। रजा की नियुक्ति ऐसे समय की गई है, जब ईसीआई ने सोमवार को मुकेश को हटा दिया और चुनाव क्षेत्र में पद संभालने के लिए पैनल से तीन के नाम मांगे, जो अपनी भौगोलिक स्थिति के लिए बहुत संवेदनशील है।

## श्रीनगर नाव हादसे में लापता तीन लोगों की तलाश जारी

**श्रीनगर,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नाव पलटने के बाद दो बच्चों समेत तीन लापता लोगों का पता लगाने के लिए चलाया गया बचाव अभियान बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। श्रीनगर के बाहरी इलाके में झेलम नदी में मंगलवार सुबह करीब आठ बजे एक नाव पलट गई, जिनमें दो स्कूल जाने वाले जुड़वां भाई ताहिर फैयाज और मुदासिर फैयाज और उनकी 40 वर्षीय मां फिरदौसा फैयाज छह लोगों की मौत हो गई। वहीं एक व्यक्ति और दो नाबालिग (जिनमें से एक उसका पुत्र है) अभी भी लापता हैं। तलाशी अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा और तीनों लोगों का पता लगाने के लिए विभिन्न एजेंसियों की कई टीमें तलाश अभियान में जुटीं। एसडीआरएफ के कमांडेंट अतुल शर्मा ने बताया, बचाव अभियान अभी जारी है। एसडीआरएफ की चार टीमें रात भर तलाश अभियान में जुटी हुई थी। सेना के विशिष्ट मरीन कमांडो भी तलाशी अभियान का हिस्सा हैं। नाव त्रासदी को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दलों ने गंदरबल बटवाड़ा फुटब्रिज के निर्माण में देरी के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार पर हमला बोला। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने मंगलवार शाम को कहा था कि पुल पर काम चल रहा है और 30 जून तक पूरा हो जाएगा। कश्मीर के मंडलायुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने सड़क एवं इमारत बनाने वाले विभाग को पुल का निर्माण पूरा करने की समय सीमा का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया।




■ नाव त्रासदी को लेकर सियासत भी हुई शुरू

## बिहार में पहले चरण की चार लोकसभा सीटों के लिए प्रचार थमा, मतदान कल

**पटना,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। बिहार में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में जिन चार सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है, वहां बुधवार की शाम चुनाव प्रचार थम गया। पहले चरण में औरंगाबाद, नवादा, गया और जमुई में मतदान होना है। बुधवार शाम चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद अब पार्टी और प्रत्याशियों की नजर मतदान केंद्रों और मतदाताओं पर टिकी है। पहले चरण की चार सीटों पर कुल 38 प्रत्याशियों की साख दांव पर लगी है। इस चुनाव में एनडीए पांच दल भाजपा, जदयू, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा, लोजपा (रामविलास) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। वहीं, महागठबंधन राजद, कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और वामपंथी दलों के साथ चुनावी रण में है। पहले चरण की जिन चार सीटों पर चुनाव होना है, उनमें मुख्य मुकाबला दोनों गठबंधनों के बीच लग रहा है। नवादा में निर्दलीय प्रत्याशी संघर्ष को त्रिकोणात्मक बनाने में जुटे हैं। इन सभी चार सीटों पर महागठबंधन की ओर से राजद के प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं तो एनडीए की ओर से औरंगाबाद और नवादा में भाजपा के प्रत्याशी चुनावी समर में ताल ठोंक रहे हैं तो गया में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और जमुई से लोजपा (रामविलास) भाग्य आजमा रही है। गया क्षेत्र से हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का मुकाबला बिहार के मंत्री रहे कुमार सर्वजीत से है तो जमुई में भी एनडीए की ओर से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अरुण भारती और महागठबंधन की राजद प्रत्याशी अर्चना रविदास आमने-सामने हैं।

अरुण भारती पार्टी प्रमुख चिराग पासवान के बहनोई हैं। औरंगाबाद क्षेत्र में भाजपा के टिकट पर सुशील कुमार सिंह एक बार फिर से चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। इनका सीधा मुकाबला राजद के अभय कुशवाहा से माना जा रहा है। नवादा क्षेत्र में भाजपा के विवेक ठाकुर और राजद के श्रवण कुमार आमने-सामने हैं।



■ औरंगाबाद, नवादा, गया व जमुई में होना है मतदान
■ 38 प्रत्याशियों की साख दांव पर लगी

## कूचबिहार लोस क्षेत्र में डेरा डालेंगे बंगाल के राज्यपाल

**कोलकाता,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंदा बोस 19 अप्रैल को उत्तर बंगाल के कूच बिहार लोकसभा क्षेत्र में डेरा डालेंगे, जिस दिन इस क्षेत्र में पहले चरण का मतदान होगा। कूचबिहार के अलावा, उत्तरी बंगाल के दो अन्य निर्वाचन क्षेत्रों, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी में भी उसी दिन मतदान हो रहा है। सूत्रों ने कहा कि राज्यपाल ने पिछले चुनाव संबंधी हिंसा के रिकॉर्ड पर विचार करने के बाद यह फैसला किया। राजभवन के सूत्रों ने कहा कि कार्यक्रम के अनुसार, राज्यपाल गुरुवार सुबह कोलकाता से कूच बिहार के लिए रवाना होंगे और चुनाव खत्म होने के बाद शुक्रवार शाम को निर्वाचन क्षेत्र से लौटेंगे। राज्यपाल ने कहा, 16 मार्च को, जिस दिन चुनाव आयोग ने मतदान कार्यक्रम की घोषणा की, राज्यपाल ने कहा कि वह पहले चरण से ही मैदान में रहेंगे। मैं सुबह 6 बजे सड़कों पर उतरूंगा। मैं लोगों के लिए उपलब्ध रहूंगा। पिछले साल पंचायत चुनावों में हुई हिंसा की अब अनुमति नहीं दी जाएगी। पिछले महीने कोलकाता में गवर्नर हाउस में एक नया पोर्टल भी लॉन्च किया गया, जिसके माध्यम से राज्यपाल राज्य के आम मतदाताओं से सीधे बातचीत कर सकते हैं।



## पाखंडियों को भगवान राम देंगे दंड : रामगोपाल

**इटावा,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि देश भर में अपने झूठ से पाखंड फैलाने वाले लोगों को भगवान श्री राम हर हाल में दंड देंगे। प्रो. यादव ने अपने सैफई स्थित आवास पर बातचीत में कहा, 'सारा देश यह है बात भली भांति जानता है कि पाखंड देश भर में कौन फैला रहा है और वास्तव में पाखंडी कौन है, यह बताने की कतई जरूरत नहीं है। बचपन से पढ़ाया जाता था कि झूठ बोलना पाप है, अब भाजपा वाले सिखा रहे है कि झूठ बोलना धर्म है।' खुद को सात्विक बताते हुये प्रो यादव ने कहा कि उन्होंने कभी भी किसी की दिखावे के लिए पूजा नहीं की है और ना ही वे पूजा के नाम पर कोई दिखावा करते है। वो भगवान का नाम लेते है लेकिन पाखंडी नहीं है। पाखंडी लोग ये सब करते हैं, ऐसे लोगो को भगवान श्री राम दंड देंगे। उन्होंने कहा कि रामनवमी हमेशा बड़े हर्षो उल्लास से मनाई जाती रही है। राम नवमी को कुछ लोगो ने पेटेंट कर लिया है। रामनवमी किसी की बपौती नही है। इस देश मे एक राममंदिर नही सैकड़ो हज़ारो राम मंदिर है। अयोध्या में प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम अधूरा छोड़ा गया है। सारे शंकराचार्य इसके खिलाफ थे। ये ठीक नही है। ये इनके लिए घातक होगा। यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन उत्तर प्रदेश में सभी 80 की 80 सीटें जीतने जा रही है । भाजपा यहां आसपास कही जीतते हुए नही दिख रही। इधर एक भी सीट भी जीतती नही दिख रही। भाजपा फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और एटा सबमें हार रही है।

मैनपुरी में बदलाव के भाजपा के दावे को खोखला बताते हुये उन्होने कहा कि उपमुख्यमंत्री तो पहले भी कमल खिला रहे थे मगर तब भी डिपंल यादव करीब तीन लाख वोटों से जीती थी। इस संसदीय चुनाव में डिपंल करीब चार लाख वोटो से जीतेंगी। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य पर हमला करते हुए उन्होने कहा कि आने वाले समय में हम उनको ऐसा कर देंगे कि वह साइकिल में पंचर जोड़ने का काम करेंगे। उनको कोई गंभीरता से नहीं ले रहा है। मुख्यमंत्री अपने पास उनको नहीं बैठने देते, इसलिए चर्चा में बने रहने के लिए वह ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। जब भी केशव मौर्य चुनाव लड़ेंगे तो हम उनको जीतने नहीं देंगे।



'सारा देश यह है बात भली भांति जानता है कि पाखंड देश भर में कौन फैला रहा है और वास्तव में पाखंडी कौन है, यह बताने की कतई जरूरत नहीं है:- रामगोपाल यादव

## ईडी ने झामुमो नेता अंतु तिर्की समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया



**रांची,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज जमीन घोटाला मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता अंतु तिर्की समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया हैं। ईडी ने तिर्की के अलावा प्रियरंजन सहाय, रियल एस्टेट कारोबारी विपिन सिंह एवं इरशाद को गिरफ्तार किया है। इनके ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की गई व इसके बाद उन्हें देर रात रांची स्थित ईडी कार्यालय लाया गया और बाद में गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि जमीन घोटाला मामले में ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनवरी में गिरफ्तार किया था। ईडी सोरेन के खिलाफ रांची में 8.86 एकड़ जमीन हासिल करने से जुड़े मामले की जांच कर रही है।

## तमिलनाडु में विकास लाने में द्रमुक व भाजपा विफल : पलानीस्वामी

### जनता पर बोझ डालने का लगाया आरोप

**चेन्नई,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। एआईएडीएमके के महासचिव और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के.पलानीस्वामी ने बुधवार को डीएमके और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दोनों दल जनता से किए वादे को पूरा करने में विफल साबित हुई है। सलेम के नेदुंचलाई नगर में अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दोनों ही पार्टियों की आलोचना की और लोगों पर बोझ डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2021 के विधानसभा चुनाव में डीएमके ने प्रदेश की जनता से एक या दो नहीं, बल्कि 520 वादे किए थे, लेकिन पार्टी प्रदेश की जनता से एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई। उन्होंने आरोप लगाया कि एमके स्टालिन तमिलनाडु की जनता से चुनाव प्रचार के दौरान स्पष्ट रूप से झूठ बोल रहे हैं। सीएम स्टालिन का दावा कि उन्होंने 98 फीसद वादे को पूरा कर दिया है, वह पूरी तरह से झूठ है। उन्होंने कहा कि जनता चिंतित है कि मौजूदा सरकार की अगुवाई में तमिलनाडु ड्रग हब बन चुका है।

ड्रग माफियाओं पर मौजूदा सरकार अंकुश लगाने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि नदियों के बंटवारे से आवश्यक वस्तुओं की कीमत में इजाफा दर्ज किया जा रहा है। इसके अलावा, इससे नौकरियों के अवसर में भी कटौती, बिजली दरों में बढ़ोतरी और संपत्ति की कीमत में तेजी देखने को मिल सकती है।



**चुनौती** *मध्य प्रदेश में पहले चरण के मतदान को लेकर राजनीतिक गर्मी बढ़ी*

# छिंदवाड़ा में कांटे की टक्कर, मंडला व सीधी में भाजपा को चुनौती

**भोपाल,17 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में पहले चरण में छह सीटों पर 19 अप्रैल शुक्रवार को मतदान होगा। इसमें छिंदवाड़ा के साथ ही बालाघाट, जबलपुर, सीधी, मंडला और शहडोल सीट शामिल हैं। इन सीटों पर बुधवार शाम को चुनाव प्रचार थम गया। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरा जोर लगाया।**

भाजपा मोदी के चेहरे के साथ ही राममंदिर, हिंदुत्व और केंद्र की तमाम हितग्राही योजनाओं को लेकर मैदान में है। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी अपनी छवि के साथ ही आदिवासी वोटरों के भरोसे है। इसमें सबसे रोचक मुकाबला छिंदवाड़ा सीट पर है। छिंदवाड़ा में मुकाबला बराबर का है। यहां पर आदिवासी वोटर हार जीत तय करेंगे। संसदीय सीट पर 37 प्रतिशत आबादी आदिवासी वर्ग की है। यही वजह है कि भाजपा ने अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह को भाजपा में शामिल कराया। वहीं, सबसे बड़ा मुद्दा क्षेत्र की जनता का नकुलनाथ को पसंद नहीं करना है। हालांकि, लोग कमलनाथ को अभी भी मानते हैं कि उन्होंने जिले में विकास कार्य कराए हैं। यही वजह है कि अब कमलनाथ ने चुनाव में मोर्चा संभाल लिया है।

वहीं, भाजपा मोदी को आगे रख कर चुनाव लड़ रही है। मंडला में भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के सामने चुनौती है। दरअसल उनका जनता में विरोध है। कुलस्ते निवास सीट से विधानसभा चुनाव भी हार गए थे। हालांकि, भाजपा मुफ्त राशन, पीएम आवास, लाडली बहना योजना और मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस ने विधायक ओमकार सिंह मरकाम को टिकट दिया है। कांग्रेस को आदिवासी वोटों पर भरोसा है। इस सीट पर आठ में पांच विधासभा सीटें कांग्रेस के पास है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी चुनाव लड़ रही है। ऐसे में आदिवासी वोट बंटने से कांग्रेस को नुकसान होता दिख रहा है। सीधी सीट पर मुकाबला फंस गया है। यहां पर निर्दलीय प्रत्याशी और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशी भाजपा को नुकसान पहुंचा रहे है। इस लोकसभा सीट की आठ में से सिर्फ एक सीट चुरहट की कांग्रेस के पास है। भाजपा ने सामान्य वर्ग से आने वाले डॉ. राजेंद्र मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले पूर्व विधायक कमलेश्वर पटेल पर दांव लगाया है। भाजपा से बागी पूर्व सांसद अजय प्रताप सिंह गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। बालाघाट संसदीय सीट पर भाजपा ने सांसद ढाल सिंह बिसेन का टिकट काट कर भारती पारधी को प्रत्याशी बनाया है।

वहीं, कांग्रेस ने सामान्य वर्ग से आने वाले सम्राट सरस्वार पर दांव लगाया है। यहां पर सामान्य वर्ग का वोट प्रतिशत बहुत कम है। हालांकि, लड़ाई पवार वर्सेस लोधी की है। बालाघाट से विधायक अनुभा मुंजारे लोधी समाज से आती हैं।



■ पहले चरण में छह सीटों पर मतदान कल

उल्टा पुल्टा

एक दिन भगवान ने एक आदमी की मेमोरी डिलीट कर दी। फिर उससे पूछा क्या तुम्हें कुछ याद है? आदमी ने अपनी पत्नी का नाम बता दिया। भगवान हंसकर बोले-पूरा सिस्टम फॉर्मेट कर दिया पर वायरस फिर भी रह गया।

# कैपिटल ज़ोन

# केंद्र सरकार के मन में बदले की भावना : आप

■ लोकसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने की रामराज्य वेबसाइट लांच ■ राजधानी के शिक्षा व स्वास्थ्य के मॉडल की तारीफ की



**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने रामनवमी के दिन बुधवार को रामराज्य की अवधारणा पर एक वेबसाइट को लांच किया। आपका रामराज्य डॉट काम पर जाकर लोग आम आदमी पार्टी किस तरह रामराज्य की अवधारणा पर काम कर रही है इसे देख सकते हैं। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले इस वेबसाइट को इसलिए लांच किया है, जिससे लोग उनकी पार्टी के कामों को देखे। बेवसाइट पर दिल्ली, पंजाब राज्य में राम राज्य की अवधारणा पर क्या काम हुए है इसके बारे में बताया गया है। वहीं गुजरात और गोवा में उनके विधायकों ने क्या काम किया है उसको भी दिखाया गया है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नवमी के मौके पर आपका रामराज्य वेबसाइट को लांच किया गया। आम आदमी पार्टी की रामराज्य को लेकर क्या अवधारणा है। अरविंद केजरीवाल ने रामराज्य को सच करने के लिए दिल्ली में अद्भुत काम करके दिखाया है। पहली रामनवमी है जब अरविंद केजरीवाल हमारे साथ नहीं हैं। वह जेल में हैं और संदेश भेजते रहते हैं। उन्हें झूठे बयानों के आधार पर आज जेल में डाल दिया गया है। पीएम मोदी के मन में बदले की भावना है कि अरविंद केजरीवाल जो कर रहे हैं वह नहीं कर सकते। केजरीवाल शिक्षा, चिकित्सा, मुफ्त सफर, महिलाओं के लिए एक हजार रुपए की बात कर रहे हैं। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने ऐसा काम करके दिखाया। दुनिया में नाम हो रहा है। अब अमेरिका वाले कहते हैं केजरीवाल से सीखो। आजादी के बाद पहली सरकार है, जिसने फ्री बिजली पानी, महिलाओं का मुफ्त सफर दिया। फिर भी मुनाफे का बजट पेश किया। अरविंद केजरीवाल कहते हैं कि जनता का पैसा जनता के लिए खर्च करो। पीएम मोदी कहते है कि जनता का पैसा चंद दोस्तों पर खर्च करो। जो लोग हमारे राम राज्य मॉडल को देखना चाहते हैं। वह वेबसाइट पर जरूर जाएं।

### रामराज्य में किसी को नहीं होती कोई समस्या

दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राम राज्य का मतलब जिसके अंदर किसी को कोई समस्या न हो। रामराज्य में किसी को मानसिक व दैहिक कष्ट नहीं था। सभी लोग अपने अपने धर्म का पालन करते थे। कोई भेदभाव नहीं था। सभी खुश थे। अरविंद केजरीवाल जब अपने दिल्ली और पंजाब मॉडल के बारे में कहते हैं तो इसी माडल की बात करते हैं। आप नेता जैस्मिन शाह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी का सिर्फ एक गुनाह है कि हम काम की राजनीति करते हैं। इसलिए हमें फर्जी मुकदमों में परेशान किया जाता है। फिर भी हम काम कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल खुद बता चुके हैं कि राम राज्य से प्रेरणा लेकर काम कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में हम काम के दम पर वोट मांगेंगे। लोग आपका रामराज्य डाट काम पर देख सकते हैं। दिल्ली, पंजाब में सरकार ने क्या काम किया है। गोवा व गुजरात में पार्टी के विधायक हैं। उन्होंने क्या विशेष काम किया है। इसे बताया गया है। विभिन्न वीडियो डाले गए हैं। लोगों के समक्ष जो काम पहुंचा है उसी की वीडियो डाली गई है।

### भगवान राम से की केजरीवाल की तुलना

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि रघुकुल रीति सदा चलि आई प्राण जाए पर वचन न जाई। इससे प्रेरणा लेकर अरविंद केजरीवाल पिछले नौ साल से काम में लगे हैं। भगवान श्रीराम ने 14 साल वन में रहकर अपना वचन निभाया। अरविंद केजरीवाल भी संघर्ष कर रहे हैं। आज झूठे मुकदमे में उन्हें फंसाया गया है। वह जेल से संदेश भेजते हैं कि दिल्ली में स्कूल, पानी, बिजली आदि की व्यवस्था ठीक रखें। वह यह नहीं कहते है उन्हें बाहर निकालने के लिए काम करो। क्योंकि दिल्ली को वह अपना परिवार मानते है। आपका रामराज्य वेबसाइट पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहीदों के सम्मान आदि के लिए दिल्ली और पंजाब में जो काम किया है।

# सबसे कम उम्र में सबसे अधिक भ्रष्टाचार करने वाली पार्टी आप : वीरेंद्र

## रामराज्य नामक वेबसाइट जारी करने पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) से पूछा है कि उनका यह कैसा राम राज्य है, जहां धार्मिक स्थलों के पास शराब की दुकानें खोली जा रही है। स्कूलों के नाम पर घोटाले हो रहे हैं। देश की राजधानी दिल्ली में शराब की बिक्री को बढ़ावा दिया जाता है। दरअसल, आम आदमी पार्टी का कहना है कि दिल्ली और पंजाब में उनकी सरकार रामराज्य से प्रेरित होकर काम कर रही है।

आम आदमी पार्टी ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए आप का रामराज्य नामक वेबसाइट भी लॉन्च की। आप का कहना है कि इस वेबसाइट के अंदर रामराज्य के सपने को पूरा करने के लिए अरविंद केजरीवाल के 10 सिद्धांत हैं। दिल्ली में पिछले 9 सालों और पंजाब में दो सालों के दौरान जनहित में किए गए सारे कामों की विस्तृत जानकारी वीडियो और कंटेंट के माध्यम से वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसे कोई भी देख सकेगा। वेबसाइट लॉन्च करते हुए 'आप' के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के रामराज्य की अवधारणा में कोई भेदभाव और छोटा-बड़ा नहीं है, सिर्फ जनता के हित में काम करने का विचार है। इसके जवाब में भाजपा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि संजय सिंह किस तरह के राम राज्य की बात कर रहे हैं। उनका यह कैसा राम राज्य है, जहां पर धार्मिक स्थलों के साथ-साथ शराब की नई दुकानें खोली जा रही हैं। स्कूल में नई कक्षाओं के नाम पर घोटाले हो रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में नकली दवाएं दी जा रही हैं।

सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी सबसे कम उम्र में सबसे अधिक भ्रष्टाचार करने वाली पार्टी बन गई है। ये रामराज्य की बात करते हैं, लेकिन आम आदमी पार्टी बताए कि यह कौन सा रामराज्य है, जहां एक के साथ एक शराब की बोतल फ्री बांटी जाती है।

## सार संक्षेप

### ईट्रेड ने एआई की मदद से लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन बेहतर बनाई

**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख ई-कॉमर्स एग्रीगेटर ईट्रेड ने अपने सेलर पार्टनरों का कारोबार बढ़ाने के लिए एआई की मदद से लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन को मजबूत बनाया है। आज कंपनी के सेलर पार्टनर 24-48 घंटों के भीतर पूरे भारत में 20,000 पिन कोड तक डिलीवरी करने में सक्षम हैं क्योंकि ईट्रेड ने टेक्नोलॉजी आधारित समाधानों से सप्लाई चेन बेहतर बनाया है। ऐसे समाधानों का सेलर पार्टनरों को निरंतर लाभ होगा। ईट्रेड के फाउंडर अनुज भाटिया ने कहा कि सेलरों और ई-कॉमर्स एग्रीगेटरों को महीनों और वर्षों का समय लग जाता है तब वे अपने ब्रांड से लोगों का जुड़ाव और ग्राहकों का भरोसा जीत पाते हैं। उनकी मुख्य क्षमता इस ब्रांड इक्विटी को बनाए रखना है। लेकिन आज की प्रतिस्पर्धा में ई-कॉमर्स में सफल होने के लिए बेहद सक्षम सप्लाई चेन होना भी अनिवार्य है। उन्हें ई-ट्रेड एआई की मदद से पूर्वानुमान, इन्वेंट्री प्रबंधन और प्लेसमेंट संबंधी समाधान देती है उनका कारोबार बढ़े और वे बेहतर निर्णय लेते रहें। इसलिए हमारे पार्टनर 25-60 प्रतिशत कारोबार बढ़ने की बात करते हैं और वह भी कम समय में।

### ब्रिजस्टोन इंडिया ने प्रीमियम यात्री वाहनों के लिए नया प्रीमियम टायर पेश किया

**नई दिल्ली।** नई डॉल ब्रिजस्टोन इंडिया ने आज यात्री वाहन के लिए ब्रिजस्टोन तुरंज टुरान्ज़ा 6 आई टायर लॉन्च किया। टुरान्ज़ा 6 आई पैसेंजर रेडियल व्यवसाय में पहले घोषित विस्तार का परिणाम है। यह टायर विशेष रूप से भारतीय सड़कों के लिए विकसित किया गया है, जो बेहतर ईंधन दक्षता और टिकाऊपन के साथ प्रीमियम आरामदायक सवारी अनुभव प्रदान करता है, जो इसे ब्रिजस्टोन की ओर से एक संपूर्ण प्रीमियम पेशकश बनाता है। ब्रिजस्टोन टुरान्ज़ा 6 आई 14 इंच से 20 इंच तक के 36 एसकेयू में उपलब्ध है। यह एसयूवी, सेडान, हैचबैक और सीयूवी को कवर करने वाले प्रीमियम वाहनों के लिए है। इस नए प्रीमियम टायर का लॉन्च सरकार की मेक इन इंडिया पहल के प्रति ब्रिजस्टोन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। ब्रिजस्टोन इंडिया के प्रबंध निदेशक हिरोशी योशिज़ेन ने कहा। उत्पाद डिजाइन में शामिल ब्रिजस्टोन की एनलिटन तकनीक हमें बाजार की बढ़ती नई जरूरतों के अनुसार प्रीमियम राइडिंग कम्फर्ट का एक अद्वितीय मूल्य प्रस्ताव प्रदान करने में सक्षम बनाती है।

### लोहिया वर्ल्ड स्पेस ने रियल एस्टेट बिजनेस में रखा कदम

**नई दिल्ली।** रामनवमी के पवित्र मौके पर, भूमि पूजन के साथ लोहिया वर्ल्ड स्पेस ने रियल एस्टेट बिजनेस की घोषणा की। लोहिया ग्लोबल एंटरप्राइज के इस नए रियल एस्टेट वेंचर लोहिया वर्ल्ड स्पेस का नेतृत्व पीयूष लोहिया करेंगे। एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी से सप्लाई चेन मैनेजमेंट और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में ग्रेजुएट, पीयूष की मुख्य खासियत एकेडमिक नॉलेज को प्रेक्टिकल लीडरशिप के साथ जोड़ना रही है और पिछले कई वर्षों से वह लोहिया के अन्य व्यवसायों में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# महिला सशक्तिकरण के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग पहल की शुरुआत

**एपीएल अपोलो फाउंडेशन ने बढ़ाए कदम**

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। एपीएल अपोलो ग्रुप की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी ब्रांच एपीएल अपोलो फाउंडेशन ने पिछले साल महिला सशक्तिकरण के लिए अपने प्रमुख कार्यक्रम तेजस्विनी के तहत प्रोजेक्ट आरोही लॉन्च किया था। अब इस साल प्रोजेक्ट आरोही के दूसरे चरण में अपोलो मेटालेक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा समर्थित प्रोजेक्ट आरोही के तहत पूर्वी दिल्ली के स्लम क्षेत्रों में वंचित समुदायों की 70 से ज्यादा लड़कियों, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद करने के लिए ब्यूटीशियन बिजनेस और ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट में वोकेशनल ट्रेनिंग प्रदान किया जायेगा। ट्रेनिंग पीरियड को 4.5 से 6 महीने तक बैच के हिसाब से तैयार किया गया है क्योंकि इस दूसरे चरण में प्रोजेक्ट आरोही के पाठ्यक्रम को बुनियादी स्तर पर अतिरिक्त ट्रेनिंग के साथ एडवांस बनाया गया गया है। इसके अलावा ब्यूटी और वेलनेस इंडस्ट्री में उन्नति के आधार पर कई नए एडवांस्ड कोर्स भी तैयार किए गए हैं। ये कोर्स सामुदायिक स्तर पर मूल्यांकन करके और बाजार की मांग को देखकर ऐसी महिलाओं के लिए तैयार किये गए हैं जो वेतन कमाने यानी नौकरी करने और खुद का बिजनेस करने की मंशा रखती हैं। ट्रेनिंग लेने वाली इन महिलाओं को काम का असली अनुभव प्रदान करने के लिए एक प्रोफेसनल ब्यूटी पार्लर सेट-अप आरोही सेंटर की भी शुरुआत की गई है। एपीएल अपोलो फाउंडेशन की डायरेक्टर नीरा गुप्ता ने इस बारें में कहा कि महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए विकास पहलों और सामुदायिक आउटरीच प्रयासों के माध्यम से समावेशी विकास को बढ़ावा देना एपीएल अपोलो फाउंडेशन के लिए एक प्रमुख प्राथमिकता रही है।

# गली-मोहल्लों में मतदाताओं से सम्पर्क करेंगे कार्यकर्ता : लवली

## महंगाई, बेरोजगारी व आर्थिक संकट त्रस्त जनता अब चाहती है परिवर्तन



**पिछले दस वर्षों में भाजपा सांसदों ने कोई काम नहीं किया, जिसके कारण दिल्ली के 7 में 6 उम्मीदवार बदल दिए हैं : अरविंदर सिंह**

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार को गति देने के मद्देनजर चर्चा और नई रूपरेखा तैयार करने के लिए बुधवार को कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में इंडिया गठबंधन के समझौते के तहत कांग्रेस की तीनों लोकसभा सीटों पर पार्टी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री हारुन यूसुफ, राजकुमार चौहान, पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, निगम प्रभारी जितेन्द्र कुमार कोचर और वरिष्ठ नेता चत्तर सिंह मौजूद थे। बैठक के दौरान अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जहां लोग तानाशाही के माहौल से परेशान हैं वहीं लोग रिकॉर्ड तोड़ बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से अधिक परेशान हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है कि उन्होंने जनता के लिए कुछ नहीं किया इसलिए भाजपा हर पांच साल में अपने लोकसभा उम्मीदवार बदल देती है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा सांसदों ने कोई काम नहीं किया जिसके कारण दिल्ली के 7 में 6 उम्मीदवार बदल दिए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें नकार रही है, जिसका सबूत भाजपा की जनसभाओं में अधिकतर कुर्सियां खाली पड़ी होती हैं।

### देशभर में अपने झूठ का भ्रम फैलाना चाहती है भाजपा

कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि रिकॉर्ड तोड़ महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी और आर्थिक संकट के से जूझ रही जनता अब परिवर्तन चाहती है। झूठे वायदे और जुमले देने वाली भाजपा देशभर में अपने झूठ का भ्रम फैलाना चाहती है, जबकि वास्तविकता उन्हें मालूम है। इसी कारण वो सरकारी एजेंसियों पर अनाधिकृत अतिक्रमण करके मनमर्जी से संचालन कर रहे ताकि विपक्षी पार्टियों को हताश और परेशान किया जा सके।

### राजधानी में भाजपा सांसदों ने जनता को किया निराश

कांग्रेस दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सांसदों ने जनता को निराश किया है। भाजपा सांसद पूरे कार्यकाल में नदारद थे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी दिल्ली में सभी सातों सीटों पर इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ मिलकर सांझा चुनाव प्रचार करेंगे।

उन्होंने कहा कि जनता बदलाव चाहती है और प्रत्येक लोकसभा के प्रत्येक बूथ, गली, मोहल्ले और नुक्कड़ों पर लोगों से संपर्क साधने की रुपरेखा तैयार कर रहे हैं।

# ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज ने फोटोग्राफी प्रदर्शनी का किया आयोजन

## कार्यक्रम में 20 से अधिक कॉलेजों के 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया



**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, द्वारका में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा नोवा फोटोग्राफी प्रदर्शन पिक्सक्लूसिव 9.0 का आयोजन किया। इस वार्षिक उत्सव पिक्सक्लूसिव 9.0 में डॉ.आशीष कौल, सीईओ-हीरो, रिंकू बिष्ट, कंटेंट क्रेटर, दीपांशु सहगल, कंटेंट क्रेटर, सुन्दरम सिंह राजपूत, कंटेंट क्रेटर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे है। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक प्रो.डॉ. आशुतोष अग्रवाल द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई, जिसमें उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया गया। साथ ही विभिन्न-विभिन्न राज्य और महाविद्यालय से आए हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में 20 से अधिक कॉलेजों के 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में छात्रों ने प्रदर्शनी देखने के अलावा ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता, ऑन द स्पॉट लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता, ऑन द स्पॉट फोटोग्राफी प्रतियोगिता, ऑनलाइन रील मे किंग प्रतियोगिता सहित विभिन्न विविध प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धी भावना के साथ भाग लिया। जिसके बाद सभी आयोजनों का मूल्यांकन उद्योग जगत के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा किया गया। अध्यक्ष, डॉ. आर. के. टंडन, केद्वारा सभा में उपस्थित अतिथियों का हार्दिक अभिनन्दन किया और फ्रेम्स सोसाइटीको कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। अध्यक्ष, डॉ.आर. के. टंडन, केद्वारा मुख्या अतिथि डॉ.आशीष कौल को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। डॉ.रीमा टंडन उपाध्यक्ष, टिप्स द्वारा दीपांशु सहगल को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। निदेशक प्रोफेसर डॉ. आशुतोष अग्रवाल द्वारा अध्यक्ष डॉ. आर. के. टंडनको स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।

# विस्थापित कश्मीरी पंडितों के लिए बनेंगे चार मतदान केंद्र

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। वर्षों से अपने मूल निवास से दूर विस्थापन की जिंदगी जी रहे कश्मीरी पंडितों को मतदान के लिए दिल्ली में चार विशेष पोलिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके जरिए वे अपने मूल निवास के संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार को वोट दे सकेंगे।

इस संबंध में चुनाव आयोग ने हाल ही में अधिसूचना जारी की है। दिल्ली में कश्मीरी पंडितों की संख्या करीब साठ हजार है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से विस्थापित कश्मीरी पंडितों का मतदान कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों को कहा गया है। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि विस्थापित कश्मीरी पंडितों के मतदान के लिए जम्मू में 21, उधमपुर में एक और दिल्ली में चार विशेष पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं।

# यूट्यूबर ने छलांग लगाकर दी जान

## मुखर्जी नगर में पिछले दस साल से रह रही थी युवती

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के मुखर्जी नगर में एक पीजी की दूसरी मंजिल से कूदकर महिला यूट्यूबर ने जान दे दी। घटना बुधवार तड़के की है। मृतका की शिनाख्त 29 वर्षीय स्वाति के तौर पर हुई है। वह मुखर्जी नगर इलाके में बीते 10 वर्ष से रह रही थी। पुलिस खुदकुशी की वजहों का पता लगा रही है। पुलिस प्रत्यक्षदर्शी और दोस्तों से पूछताछ कर रही है। युवती, उत्तर प्रदेश के मेरठ के आलमगीरपुर स्थित बढ़ला गांव की रहने वाली थी। घटना के समय पीजी के कमरे में स्वाति के साथ उसकी दोस्त प्रियम मौजूद थी। पुलिस प्रियम के अलावा अन्य दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि चार महीने पहले स्वाति ने पीजी में कमरा किराये पर लिया था। पीजी मालिक को स्वाति ने बताया था कि उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है, अब वह एक यूट्यूबर है।


यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अच्छेजा बुजुर्ग में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 582/एस0टी0 एम0डी0एम0/2018 दिनांक 15.02.2018 स्व0 श्री मामचन्द पुत्र स्व0 श्री सुक्खी, नि0 ग्राम अच्छेजा बुजुर्ग, तहसील व जिला गौतबुद्धनगर की मृत्यू दिनांक 04.08.2012, को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है–

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अच्छेजा बुजुर्ग | 463 | श्री मामचन्द पुत्र स्व0 श्री सुक्खी, नि0 ग्राम अच्छेजा बुजुर्ग, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री प्रकाश सिंह | पुत्र | 57 वर्ष | |
| | | | श्री राज सिंह | पुत्र | 52 वर्ष | |
| | | | श्री कन्हैया | पुत्र | 47 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण


# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर रखी मांग

**अभियान** गिरनार पर्वत के सुरक्षित दर्शन को पीएम को लिखे जाएंगे पत्र

■ दिल्ली में विश्व श्रमण संस्कृति श्रीसंघ ने की अभियान की शुरुआत
■ गिरनार पर सुरक्षित दर्शन पूजन के लिए करें आग्रह : सुदीप



नई दिल्ली, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली में विश्व श्रमण संस्कृति श्रीसंघ ने एक अभियान की शुरुआत की जिसके तहत जैन तीर्थ स्थल गिरनार पर्वत के सुरक्षित दर्शन के लिए पीएम को पत्र लिखे जाएंगे। जैन जन की बाती, पीएम को पाती नामक इस अभियान की शुरुआत दिल्ली से की गई। श्रीसंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुदीप जैन ने बताया कि अभियान के तहत हम जैन अनुयायियों से ही नहीं, बल्कि जन-जन से यह आह्वान करते हैं कि सभी लोग मोदी को पत्र भेजकर गिरनार पर्वत पर जैन अनुयायियों के सुरक्षित दर्शन पूजन को आग्रह करें।

उन्होंने कहा कि गिरनार पर्वत पर सदियों से जैन श्रद्धालु पूजन-अर्चन के लिए जाते रहे हैं, लेकिन पिछले 20 वर्षों से वहां अतिक्रमणकारियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके संदर्भ में उच्च न्यायालय, गुजरात द्वारा 17 फरवरी, 2005 को जारी अपने आदेशों में अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने, पांचवीं टोंक से चौथी टोंक के बीच पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे लगाने, पांचवीं टोंक पर किसी के भी ठहरने की अनुमति न देने यात्रियों का पंजीकरण और अंतिम फैसला होने तक दोनों मतावलंबियों को अपने-अपने मतानुसार पूजन का अधिकार रहेगा। जैन ने आगे कहा कि जैन धर्म को नष्ट करने का षड्यंत्र रचने वाली कुछ शक्तियों के दबाव में आज तक इन आदेशों का अनुपालन नहीं कराया जा रहा। गिरनार पर्वत पर पूजन करने के वालों के साथ अभद्रता की जाती है। भारत सरकार और गुजरात सरकार से अनुरोध है कि इस दिन मोक्ष स्थली गिरनार पर्वत पर निर्वाण लाडू चढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराए जाएं।


यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अट्टा गुजरान में उप जिलाधिकारी सदर में प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 293/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 05.04.2024 मृतक स्व0 श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व0 श्री पीतम ग्राम अट्टा गुजरान परगना व तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक: 06.02.2024 को हो चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है–

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अट्टा गुजरान | 162 | स्व0 श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व0 श्री पीतम ग्राम अट्टा गुजरान परगना व तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर | श्री प्रदीप | पुत्र | 30 वर्ष | |
| | | | श्री सोनू | पुत्र | 28 वर्ष | |
| | | | श्रीमती सोनिका | पुत्री | 26 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

ना0 तहसीलदार

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में प्रतिदिन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर पुन्हा उपचारित जल को शहर हित में उपयोग में लाया जा रहा है जिस पेड़ पौधों में पानी का छिड़काव किया जाता है। इसी पुन: उपचारित जल से वायु गुणवत्ता सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों में भी इस्तेमाल किया जाता है। पानी का छिड़काव कराया जाता है इस प्रकार शहर को वाटर प्लस सिटी बनाने के लिए कार्य जोरों से चल रहा है जिसके लिए समय-समय पर विभागीय बैठक भी चल रही है : **कामाख्या प्रसाद आनंद, महाप्रबंधक जल**

गाजियाबाद नगर निगम के वाटर प्लस सिटी की ओर बढ़ते कदम

## ओडीएफ प्लस प्लस से वाटर प्लस सिटी बनेगा गाजियाबाद : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा गाजियाबाद शहर को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वाटर प्लस सिटी बनाने का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है, जिसके लिए जलकल विभाग तथा उद्यान विभाग को विशेष कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उसी क्रम में धरातल पर कार्रवाई भी नजर आ रही है। शहर के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर रीसायकल होने वाले जल का इस्तेमाल ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लगे हुए पौधों की सिंचाई में किया जा रहा है तथा वॉटर स्प्रिंकलर में भी सड़कों के छिड़काव के लिए इसी जल का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिससे न केवल ट्रीटमेंट हुए पानी का सदुपयोग हो रहा है बल्कि शहर हित में एक बेहतर कार्य करते हुए एसबीएम के क्रम में गाजियाबाद की रैंक को बढ़ाने के



कार्य पर भी तैयारी चल रही है।

महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में प्रतिदिन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर पुन्हा उपचारित जल को

- शहर की रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान में जुटा है निगम
- शहर को अच्छे मुकाम पर पहुंचाने के लिए कर रहा कड़ी मेहनत

रिसायकल होने वाले जल का इस्तेमाल ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज व अन्य स्थानों पर लगे हुए पौधों की सिंचाई में किया जा रहा है : **विक्रमादित्य सिंह**

शहर हित में उपयोग में लाया जा रहा है जिस पेड़ पौधों में पानी का छिड़काव किया जाता है। इसी पुन: उपचारित जल से वायु गुणवत्ता सुधार के लिए किया जा रहे कार्यों में भी इस्तेमाल किया जाता है। पानी का छिड़काव कराया जाता है इस प्रकार शहर को वाटर प्लस सिटी बनाने के लिए कार्य जोरों से चल रहा है जिसके लिए समय-समय पर विभागीय बैठक भी चल रही है। उद्यान विभाग के साथ समन्वय कार्रवाई तेज की जा रही है।

गाजियाबाद नगर निगम जहां शहर की रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान में जुटा हुआ है। वहीं दूसरी ओर शहर को एक अच्छे मुकाम पर बनाने के लिए भी कड़ी मेहनत कर रहा है स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इसी क्रम को बनाए रखने के लिए ओडीएफ प्लस प्लस से वाटर प्लस सिटी बनाने के लिए भी एस बी एम टीम कार्य कर रही है। नगर आयुक्त द्वारा विशेष मॉनिटरिंग के लिए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज तथा महाप्रबंधक जल को विशेष निर्देश दिए हैं।

## 49 साल का हुआ नोएडा, हवन पूजन कर मनाया स्थापना दिवस

**नोएडा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की ओर से इस बार सादगी से साथ अपना स्थापना दिवस मनाया गया। 17 अप्रैल 1976 को नोएडा की स्थापना की गई। इसे इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित किया गया। आज नोएडा अपना 49 स्थापना दिवस मना रहा है। हालांकि आचार संहिता लगे होने से कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया। प्राधिकरण अधिकारियों ने नोएडा के सेक्टर-6 स्थित प्रशासनिक खंड के कार्यालय में हवन पूजन किया। इसके बाद मिष्ठान वितरण कर स्थापना दिवस मनाया। ऐसा दूसरी बार है कि नोएडा स्थापना दिवस पर बड़े कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए। इससे पहले कोरोना कॉल में स्थापना दिवस पर कोई कार्यक्रम नहीं हुए थे। विगत वर्ष तीन दिवसीय कार्यक्रम हुए थे। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, पार्श्व गायक, बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता




- आचार संहिता लगने के कारण, नहीं हुए कार्यक्रम
- इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित किया गया नोएडा
- प्राधिकरण अधिकारियों ने ली मतदान करने की शपथ

हुई थी। ये सभी कार्यक्रम नोएडा स्टेडियम में होते थे। इस बार सिर्फ हवन पूजन किया गया। हवन के बाद प्राधिकरण अधिकारियों ने मतदान करने की शपथ ली। साथ ही नोएडा वासियों से अपील की कि वे भी 26 अप्रैल को घर से बाहर निकले और मतदान करे। इस दौरान शहर को साफ सुथरा रखने की शपथ भी ली गई। प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री के साथ प्राधिकरण के ओएसडी और डीजीएम और सर्किल अधिकारी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### मामूली विवाद में दुकानदार समेत दो को पीटा

**नोएडा।** असगरपुर गांव स्थित दुकान के बाहर एक व्यक्ति ने दुकानदार समेत दो लोगों को पीटकर घायल कर दिया। घायल व्यक्ति की शिकायत पर सेक्टर-126 पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में असगरपुर निवासी सोनू ने बताया कि बीते दिनों शाम को जब वह अपनी दुकान पर बैठा था। तभी गांव का रईस खान वहां पहुंचा और बिना किसी विवाद के गाली गलौज करनी शुरू कर दी। सोनू ने उसे रोकना चाहा तो वह हाथापाई करते हुए मारपीट पर उतर आया। बीच बचाव करने आई महिला के साथ भी आरोपी ने मारपीट की। घायलों का शोर सुनकर अन्य लोग जब घटनास्थल पर एकत्र होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### मीडियाकर्मी का पर्स व मोबाइल चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-55 से चोर मीडियाकर्मी का लैपटॉप, मोबाइल और पर्स समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर-58 पुलिस से की है। शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वह फिल्म सिटी स्थित एक मीडिया संस्थान में कार्यरत है। 12 अप्रैल को चोर उसका मोबाइल, ऑफिस का लैपटॉप, दस्तावेज समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। चोरी कैसे हुई पुलिस इसकी जानकारी जुटा रही है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**नोएडा।** सेक्टर-71 अंडरपास के पास शराब के नशे में धुत बाइक सवार ने साइकिल से जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मारकर घायल कर दिया। आरोपी चालक भी हादसे में घायल हो गया। घायल बुजुर्ग के बेटे ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में फेज तीन थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-122 के ए ब्लॉक निवासी मोहम्मद शकील अंसारी ने बताया कि 14 अप्रैल को उसे फोन पर सूचना मिली कि उसके पिता इसराइल को अंडरपास के पास शराब के नशे में धुत बाइक सवार ने टक्कर मार दी है। इसराइल और बाइक सवार युवक दोनों गंभीर रूप से घायल हैं और सड़क पर पड़े हुए हैं। शिकायतकर्ता इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचा और अपने पिता और बाइक सवार युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### निवेश में बेहतर रिटर्न का झांसा देकर ठगे 43.50 लाख

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश करके बेहतर रिटर्न दिलाने का झांसा देकर सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी से 43.50 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित को जब ठगी का अहसास हुआ तो साइबर अपराध थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-50 के अजय कुमार श्रीवास्तव ने दर्ज कराई एफआइआर में बताया कि पिछले दिनों उनके पास वाट्सएप पर एक मैसेज आया।

## चैलेंजर्स ग्रुप चला रहा नुक्कड़ नाटक से मतदान जागरूकता अभियान

**नोएडा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। चैलेंजर्स ग्रुप द्वारा आगमी लोकसभा का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नोएडा स्थित सेक्टर 12-22, 21, 62 के विभिन्न स्थानों पर रोशनी कुमारी के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मताधिकार के महत्व को समझाते हुए पोस्टर, स्लोगन जैसे : मेरा वोट मेरी सरकार, नशे से न नोट से देश बदलेगा वोट से, वोट फॉर नेशन आदि जैसे नारों से जनता को जागरूक कर संदेश पहुंचाया जा रहा है।




चैलेंजर्स ग्रुप के संस्थापक प्रिंस शर्मा ने कहा कि नुक्कड़ नाटक को प्रस्तुत करने का उद्देश्य न केवल मतदान प्रतिशत को बढाना है बल्कि एन.वी.एस.पी., वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन ऐप पर निर्वाचन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा कर ऐप के माध्यम से वोटर बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने हेतु प्रेरित करना है।

## पुलिस पर गोली चलाने वाला लुटेरा गिरफ्तार, घायल

**गाजियाबाद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। थाना इंदिरापुरम पुलिस ने बुधवार को मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से एक तमंचा,एक खोखा कारतूस व लूट का एक मंगलसूत्र तथा लूट के माल को बेचकर प्राप्त पांच हजार रुपए बरामद किए गए हैं।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना इंदिरापुरम के ज्ञान खंड क्षेत्र में एक महिला के साथ रील बनाते हुए लूट की वारदात हुई थी। पुलिस ने मंगलवार को विवेक उर्फ राजू उर्फ काके निवासी पुरानी अनार कली थाना जगतपुरी पूर्वी दिल्ली को कश्मीरी गेट रेलवे स्टेशन दिल्ली के पास गिरफ्तार किया गया । उससे बताया कि घटना के बाद तमंचा रास्ते में छिपा दिया गया था । जिसकी निशानदेही पर थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम तमंचे की बरामदगी के लिए कनावनी पुलिया की ओर नहर की पटरी पर पहुंची तो आरोपी ने गाड़ी



- बदमाश ने महिला के साथ की थी लूट
- तमंचा, कारतूस, मंगलसूत्र व पांच हजार रुपए बरामद

रुकवाकर पुलिस को चकमा देकर झाड़ी से एक तमंचा निकाला और पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने की आत्मरक्षार्थ व जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त के दाएं पैर में गोली लगी ।

## तस्वीर वायरल करने की धमकी देकर रंगदारी मांगने वाले दो गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने लैपटॉप चोरी कर गोपनीय तस्वीर वायरल करने की धमकी देकर 20 लाख रुपए की रंगदारी मांगने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 02 लैपटॉप (कम्पनी माइक्रो बुक (लैपटॉप) एसीईआर रंग काला व लैपटाप डैल रंग लाल व काला), 01 चार्जर 01 वेबकैम कैमरा व 03 मोबाइल 5 फोन बरामद किया है। एसीपी शालीमार गार्डन ने बताया कि एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरा लैपटॉप जिसमें मेरी गोपनीय तस्वीरे थी वह नवंबर माह में मेरे ऑफिस से चोरी हो गया था। 21मार्च को अनजान नंबर से मेरे व्हाट्सएप नंबर पर मेरी गोपनीय तस्वीरे भेजी गई और 20 लाख रुपए की मांग करते हुए रुपए न देने पर तस्वीरे वायरल करने की धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर थाना शालीमार गार्डन पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर टीमों का गठन किया गया। मैनुअल इनपुट, सीसीटीवी फुटेज की साहयता से एवं जांच के दौरान आजाद सिंह पता गांव जरार तहसील बाह थाना बाह आगरा व अंकितइन्द्र पब्लिक स्कूल पसौंडा शालीमार गार्डन गाजियाबाद उम्र 22 वर्ष को डीएवी कट शालीमार गार्डन से गिरफ्तार किया है।



- बदमाश के कब्जे से 2 लैपटॉप, चार्जर, कैमरा व मोबाइल फोन बरामद

## एलिवेटेड रोड की मरम्मत का पहले फेज का काम पूरा

- आज से एनटीपीसी से सेक्टर-61 पर होगा काम
- यातायात पुलिस ने जारी किया प्लान

**नोएडा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। एलिवेटेड रोड की मरम्मत का पहले फेज का काम बुधवार शाम तक पूरा हो जाएगा। ऐसे में बुधवार शाम या गुरुवार सुबह से सेक्टर-18 से 31-25 लूप तक एलिवेटेड रोड पर ट्रैफिक चल सकेगा। रात को मैस्टिक का काम होने के कारण ट्रैफिक बंद रखा जाएगा। अब दूसरे चरण में प्राधिकरण सेक्टर-24 एनटीपीसी के सामने से सेक्टर-61 की ओर काम करेगा। एलिवेटेड रोड की मरम्मत का पहले चरण का काम सात अप्रैल को शाम चार बजे शुरू हुआ था। पहले चरण में सेक्टर-18 से 31-25 लूप तक करीब तीन किलोमीटर हिस्से में एलिवेटेड रोड को उखाड़ने का काम पूरा कर लिया गया है। मंगलवार शाम

दूसरे चरण में सेक्टर-24 से 61 की ओर काम होने पर इस हिस्से में वाहनों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा : **अनिल कुमार**

तक करीब दो किलोमीटर हिस्से में बिटुमिन डालने का काम पूरा कर लिया गया। बुधवार शाम तक पूरे तीन किलोमीटर हिस्से में बिटुमिन डालने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

इसके बाद दूसरे चरण में मैस्टिक का काम होना है, लेकिन यह काम रात में किया जाएगा। ऐसे में दिन में ट्रैफिक चलाया जा सकता है। इसको लेकर यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव का कहना है कि दूसरे चरण में सेक्टर-24 से 61 की ओर काम होने पर इस हिस्से में वाहनों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा।

सेक्टर-18 की तरफ से लोग एलिवेटेड रोड पर चढ़ सकेंगे। यहां से सेक्टर-61 की ओर जाने वाले वाहनों को सेक्टर-31-25 लूप पर उतरना होगा। इसके बाद सीधे एनटीपीसी चौक, सेक्टर-53 गिझौड़ चौराहा होते हुए गंतव्य को जा सकते हैं। एनटीपीसी अंडरपास के ऊपर से गिझौड़ चौराहे तक जाम लगने पर वाहनों को एनटीपीसी अंडरपास से लेफ्ट टर्न करा एडोब चौराहा होकर भेजा जाएगा। इसी तरह गिझौड़ चौराहे से यूफ्लेक्स कंपनी तक जाम लगने पर गिझौड़ चौराहे से सीधे हाथ पर होशियारपुर की तरफ ट्रैफिक निकाला जाएगा। यहां से सेक्टर-61 की ओर जा सकेंगे।

## शोध कार्यों को रेखांकित करते हुए राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**ग्रेटर नोएडा**, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बेसिक साइंस एवं रिसर्च ने अंत:विषय विज्ञान में समकालीन प्रगति विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन हुआ। स्कूल के डीन प्रोफेसर श्यामल कुमार बनर्जी ने सभी अतिथियों व स्पीकर्स का स्वागत किया व अपने संबोधन में स्कूल के विभिन्न विभागों की तरफसे किए जा रहे शोध कार्यों को रेखांकित किया। करीब 150 से अधिक छात्र छात्राओं ने पंजीकरण कराया। जिन्होंने तीन दिनों तक चली इस राष्ट्रीय गोष्ठी में फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, लाइफ साइंस व एनवायर्नमेंटल साइंस विषयों पर विद्यार्थियों ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सिबाराम खारा ने कहा कि यह समय बहुआयामी और बहुविषयक शोध कार्यों का है।

भारत के वैज्ञानिकों में विज्ञान के नए द्वार खोलने की पूरी क्षमता है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने अभी हाल ही में भारतीय संस्कृति



वैश्विक केंद्र की स्थापना की है। जिसका उद्देश्य भारत की पुरातन ज्ञान परम्परा को समृद्ध करना है। सम्मेलन में मुख्य वक्ता नेशनल कॉउंसिल फॉर सीमेंट एण्ड बिल्डिंग मैटेरियल्स, बल्लभगढ़ के डायरेक्टर जनरल डॉ. एलपी सिंह अपने उद्बोधन में जलवायु परिवर्तन व ग्रीनहाउस इफेक्ट्स पर अपने विचार रखे। उन्होंने सीमेंट इंडस्ट्री में निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड गैस के उत्सर्जन को कम करने की तकनीक को साझा किया। दिल्ली विवि के डिपार्टमेंट ऑफ प्लांट मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के डॉ. सौरभ रघुवंशी ने अपने लेक्चर में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बायोइन्फरमेटिक्स विषय पर गहनता से चर्चा की। इस अवसर पर डॉ सत्यवदा राव, डॉ. एन. बी. सिंह, डॉ. आर.सी. कोहाड़, डॉ. विनोद जोशी, डॉ खुर्शीद आलम, डॉ संतोष कुमार मिश्रा, डॉ अनुपम अग्रवाल, डॉ पन्नाला, डॉ मोहित साहनी, डॉ पी.के.सिंह, डॉ विनीता, डॉ शशांक शर्मा, डॉ रश्मि, डॉ विकास दत्त, व सरिता आदि उपस्थित रहे।

ठगी | *कंपनी के नाम का दुरुपयोग करने व धमकी देने का आरोप*

## आरोपी महिला ने यूके, फ्रांस व स्पेन में गैरकानूनी तरीके से खोली कंपनी

**नोएडा, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा निवासी एक व्यक्ति ने महिला पर उसके और उसकी कंपनी के नाम का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के मुताबिक उनके नाम से आरोपी महिला ने यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस और स्पेन में गैरकानूनी तरीके से कंपनी खोली है। जिसकी वजह से उनको भारी क्षति हो रही है। इसको लेकर उन्होंने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई शिकायत में ग्रेटर नोएडा के कारोबारी स्वराज सिंह ने बताया कि वह पहचान की चोरी, साइबर मानहानि और साइबर उत्पीड़न के शिकार हो गए हैं।**

- पीड़ित को हो रहा भारी नुकसान
- साइबर क्राइम थाने में कराया मुकदमा दर्ज

उन्होंने ने बताया कि उनके नाम के दस्तावेजों और उनकी कंपनी के नाम से रुचि राठौड़ नाम की एक महिला ने यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस और स्पेन में गैरकानूनी तरीके कंपनी पंजीकृत कराया है। इन अनधिकृत गतिविधियों का पता चलने पर उन्होंने रुचि राठौड़ से इन कंपनियों को बंद करने और उनका नाम हटाने के लिए बार-बार अनुरोध किया। इसके बाद भी वह उनकी पहचान का दुरुपयोग करना जारी रखी हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पंजीकृत कंपनियों के बारे में मेरे विरोध के बाद रुचि राठौड़ ने मेरे पासपोर्ट की एक प्रति प्राप्त कर ली और मेरी सहमति के बिना इसे लापरवाही से विभिन्न सोशल मीडिया मंचों साझा कर रही हैं। इसके साथ ही




वह उनको बदनाम करने के इरादे से संपर्क विवरण, तस्वीरें और आंतरिक दस्तावेजों सहित कंपनी की संवेदनशील जानकारी सार्वजनिक मंचों पर शेयर कर रही हैं। पीड़ित के मुताबिक आरोपी महिला न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार के सदस्यों को भी व्हाट्सएप मैसेज और वॉयस नोट्स के जरिए धमकी दे रही है। और इंटरनेट पर उनके बारे में झूठी, बदनाम करने वाली पोस्ट कर रही है। इस घटना से उनके परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में दी गई शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है।

### प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** प्लॉट दिलाने के नाम पर महिला के साथ साढे तीन लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को सेक्टर-63 पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इलेक्ट्रॉनिक मेट्रो स्टेशन के पास से दबोचे गए आरोपी की पहचान गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी विकास सिंह के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि बीते दिनों एक महिला ने थाने में शिकायत दी थी कि विकास और उसके साथियों ने उसे प्लॉट दिलाने का वादा किया और इसके एवज में तीन लाख 50 हजार रुपये ले लिए। तय समय पर जब महिला को प्लॉट नहीं मिला तो उसने विकास को टोका। इसके बाद विकास कई महीने तक महिला को गुमराह करता रहा और अंत में उसने पैसे वापस करने से इंकार कर दिया। पुलिस विकास और उसके साथियों की तलाश कर रही थी।

## किराए पर टैक्सी चलवाने के नाम पर 3.60 लाख की ठगी

**नोएडा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। किराए पर टैक्सी चलवाकर हर महीने लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर आरोपी ने एक व्यक्ति के साथ तीन लाख 60 हजार रुपए की ठगी कर ली। कई बार कहने के बावजूद आरोपी ने जब पैसे वापस नहीं किए तो पीड़ित ने सेक्टर-58 थाने में उसके खिलाफ धोखाधड़ी समेत कुल पांच धाराओं में केस दर्ज करा दिया। सेक्टर-55 निवासी रमेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पहचान दिल्ली ईस्ट विनोद नगर के रोहित कुकरेजा से पूर्व से थी।

रोहित ने उन्हें बताया था कि वह किराए पर टैक्सी चलवाने का काम करते हैं। उनकी टैक्सी एचसीएल समेत अन्य कंपनियों और एयरपोर्ट पर चलती हैं। इससे प्रतिमाह करीब 1.5 लाख रुपए आते हैं। यह सुनकर शिकायतकर्ता ने भी किराए पर

- पीड़ित ने धोखाधड़ी समेत पांच धाराओं में केस दर्ज कराया

टैक्सी चलाने की इच्छा जताई। अक्टूबर 2023 में रोहित कुकरेजा ने बताया कि एयरपोर्ट पर किसी कंपनी को टैक्सी की जरूरत है। पैसा कमाने के चक्कर में शिकायतकर्ता झांसे में आ गया और उसने नई टैक्सी बुक कराने के लिए रोहित को एक लाख दस हजार रुपए और इससे संबंधित दस्तावेज दे दिए। इसके बाद रोहित ने उससे दो लाख 50 हजार रुपए और लिए। टैक्सी आने के बाद रोहित ने पूर्व से तय शर्तों का उल्लंघन करते हुए किसी महीने किराया नहीं दिया। जो चेक दिए भी वह बाउंस हो गए। प्रतिमाह किराया न मिलने पर जब रमेश ने रोहित ने अपने पैसे वापस मांगे तो उसने इनकार कर दिया।


उवाच "

प्रोमोटर्स को आदेश का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय मिला था, लेकिन उनका यह कृत्य जानबूझकर शियकायतकर्तागण को परेशान करने वाला तथा प्राधिकरण का समय व्यर्थ करने जैसा है, जो पूर्णतः गलत है। प्रोमोटर्स को अग्रिम सुनवाई की तिथि के पूर्व आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है : **संजय भूसरेड्डी, पीठासीन अधिकारी**




# मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिए जापान दौरे पर सरकार का प्रतिनिधि मण्डल

■ मेडिकल डिवाइस पार्क स्टाल पर विश्व प्रसिद्ध कंपनियों के प्रतिनिधियों ने किया दौरा ■ पार्क में अभी तक करीब 74 कम्पनीज को किया भूखंड आवंटित




**ग्रेटर नोएडा,** 17 अप्रैल(देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सरकार मेडिकल डिवाइसेस पार्क निर्माण के लिए नोडल एजेंसी यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-28 में 350 एकड़ में विकसित कर रही है। मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के डेलिगेशन जापान के टोक्यो शहर में आयोजित मेडटेक शो में हिस्सा लिया है। उत्तर प्रदेश सरकार के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण अनिल कुमार सागर के नेतृत्व में डॉक्टर अरुण वीर सिंह, मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण तथा सलाहकार संस्था के प्रतिनिधियों ने जापान में 17 अप्रैल से 20 अप्रैल 2024 तक आयोजित इस विश्व प्रसिद्ध में मेडटेक में प्रतिभाग किया है। इस आयोजन के पहले दिन मेडिकल डिवाइस पार्क के स्टॉल पर जापान की प्रतिष्ठित एवं विश्व प्रसिद्ध कंपनियों के प्रतिनिधियों ने दौरा किया तथा मेडिकल डिवाइसेस पार्क के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। शासन व प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस मेडिकल डिवाइसेज पार्क की विशेषताओं एवं उत्तर प्रदेश सरकार या भारत सरकार द्वारा दिए जा रहे हैं इन्सेंटिव आदि के संबंध में आगंतुकों को अवगत कराया गया।

बुधवार को प्राधिकरण के स्टॉल पर जापान की महत्वपूर्ण कंपनियों व संगठनों के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें पॉश वेलनेस लेबोरेटरी इंक, शिमाने यूनिवर्सिटी फैकल्टी ऑफ मेडिसिन, आपातकालीन एवं गंभीर देखभाल विभाग, मेडिसिन, मैनीज ग्रुप कंपनी लिमिटेड, सोसाकु मेडिकल, जापान फेडरेशन ऑफ मेडिकल डिवाइसेज एसोसिएशन, सिलिकॉन वैली वेंचर, बी डॉट मेडिकल इंक, इंटरनेशनल मेडिकल केयर एक्सचेंज एसोसिएशन और. टोयोटा फॉर्म। उल्लेखनीय हैं कि भारत सरकार के सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार की नोडल एजेंसी यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा अपने सेक्टर नोएडा



इंटरनेशनल एअरपोर्ट के समीप सेक्टर-28 में विकसित किए जा रहे हैं। मेडिकल डिवाइस पार्क में अभी तक करीब 74 कम्पनीज को भूखंड आवंटित किया जा चुके हैं। इन आवंटनों से प्राधिकरण में करीब रुपए 1415.24 करोड़ का निवेश प्राप्त हुआ है तथा उत्तर प्रदेश में 8,895 रोजगारों का सृजन हुआ है।

## आदर्श आचार संहिता का पालन करने के लिए उड़न दस्ता व एसएसटी कर रही है जांच




**ग्रेटर नोएडा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जिले में उड़न दस्ते (एफएस टी) एवं स्थिर जांच दल (एस एस टी) का गठन किया गया है। जिले में उड़न दस्ते एवं स्थिर जांच दल (एस एस टी) द्वारा अवैध रूप से नगदी, शराब अथवा अन्य कोई सामान जो कि मतदाताओं को प्रलोभन के लिए दिया जा सकता है, उसे रोकने हेतु निरंतर जनपद के विभिन्न स्थानों पर निरंतर वाहनों की चेकिंग की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। एक दिन नोएडा में एक स्कूटी में सात लाख रुपए जब्त किया था। आगे भी इसी प्रकार से लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत उड़न दस्ते (एफएस टी) एवं स्थिर जांच दल (एस एस टी) सक्रिय रहकर अपनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे, ताकि जनपद में कहीं पर भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाएं।

## अवैध असलाह फैक्ट्री के साथ एक गिरफ्तार, गैंगस्टर एक्ट में चल रहा था फरार



**ग्रेटर नोएडा,** 17 अप्रैल(देशबन्धु)। दादरी कोतवाली पुलिस ने अवैध असलाह बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है, इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध हथियार और बनाने के उपकरण बरामद किए है। पकड़ा गया आरोपी गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहा था। जिसपर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने उसके पास से एक बाइक भी बरामद की है। पुलिस अभी उसके दूसरे साथी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को दादरी एरिया में अवैध असलाह की फैक्ट्री चलने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने दतावली गांव से करीब 800 मीटर पहले अंसल की खंडहर पड़ी एक बिल्डिंग में छापेमारी की। यहां से पुलिस ने कठहैरा रोड नई आबादी निवासी जावेद उर्फ जावर पुत्र मुस्ताक पटेल उर्फ मुस्तफा को गिरफ्तार कर लिया। यह मूलरूप से दनकौर के बिलासपुर कस्बा के सिरजा खानी मौहल्ला का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि वह अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर अवैध तमंचा बनाता है और उन्हें बेचकर पैसे कमाते है। उसके साथ ही पुलिस तलाश कर रही है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसपर पुलिस ने 25 हजार का इनामी घोषित किया था। पुलिस का कहना है कि इसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया था। जिसमें वह लगातार फरार चल रहा था।

**आरोपी के खिलाफ विभिन्न थाने में पच्चीस मुकदमें हैं दर्ज, पच्चीस हजार था इनाम**

अधिकारियों के निर्देश पर उसपर इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से आठ तमंचा, एक पौनी, एक आधा बना हुआ तमंचा, लोहा गर्म करने की भट्टी, हथोड़े, सात लोहे की नाल आदि सामान बरामद किया है।

# रेरा ने दो प्रमोटरों को दिया अंतिम अवसर

### प्रोमोटर्स द्वारा आदेश का अनुपालन नहीं किए जाने पर रेरा पीठ ने सख्त रुख अपनाया

**ग्रेटर नोएडा,** 17 अप्रैल(देशबन्धु)। उ.प्र. रेरा पीठ द्वारा पारित आदेश का अनुपालन ना किए जाने पर रेरा के पीठासीन अधिकारी संजय भूसरेड्डी ने प्रदेश के दो प्रोमोटर्स-मेसर्स उप्पल चड्ढा हाई-टेक डेवलपर्स प्रा. लि. तथा मेसर्स हेबे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. को कठोरतम कार्रवाई किए जाने की चेतावनी देते हुए पारित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। ऐसा पहली बार हुआ है जब पीठ ने रेरा अधिनियम के प्राविधानों के अन्तर्गत दोनों प्रोमोटर्स के प्रतिनिधियों को भौतिक रूप से पीठ के समक्ष उपस्थित होकर आदेश के अनुपालन की स्थिति और अनुपालन में हो रहे विलम्ब के कारणों का स्पष्टीकरण देने का आदेश भी दिया है।

संजय भूसरेड्डी ने उक्त आदेश मेसर्स उप्पल चड्ढा हाई-टेक डेवलपर्स प्रा. लि. के प्रकरण में तथा मेसर्स हेबे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. के प्रकरण में शिकायत की सुनवाई करते हुए पारित किया गया है। उप्पल चड्ढा हाई-टेक डेवलपर्स प्रा. लि. के प्रकरण में धारा-31 के अन्तर्गत पारित 31 जनवरी 2023 के आदेश का अनुपालन कराने के लिए शिकायतकर्ता ने 11 अप्रैल 2023 को आवेदन किया गया था। लगभग 11 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी रेरा के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है एवं अनुपालन आख्या पोर्टल पर अपलोड नहीं की गई है। इसी प्रकार हेबे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. के प्रकरण में 19 जून 2023 को पारित आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु 16 अगस्त 2023 को आवेदन प्रस्तुत किया गया था, लेकिन लगभग 7 माह व्यतीत हो जाने के बाद भी न तो रेरा के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है और न ही अनुपालन आख्या पोर्टल पर अपलोड की गई है। पीठासीन अधिकारी संजय भूसरेड्डी ने कहा कि प्रोमोटर्स को आदेश का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय मिला था, लेकिन उनका यह कृत्य जानबूझकर शियकायतकर्तागण को परेशान करने वाला तथा प्राधिकरण का समय व्यर्थ करने जैसा है, जो पूर्णतः गलत है। प्रोमोटर्स को अग्रिम सुनवाई की तिथि के पूर्व आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है।

## घर का ताला तोड़कर चोरों ने कीमती सामान पर किया हाथ साफ

**ग्रेटर नोएडा।** थाना सूरजपुर क्षेत्र में एक सूने मकान में धावा बोलकर चोर लाखों रुपए की चोरी कर ले गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना सूरजपुर में तिलपता करनवास में रहे वाले सुशील कुमार सिंह ने बताया कि 10 अप्रैल को वह और उनकी पत्नी ड्यूटी पर गए थे। बच्चे अपने स्कूल गए थे। सूने घर में चोर घुस आए। चोर घर से सोने और चांदी के आभूषण, घर का अन्य कीमती सामान, गैजेट्स आदि चुरा ले गए।

थाना सूरजपुर प्रभारी का कहना है कि ऐसा लगता है कि घर में आने जाने वाले किसी को जानकारी थी कि आभूषण आदि कहां रखे हुए हैं। मकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## डेढ़ लाख रुपए व लाखों के गहने लेकर गायब हुई युवती

**दनकौर,** 17 अप्रैल(देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के रीलखा गांव से डेढ़ लाख रुपए का कैश और लाखों के गहने लेकर एक युवती प्रेमी के साथ लापता हो गई। इस संबंध में पीड़ित परिवार ने बुधवार को कोतवाली पहुंचकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी 20 वर्षीय बेटी 16 अप्रैल से घर से डेढ़ लाख रुपए और करीब 2 लाख के सोने के गहने लेकर गायब है। परिवार के लोगों का कहना है कि उनकी बेटी अपने एक दोस्त के साथ घर से लापता हुई है।

## निर्माणाधीन फैक्ट्री में ऊंचाई से गिरने से मजदूर की मौत

**ग्रेटर नोएडा,** 17 अप्रैल(देशबन्धु)। नॉलेज पार्क थानाक्षेत्र के सेक्टर 150 में एक निर्माणाधीन फेक्ट्री में काम कर रहे एक मजदूर की ऊंचाई से गिर जाने पर मौत हो गई । पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि बीती रात काम करते समय यह मजदूर ऊंचाई से नीचे गिर गया जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया गया एवं वहां उसकी मौत हो गई। कुमार ने बताया कि जान गंवाने वाले मजदूर की पहचान राजस्थान के गंगापुर के धनराज मीणा (40) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। उन्होंने बताया कि अगर मृतक के परिजन इस मामले में कोई शिकायत करते हैं तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच करेगी।

## सहायक राज्यकर आयुक्त ने अधिवक्ता पर दर्ज कराया मुकदमा

**ग्रेटर नोएडा,** 17 अप्रैल(देशबन्धु)। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र स्थित सहायक आयुक्त राज्य कर के कार्यालय में एक अधिवक्ता ने उनके साथ अभद्रता की और पत्रावली छीन ली। पीड़ित का आरोप है कि अधिवक्ता ने उन्हें धमकाया कि जैसा कहता हूं वैसा करो नहीं तो जेल भिजवा दूंगा। सहायक आयुक्त ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि एक अधिवक्ता जो स्वयं को सुप्रीम कोर्ट में कार्यरत बताते हैं, वह एक मामले की सुनवाई के लिए कार्यालय आए। इन्होंने धारा-32 के एक वाद की दबाव बनाकर प्रार्थना पत्र खोलने को कहा। दबाव से इनकार करने पर आरोपी ने अभद्रता करनी शुरू कर दी। इसका विरोध किया तो उन्होंने पत्रावली छीन ली। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरोपी द्वारा पिछले कई वर्षों से दबाव बनाने को कार्यालय के कर्मियों के खिलाफ झूटी रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है। उन्हें ब्लैकमेल भी किया जाता है।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## हिंदू युवा वाहिनी ने निकाली श्री राम शोभायात्रा



**ग्रेटर नोएडा,** 17 अप्रैल(देशबन्धु)। हिंदू युवा वाहिनी सूरजपुर आयोजक के डी गुर्जर के नेतृत्व में श्री राम शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई, जिसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र शिव तांडव, भारत माता ,सम्राट विक्रमादित्य ,गौ माता ,राम दरबार अनेकों झांकियां रही। सैकड़ों लोगों ने यात्रा में सम्मिलित होकर श्रीराम के जयकारों से पूरा सूरजपुर गूंज उठा। इस दौरान लोगों ने एक साथ हनुमान चालीसा पाठ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि नागेंद्र तोमर, अवनीश सोनू भैया, जोगेंद्र भारद्वाज कर्मवीर आर्य, प्रधान धर्मपाल भाटी, चौनपाल प्रधान,रुपेश चौधरी भूपेंद्र फागना, ओमवीर बैसला रविंद्र मास्टर लक्ष्मण सिंघल राजेश ठेकेदार अन्य सैकड़ो लोग मौजूद रहे। शिव मंदिर सेवा समिति, संघ , कामधेनु हिंद गौ रक्षा दल, ब्रह्म कीर्ति रक्षा दल सहयोगी की भूमिका में रहे।

# राम नवमी पर हवन-अर्चन के साथ भक्तों ने किया कन्याओं का पूजन

**ग्रेटर नोएडा,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। चौत्र नवरात्र में नौ दिन चले पूजन अर्चन के साथ अंतिम दिन कन्या पूजन व राम नवमी धूमधाम से मनाया गया, लोग मंदिर में पहुंचकर कन्या पूजन कर मां भगवती का आशीर्वाद लिया। वहीं नौ दिन का व्रत रखने वाले भक्तों ने अपने घरों में ही पूजन अर्चनकर कन्याओं को भोजन कराया। शहर के सेक्टर अल्फा-2, अल्फा-1, डेल्टा, गामा-एक,दो, सोसाइटी में बने मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। नवादा स्थित वैष्णो देवी मंदिर में सुबह



से श्रद्धालुओं पहुंचना शुरु कर दिये थे।

श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर मंदिर में ही कन्याओं को भोजन कराया। सेक्टर अल्फा-1 स्थित शिव मंदिर में मां काली की गुफा में भक्तों की लंबी कतार लगी रही। गौरी शंकर मंदिर के पुजारी ने बताया कि अंतिम नवरात्र पर श्रेष्ठ और सिद्धि और मोक्ष देने वाली दुर्गा की पूजा व अर्चना की जाती है। ग्रेनो वेस्ट में लोग मंदिरों में पहुंचकर माता गौरी का पूजन अर्चन किया। वहीं रामनवमी पर सेक्टर व सोसाइटी में पूजन अर्चन किया गया। कुछ स्थानों पर सुन्दरकांड का पाठ भी किया गया। लोगों ने रामनवमी पर पूजन अर्चन कर भगवान राम के आदर्श पर चलने का संकल्प लिया। आचार्य रवि कांत दीक्षित ने बताया कि कुछ लोग अष्टमी व नवमी को ही कन्या पूजन करते हैं अधिकांश संख्या में लोग नवमीं के दिन कन्या पूजन के साथ हवन पूजन करते हैं। नौ दिन व्रत रखने वाले व्रती नवमी को हवन करने के साथ कन्या का किया है। इसी दिन से भारतीय नववर्ष की शुरुआत होती है। भगवान राम का अवतरण भी इसी दिन हुआ था।

### सोसाइटियों में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

**ग्रेटर नोएडा।** पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्टे, एसकेए मेट्रो विले, एसकेए ग्रीन आर्क और एसकेए दिव्या टॉवर्स सोसायटी में राम नवमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान एसकेए मेट्रो विले सोसायटी में सुबह मंदिर में लोगों ने पूजा अर्चना की और इसके बाद कन्या पूजन कर प्रसाद वितरण किया। भंडारे में सकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, पैरामाउंट गोल्फ फोरेस्टे सोसायटी में रामनवमी पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने राम जन्म की लीला का मंचन किया। इसके साथ ही भंडारे और प्रसाद का वितरण किया गया। रामनवमी के अवसर पर सोसायटी को सजाया गया था। लोगों ने नाचते गाते और कीर्तन करते हुए भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया। इसी के साथ ग्रेटर नोएडा के सोसाइटीयों में रामनवमी का उत्सव मनाया गया।

### रामनवमी पर निकाली मां काली की शोभायात्रा



**जेवर।** थोरा गांव में बुधवार को रामनवमी के मौके पर जेवर खुर्जा रोड पर स्थित मां काली मंदिर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां काली की शोभायात्रा निकाली गई। विनीत गोविल ने बताया कि शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर खुर्जा रोड होती हुई गांव के मुख्य मार्गो से निकाली गई। ग्रामीणों द्वारा शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। इस मौके पर रोहित, अशोक गोविल, विजय गोविल, अनिल गोविल, बृजेश शर्मा, राजू शर्मा, कान्हा, कुमुद, विनीत, राहुल, मोहन, तरुण, अजय, संजीव, प्रणव, सौरभ, कल्लू, विकल, कलुआ, कैलास, रिंकू आदि मौजूद रहे।

## बिजनेस एनालिटिक्स व एआईएमए बिजलैब का उद्घाटन, विद्यार्थी वास्तविक ज्ञान से होंगे रुबरू

**ग्रेटर नोएडा,** 17 अप्रैल(देशबन्धु)। लॉयड बिजनेस स्कूल ने ए.आई.एम.ए बिजलैब के उद्घाटन के साथ ही एक गतिशील दो दिवसीय कार्यक्रम, टेक्नोवेट 2.0 की मेजबानी की। लॉयड बिजनेस स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में एनालिटिक्स-संचालित व्यावसायिक समाधानों का पता लगाने के लिए उत्सुक पेशेवरों और छात्रों का स्वागत किया गया। टेक्नोवेट 2.0 ने विश्लेषणात्मक उपकरणों में व्यावहारिक निर्देश के साथ विशेषज्ञ व्याख्यानों को जोड़कर प्रतिभागियों को एक अनूठा शैक्षिक अनुभव प्रदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को वास्तविक दुनिया का ज्ञान और क्षमताएं प्रदान करना था, जिनकी उन्हें व्यवसाय विकास को बढ़ावा देने के लिए डेटा-संचालित समाधानों का उपयोग करने की आवश्यकता होगी।

कार्यक्रम की शुरुआत एक जीवंत माहौल में हुई, जहां प्रतिभागियों ने उद्योग विशेषज्ञों के नेतृत्व में ज्ञानवर्धक सत्रों में भाग लिया। खुशबू




दतवानी, ग्रोथ इनिशिएटिव लीडर, आईबीएम एसएमई, ने आईबीएम कॉग्नोस की पेचीदगियों के माध्यम से उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया। जबकि अमन बख्शी, ग्रोथ प्रोग्राम लीडर, आईबीएम एसएमई, एआई, ने शुरुआती टिप्पणियों के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का गहन परिचय दिया। इसके विभिन्न रूपों और व्यावहारिक उपयोगों को रेखांकित किया। कार्यशालाओं और इंटरैक्टिव व्याख्यानों के माध्यम से, प्रतिभागियों ने अकादमिक ज्ञान और व्यावहारिक व्यावसायिक कौशल के बीच की खाई को पाट दिया, डेटा-संचालित कॉर्पोरेट दुनिया को नेविगेट करने में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त की। दूसरे दिन ए.आई.एम.ए बिजलैब के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर करने के साथ उत्साह जारी रहा।

## सृजन में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 17 अप्रैल(देशबन्धु)। जीएनआईएटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान में सृजन का आयोजन हुआ। यह वार्षिक प्रबंधन उत्सव प्रेरणादायक विषय ष्सपने देखने की साहस, स्वप्न निर्माण की साहस के तहत आयोजित किया गया। सृजन एक जीवंत मंच के रूप में सामर्थ्य, अभिनवता, और बौद्धिक प्रतिभा का उत्सव है, जो विभिन्न पृष्ठभूमियों और विभिन्न कॉलेजों के छात्रों को एक समृद्ध संगठन में जोड़ता है ताकि वे रोमांचक घटनाओं और प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग ले सकें। उत्सव का उद्देश्य छात्रों को उनकी रचनात्मकता को उजागर करना , उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करनना और सार्थक संवाद में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान करना था।

उत्सव में कई छात्रों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के लिए पुरस्कार ,प्रशंसा और प्रशस्ति पत्र प्राप्त की। जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान



के निदेशक डा. भूपेंद्र कुमार सोम ने अपने उद्बोधन में बताया कि इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों के विकास और उन्हें उच्चतम शैक्षिक अनुभव प्रदान करना है। संस्थान के सीईओ स्वदेश सिंह ने संदेश दिया कि वे और भी ऐसे उत्कृष्ट आयोजन की योजना बना रहे हैं, जो छात्रों को व्यापारिक दुनिया में उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करेंगे। संस्थान के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता और उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता ने इस उत्सव के सफल आयोजन सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया।

## { संपादकीय }

नई दिल्ली, गुरुवार 18 अप्रैल 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# इलेक्टोरल बॉन्ड्स बना मुख्य चुनावी मुद्दा

ऐसे वक्त में जब लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिये मतदान प्रारम्भ होने में कुछ ही घंटे रह गये हैं और इस चरण के अंतर्गत जिन सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं, वहां प्रचार भी थम गया है, इलेक्टोरल बॉन्ड्स प्रमुख चुनावी मुद्दा बनकर उभरता नज़र आ रहा है। यह भारतीय जनता पार्टी के लिये निश्चित ही चिंता की बात होगी क्योंकि इस पर विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस द्वारा जैसा हमला उस पर हो रहा है वह इसलिये अधिक चिंतनीय है क्योंकि ये आक्रमण सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हो रहे हैं। उन्हें इस भ्रष्टाचार का सूत्रधार बतलाया जा रहा है। चूंकि भाजपा का सारा प्रचार नरेंद्र मोदी पर ही टिका है, अगर यह मुद्दा मतदाताओं के जेहन में बैठ गया तो भाजपा का अपना दम पर 370 तथा सहयोगी दलों के साथ मिलकर बने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबन्धन के 400 पार के नारे की धज्जियां उड़ जायेंगी। शायद यही कारण है कि मोदी बार-बार इस योजना (इलेक्टोरल बॉन्ड्स) को सही साबित करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं विपक्ष जान गया है कि उसके हाथ में ऐसा अस्त्र लग गया है जिसके बल पर भाजपा को इस चुनाव में धूल चटाई जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि इस साल फरवरी महीने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक घोषित करने के साथ ही भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर बैकफुट पर आती दिख रही है। पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस को परिवारवाद के अलावा मोदी व भाजपा जिस मामले को लेकर सर्वाधिक कोसती थी, वह गांधी कुटुम्ब तथा उसका कथित भ्रष्टाचार ही रहा है। बाजी उस वक्त पलट गई जब देश के सर्वोच्च न्यायालय ने केन्द्र की भाजपा सरकार की इस योजना को ही भ्रष्टाचार का तरीका ठहरा कर उसे बेनकाब कर दिया।

यही कारण है कि देश के कई अखबारों व चैनलों को नरेंद्र मोदी इन दिनों साक्षात्कार दे रहे हैं जिसका प्रमुख मुद्दा इलेक्टोरल बॉन्ड्स ही है। ऐसा नहीं कि वे केवल इसी पर बात कर रहे हों पर उनके हाल के दिये ज्यादातर इंटरव्यू में जिस प्रमुखता से वे इस पर बातें कर रहे हैं उससे साफ है कि उन्हें इस मामले को लेकर कुछ ज्यादा ही सफाई देनी पड़ रही है। जैसा कि कहा जाता है कि उनके ज्यादातर साक्षात्कार उन्हीं की प्रचार टीम द्वारा तैयार होते हैं, स्वाभाविकत: उनमें यह मुद्दा बहुत ही खास स्थान पा रहा है। ज्यादातर लोग यह मानते हैं कि साक्षात्कारों की प्रश्नावली मोदी के कार्यालय या उनकी नज़रों से गुजरती ही है। जिनमें उनकी सहमति हो वे ही सवाल इसमें रखे जाते हैं। अब तमाम साक्षात्कारों में इलेक्टोरल बॉन्ड्स के बारे में श्री मोदी जो कह रहे हैं उनमें यह बात ज़रूर होती है कि 'जो लोग आज इसे लेकर उत्साहित हैं वे आगे जकर पछताएंगे।' वे यह भी कह रहे हैं कि 'पहली बार चुनावी चंदे का ट्रेल पता चल रहा है वरना पूर्ववर्ती सरकारों के समय तो पता भी नहीं चलता था कि किसी भी पार्टी को कहां से चंदा मिल रहा है।' हालांकि वे यह नहीं बता रहे हैं; और कोई पूरक प्रश्न पूछ भी नहीं रहा है कि अगर वे पारदर्शिता के इतने ही हिमायती हैं तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सुप्रीम कोर्ट को इस योजना के बाबत सारी जानकारी देने से क्यों आनाकानी कर रहा था। खासकर, सरकार के इशारे पर किसलिये कारोबारियों के संगठन अदालत के सामने इस गुहार के साथ पहुंचे थे कि चंदा देने वालों के नाम उजागर न किये जायें। प्रधानमंत्री मोदी तो चुनावी बॉन्ड्स के बारे में जो कह रहे हैं, वह अपनी जगह पर है परन्तु खबरों के मुताबिक वित्त मंत्रालय अब इस योजना को संशोधित स्वरूप में लाने की योजना बना रहा है- बावजूद इसके कि देश आम चुनाव की दहलीज पर खड़ा है और मोदी सरकार केवल कार्यवाहक है। जिस सरकार व प्रधानमंत्री को शीर्ष कोर्ट द्वारा असंवैधानिक घोषित कर दी गई योजना पर शर्मिंदा होना चाहिये था, वे न केवल इसका शिद्दत से बचाव कर रहे हैं बल्कि इसका दूसरा संस्करण लाने की भी तैयारी कर रहे हैं, वह भी चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद। इलेक्टोरल बॉन्ड्स को लेकर मोदी की हठधर्मिता इस कदर है कि वे कोर्ट की अवमानना की परवाह किये बिना ही इसके पक्ष में बोल रहे हैं, मीडिया में अपना पक्ष रख रहे हैं और उसे फिर से पेश करने की तैयारी भी कर रहे हैं।

दूसरी तरफ विपक्ष ने भी जान लिया है कि यह मोदी की कमजोर नब्ज़ है जो उसके हाथ लग गई है। सो वह पूरी ताकत से उसे दबा रही है। दरअसल इसके कई आयाम एक साथ उजागर हो गये। इसमें बताया गया कि भाजपा के लिये चंदा बटोरने के लिये केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग केंद्र सरकार द्वारा किया गया। जैसे-जैसे इस घोटाले की परतें खुलती गयीं यह साफ होता चला गया कि देश के समक्ष आज जो महंगाई, बेरोजगारी आदि की समस्याएं हैं उन सभी की जड़ें भी इस घोटाले से जुड़ी हुई हैं। इसी प्रकार कोरोना काल में लोगों को लगाये गये टीके का सम्बन्ध भी इसके साथ जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा भी दर्जनों ऐसे मामले सामने आये हैं जो बतलाते हैं कि इसके बल पर भाजपा सरकार ने ठेके बांटे हैं या डरा-धमकाकर कारोबारियों से चंदा लिया है। कई ऐसी कम्पनियों के नाम भी सामने आये हैं जिन्होंने अपने लाभ से कई गुना ज्यादा चंदा भाजपा को दिया गया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इसे हफ्ता वसूली जैसा बताया है, जिससे साफ है कि इन चुनावों में इलेक्टोरल बॉन्ड अब बड़ा मुद्दा बन गए हैं।

# कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करने वालों से कुछ उम्मीदें

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

देश में सबसे कठिन माने जाने वाली परीक्षा यूपीएससी के नतीजे मंगलवार शाम को घोषित हुए। पिछले कुछ सालों से शीर्ष स्थान लड़कियों को मिल रहा था, इस बार लड़कों को प्रथम और द्वितीय आने का मौका मिला है। संघ लोक सेवा आयोग ने 28 सौ से अधिक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया था, जिनमें से 1016 लोगों को सफलता मिली है। मतलब यह कि 50 प्रतिशत से अधिक लोगों को नाकामी हाथ लगी है। और अगर यूपीएससी की प्रिलिम्स और मेन्स परीक्षा के अभ्यर्थियों की बात करें तो करीब 13 लाख लोगों ने ये परीक्षाएं दी थीं। 13 लाख में केवल 28 सौ साक्षात्कार के स्तर तक पहुंचे और वहां से एक हजार 16 लोग सफल होकर निकले। हालांकि नतीजे आने के बाद से शीर्ष 50 स्थान पर आने वालों की ही ज्यादा चर्चा मीडिया में है। बाकी साढ़े नौ सौ लोगों की सफलता की कहानी या तो उनके परिजन सुनाएंगे या उन्हें कोचिंग देने वाले संस्थान।

यूपीएससी में सफल होने वालों के संघर्ष की कहानियां भी अब बाहर आनी शुरु हो चुकी हैं। ऐसा होना भी चाहिए क्योंकि इनसे उस राह पर आगे बढ़ने वालों को प्रेरणा मिलती है कि जब वो ऐसा कर सकते हैं तो हम भी कर सकते हैं। हाल ही में एक फिल्म आई थी बारहवीं फेल, जो सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में ऐसी ही सफलता की कहानी है, जिसमें गांव की स्कूल से पढ़ा एक लड़का, बार-बार की असफलता और आर्थिक परेशानियों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से आखिरकार यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ही लेता है और साक्षात्कार में बैठे लोगों को यह बखूबी समझा देता है कि हिंदी या अंग्रेजी केवल माध्यम हैं, असल बात तो लोगों की समस्याओं और जज्बात को समझने की है। फिल्म में एक और किरदार है, जिसने साक्षात्कार पर पहुंचने के अपने सारे मौके ले लिए, लेकिन किसी तरह सफल नहीं हुआ, तो फिर अपने अनुभव से दूसरों को प्रशिक्षण देने लगा। यह किरदार रि स्टार्ट यानी फिर से शुरु करना चाहिए, जैसे गीत से प्रेरणा देता नजर आया है।

फिल्म में यह सब देखने-सुनने में अच्छा ही लगता है, क्योंकि बात दो-ढाई घंटे की होती है, हम किरदारों से खुद को जोड़ लेते हैं और उनके साथ भावनाओं में डूबने-उतरने लगते हैं। मगर हकीकत कितनी अलग होती है, इसका एक उदाहरण ट्विटर पर देखने मिला, जिसमें एक असफल अभ्यर्थी ने आंकड़े दिए कि 12 प्रयास, 7 बार मेन्स और 5 बार साक्षात्कार, फिर भी असफलता हाथ लगी, शायद जिंदगी का दूसरा नाम ही संघर्ष है। यह केवल एक असफलता और निराशा का उदाहरण नहीं है, बल्कि यहां वो मलाल भी नजर आ रहा है जिसमें जीवन के सुनहरे बरस व्यर्थ हो गए। इस देश में लाखों लोग हर साल इसी तरह के मलाल से गुजरते हैं। उन्हें रि स्टार्ट जैसे गीतों से सांत्वना देने की जगह यह समझाने की जरूरत है कि अपनी बुद्धि और प्रतिभा का इस्तेमाल वो इससे बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

यूपीएससी की सफल लोगों की कहानियों को भुनाते हुए कुकुरमुत्तों की तरह कोचिंग संस्थान खुल चुके हैं, जहां दड़बों में ठुंसी हुई मुर्गियों की तरह छात्रों को भरा जाता है। लाखों की फीस उनके अभिभावक देते हैं, और बहुतों को ये उम्मीद रहती है कि बच्चा सफल हो जाए तो सरकारी रौब का स्वाद चखने मिले।

> **यूपीएससी की सफल लोगों की कहानियों को भुनाते हुए कुकुरमुत्तों की तरह कोचिंग संस्थान खुल चुके हैं, जहां दड़बों में ठुंसी हुई मुर्गियों की तरह छात्रों को भरा जाता है। लाखों की फीस उनके अभिभावक देते हैं, और बहुतों को ये उम्मीद रहती है कि बच्चा सफल हो जाए तो सरकारी रौब का स्वाद चखने मिले। हालांकि इस स्वाद की कल्पना और हकीकत में काफी फर्क है।**

हालांकि इस स्वाद की कल्पना और हकीकत में काफी फर्क है। कड़ी मेहनत और बुद्धिमत्ता से सरकार में बड़े अधिकारी बनने वालों को सत्ता के दबाव का सामना करना पड़ता है। बहुत कम अधिकारी ऐसे होते हैं जो सत्ता पर बैठे लोगों की जी हुजूरी करने से इंकार करने की हिम्मत दिखाते हैं और वही फैसले लेते हैं जो जनता या देश के हित में हों। और ऐसे अधिकारियों को अक्सर सत्ता का कोपभाजन बनना पड़ता है। कभी उन्हें तबादलों की मार झेलनी पड़ती है, कभी सरेआम अपमान सहन करना पड़ता है। अब तो सत्ता के साथ-साथ पूंजी का दबाव भी मिल गया है, जिसमें अधिकारियों के लिए रीढ़ को सीधा रखना कठिन हो चला है। सत्ता के अनुचित दबाव में आने से इंकार करने वाले लोग या तो प्रताड़नाओं को सहते हुए अपनी सेवानिवृत्ति का इंतजार करते हैं या फिर समय से पहले सेवानिवृत्ति ले कर निजी संस्थानों में अपनी सेवाओं का लाभ देने लगते हैं। आजकल सेवानिवृत्ति के फौरन बाद राजनीति में आने और फिर ऊंचे पदों या आयोगों की अध्यक्षता करने का मौका भी मिलने लगा है। इसके दोहरे लाभ मिलते हैं, एक तो अधिकारी वाला रौब-दाब बना रहता है और दूसरा अपने कार्यकाल के दौरान सत्ता के हित में लिए गए फैसलों की न समीक्षा होती है, न किसी कार्रवाई का डर रहता है। आम बोलचाल की भाषा में ऐसे लोगों को व्यावहारिक बुद्धि वाला कहा जाता है, जो लहर के विपरीत न जाकर धारा के साथ बहना मंजूर कर लेते हैं। लेकिन फिर यहां एक जरूरी सवाल उठता है कि क्या यूपीएससी की कठिन परीक्षा सत्ता की चाकरी करने के लिए उत्तीर्ण की गई या इसमें कहीं देश और जनसेवा का भाव भी था। अब जो नए अधिकारी तैयार हो रहे हैं, उनकी सफलता की कहानियां आखिर कितने दिन तक सुनाई जाएंगी, क्या उसके बाद वो भी सत्ता की सुविधा वाले सांचे में ढाल दिए जाएंगे। ये सवाल हाल की एक घटना से और भी प्रासंगिक हो जाता है।

आयरलैंड के एक अखबार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भारत के चुनावों के संदर्भ में आलोचनात्मक टिप्पणी की। जिस पर आयरलैंड में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा ने अखबार को अपनी प्रतिक्रिया भेजी और उसमें न केवल भारतीय प्रधानमंत्री का बचाव करते हुए उनकी सरकार के कामकाज की तारीफ की, बल्कि इसके साथ ही कांग्रेस या गांधी परिवार का नाम लिखे बिना उसकी आलोचना की। अखिलेश मिश्रा ने लिखा कि भारत में एक ही वंशवादी परिवार के 55 साल के शासन, जिनमें शुरुआती 30 वर्ष महत्वपूर्ण हैं, के दौरान भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें जमा चुके पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ लड़ाई श्री मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के पीछे एक प्रमुख वजह है। इस जवाब में अखिलेश मिश्रा ने अपनी पक्षधरता साफ जाहिर कर दी है कि वे केवल भारत सरकार का बचाव नहीं कर रहे, बल्कि भाजपा का बचाव कर रहे हैं, क्योंकि आयरिश अखबार में भाजपा के शासनकाल में लिए जा रहे फैसलों और हालिया घटनाओं पर टिप्पणी की गई थी। 1989 बैच के आईएफएस अधिकारी अखिलेश मिश्रा के इस रवैये को कांग्रेस ने अपमानजनक और गैरपेशेवराना करार दिया है और उन पर कार्रवाई की मांग की है।

कांग्रेस की शिकायत का किस तरह से संज्ञान लिया जाता है, यह अलग मसला है। लेकिन यहां सवाल वही है कि संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने, फिर प्रशिक्षण लेने के बाद जब अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में उतरते हैं, तो उनकी प्रतिबद्धताएं किसके लिए रहती हैं और उनकी प्राथमिकताएं क्या रहती हैं। अगर वे आम जनता की भलाई को सर्वोपरि रखते हुए फैसले नहीं लेते और सत्ता प्रतिष्ठान के चाकर की तरह काम करना स्वीकार करते हैं, तो फिर हर साल 20-30 लोगों के यूपीएससी में सफल होने और संघर्ष से आगे बढ़ने की जो कहानियां सुनाई जाती हैं, उनका क्या औचित्य रह जाता है।

मध्यप्रदेश में एक आईएएस अधिकारी हुआ करते थे सुदीप बनर्जी, जिन्होंने साक्षरता, कला संस्कृति इन सबके लिए कई अनूठे काम किए। बस्तर के आदिवासियों के हितों को प्राथमिकता देने के लिए सरकार से भिड़ने में झिझक नहीं दिखाई। भोपाल गैस दुर्घटना के वक्त मोर्चे पर डटकर पीड़ितों की मदद की। किसी भी उद्योगपति या मंत्री के आगे दबाव में नहीं आए। सुदीप बनर्जी की संवेदनशीलता और ईमानदारी की मिसालें कई मौकों पर दी जाती रही हैं। उनकी तरह कई और आईएएस, आईपीएस या आईएफएस अधिकारी हुए हैं, जिन्होंने पूरी ईमानदारी से अपना काम किया। लेकिन क्या वे लोग अब समाज के और यूपीएससी में अभी सफल होने वालों के आदर्श हैं, यह विचारणीय है। आखिर में कवि चंद्रकांत देवताले की कविता खुद पर निगरानी का वक्त की चंद पंक्तियां पेश हैं-

हाँफ रही कविता  
कितना कर सकती है छातीकुट्टा  
कह रही बार-बार निगरानी रखो  
जैसी दुश्मन पर, वैसी ही खुद पर  
चुटकी भर अमरता-खातिर  
विश्वासघात न हो जाए।  
अपनी भाषा, धरती और लोगों के साथ।

यूपीएससी में सफल होने वाले तमाम लोगों को शुभकामनाएं इस उम्मीद के साथ कि वे अपनी भाषा, धरती और लोगों के विश्वास को बनाए रखेंगे।

# कर्नाटक में कांग्रेस दे रही भाजपा-जद (एस) को कड़ी टक्कर

■ कल्याणी शंकर

कर्नाटक में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं जिसके लिए 26 अप्रैल और 7 मई को सभी 28 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होंगे। कांग्रेस पार्टी और भाजपा-जद(एस) गठबंधन मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के लिए कई बार राज्य का दौरा कर चुके हैं। भाजपा को पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा का समर्थन प्राप्त है, जो लिंगायत समुदाय के बीच प्रभावशाली हैं जो राज्य में एक महत्वपूर्ण वोट बैंक हैं। यह चुनाव कर्नाटक के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और इसके इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण हैं।

कर्नाटक अतीत में कांग्रेस का गढ़ रहा है। इसने आपातकाल के बाद भी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का समर्थन किया, जो इसके राजनीतिक महत्व का एक प्रमाण है। यह ऐतिहासिक महत्व इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी की जीत से स्पष्ट है, दोनों ने कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी के लिए सीटें जीतीं।

ये चुनाव सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है बल्कि कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी-जनता दल (सेक्युलर) गठबंधन के बीच एक बड़ी लड़ाई है। वे कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा के दोबारा प्रवेश का प्रतीक हैं। चुनाव नीतिगत प्राथमिकताओं और शासन शैली को बदल सकता है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और समाज के विभिन्न क्षेत्रों पर संभावित प्रभाव पड़ सकता है। परिणामों का लोगों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा, जिससे शासन प्रक्रिया में उनकी भागीदारी और समझ महत्वपूर्ण हो जायेगी।

> **कांग्रेस सरकार ने पिछले साल किये गये पांच आवश्यक चुनावी गारंटियों को लागू कर दिया है, जिसमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, शिक्षा के लिए धन में वृद्धि और रोजगार सृजन शामिल था। ये वायदे क्षेत्र के मतदाताओं की विशिष्ट चिंताओं को दूर करने और सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करने के लिए तैयार किये गये थे।**

भाजपा दक्षिण में अपने क्षेत्रीय प्रभुत्व को मजबूत करने, राष्ट्रीय राजनीति में अपनी स्थिति बढ़ाने और दक्षिण भारत में अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार करने के लिए आगामी कर्नाटक चुनावों में विजयी होना चाहती है। इसके विपरीत, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राज्य में अपनी सरकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, जद(एस) अत्यधिक प्रतिस्पर्धी राजनीतिक माहौल में जीवित रहने का प्रयास कर रहा है। संक्षेप में, जद (एस) राज्य में एक राजनीतिक दल के रूप में अपनी प्रासंगिकता बनाये रखने का प्रयास कर रहा है।

कर्नाटक में भाजपा का प्रचार अभियान पीएम मोदी की उपलब्धियों और कांग्रेस की विफलताओं पर केंद्रित है। यह दो प्रभावशाली समुदायों, लिंगायत और वोक्कालिगा को लक्षित करता है, जो इसकी चुनावी रणनीति के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्य में एक प्रमुख समुदाय होने के नाते लिंगायत पारंपरिक रूप से भाजपा का समर्थन करते रहे हैं।

इसके विपरीत, एक अन्य प्रभावशाली समुदाय वोक्कालिगा, जद (एस) का मजबूत जनाधाररहा है। भाजपा की चुनावी सफलता के लिए इन समुदायों पर जीत हासिल करना महत्वपूर्ण है।

भाजपा को कुछ स्थानीय संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। 2014 के बाद पहली बार पार्टी में खुली बगावत हुई है। इसकी वजह भाजपा-जेडी(एस) गठबंधन है, जिसे अभी तक अच्छा समर्थन नहीं मिला है। कांग्रेस के भी अपने बागी उम्मीदवार हैं। कांग्रेस कर्नाटक में एससी, एसटी और मुसलमानों पर भरोसा रख रही है।

कांग्रेस सरकार ने पिछले साल किये गये पांच आवश्यक चुनावी गारंटियों को लागू कर दिया है, जिसमें महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, शिक्षा के लिए धन में वृद्धि और रोजगार सृजन शामिल था। ये वायदे क्षेत्र के मतदाताओं की विशिष्ट चिंताओं को दूर करने और सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करने के लिए तैयार किये गये थे।

एडिना, न्यूज 18 और इंडिया टुडे ग्रुप के तीन चुनाव पूर्व सर्वेक्षण कर्नाटक के आगामी चुनावों के लिए परस्पर विरोधी परिणामों की भविष्यवाणी करते हैं। एडिना का अनुमान है कि कांग्रेस 17 सीटें जीतेगी, और भाजपा-जेडी(एस) गठबंधन को 11 सीटें मिलेंगी। न्यूज 18 का अनुमान है कि एनडीए 25 सीटें जीतेगी, कांग्रेस केवल 3 ।इंडिया टुडे ग्रुप का अनुमान है कि एनडीए 53फीसदी वोट शेयर के साथ 24 सीटेंजीतेगी। इंडिया गठबंधन को 42फीसदी वोट शेयर के साथ केवल चार सीटें मिलने की उम्मीद है। ये सर्वेक्षण वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य का एक स्नैपशॉट प्रदान करते हैं। वे पाठकों को चुनाव के संभावित परिणामों का अनुमान लगाने में मदद कर सकते हैं।

2019 के चुनावों से एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है जब कांग्रेस और जद (एस) सहयोगी थे। भाजपा का लक्ष्य पुराने मैसूर में वोक्कालिगा वोटों को सुरक्षित करना और चुनाव को अपने पक्ष में झुकाना है। पुराने मैसूर क्षेत्र का एक प्रमुख समुदाय वोक्कालिगा पारंपरिक रूप से जद (एस) का समर्थन करता रहा है। इस समुदाय पर जीत हासिल करने की भाजपा की रणनीति में जाति-आधारित पहुंच, विकास के वायदे और जद (एस) सरकार की विफलताओं को उजागर करना शामिल है। सफल होने पर, यह रणनीति चुनाव परिणाम और राज्य के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है।

भाजपा ने अपने उम्मीदवारों में एक शीर्ष हृदय रोग विशेषज्ञ, मैसूरु शाही परिवार के सदस्य और एक पूर्व मुख्यमंत्री को मैदान में उतारा है। इसने कुछ नये चेहरों को भी मैदान में उतारा है। कांग्रेस में कई मंत्रियों के रिश्तेदार हैं और ये उम्मीदवार नतीजों पर असर डाल सकते हैं। इसने ताकतवर राजनेताओं के परिवार के सदस्यों को मैदान में उतारकर जोखिम उठाया है।

2008 में जब से भाजपा ने अपनी पहली सरकार बनायी, तब से 'गिराने का खेल' जारी है। पैसा और पद अक्सर विधायकों को वफादारी बदलने के लिए लुभाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में जटिलता की एक और परत जुड़ जाती है। वोट पाने के लिए दोनों पार्टियां पैसा और उपहार खर्च करने को तैयार हैं। दोनों गठबंधनों की पार्टियों के पास पैसा है और मतदाताओं को लुभाने के लिए सभी को भारी रकम चुकानी पड़ रही है। कई उम्मीदवारों को पार्टी लेबल की चिंता नहीं है। उनकी चिंता सत्ता हासिल करने की है। देखना होगा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कर्नाटक के मतदाता किस तरह अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं।

## पावन प्रसंग

# मन की शांति

हमें पग पग पर सुख और दुख की अनुभूति होती रहती है और हम ऐसा समझते हैं कि यदि अमुक-अमुक वस्तुएं हमें मिल जाए, तो हम बहुत ही संतुष्ट हो जाएंगे, परंतु जैसे ही वह वस्तु हमें मिल जाती है, हम उसके सुख का अनुभव न कर उसकी रक्षा की चिंता करने में दुखी होने लगते हैं। यह डर बना रहता है कि कहीं वह चीज खो न जाए। इस प्रकार एक न एक भय आजीवन बना रहता है और साथ ही साथ एक न एक लोभ भी लगा ही रहता है। हम स्वार्थों की पूर्ति के लिए किसी न किसी के आगे हाथ पसारा करते हैं। अपनी लोलुपता का प्रदर्शन करते हैं और जब कोई हमारी ओर पूरा-पूरा ध्यान नहीं देता, तो हमें ऐसा लगता है कि हमारी अवहेलना हो रही है, हमारी मानहानि हो रही है। हमें प्रशंसा की भूख रहती है। हमारे अंदर लोभ और मोह व्याप्त रहते हैं। फल यह होता है कि जो शक्ति हमारे उद्धार के लिए मिली है, उसका दुरुपयोग होता है और हम दिन-रात इस शक्ति का अपव्यय कर अंत में देखते हैं, तो हाथ कुछ नहीं आता। जैसे-जैसे हम वृद्धावस्था के निकट पहुंचते हैं, तो हमारे दोषों का बोझ बढ़ता जाता है और फल यह होता है कि हम अत्यन्त मानसिक उद्वेग का अनुभव करने लगते हैं।

शक्ति के अपव्यय से बचने का उपाय होना आवश्यक है। पहले तो हम यह समझें कि संसार की क्षुद्र बातों से ऊपर उठे बिना हमारा कल्याण नहीं हो सकता। मानसिक कल्याण और बोध तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारे अंदर से विरक्ति की भावनाएं उठें। हम ऊपरी रूप से साधु-फकीर का वेश बनाए रह सकते हैं परंतु भीतर से मन का सहयोग विरक्ति की ओर न हो तो हमें बार-बार लोभ और मोह के झकोरों से अस्त-व्यस्त होना पड़ेगा और तब हम देखेंगे कि हमारे लिए सुख-शांति नाम की कोई चीज नहीं रही। अत: भोगों से उपराम प्राप्त करने के लिए अंदर का मन साध लेना परमावश्यक है। ऐसा कर लेने से बाकी का काम आसान हो जाएगा।

हमें संसार के कामों में लगे रहना चाहिए। हमारे जिम्मे जो भी काम आ जाए, उन्हें सहर्ष करना चाहिए। यदि सभी लोग काम छोड़ना प्रारंभ कर दें, तो फिर कैसे होगा? अत: हमें प्रवाह प्राप्त जो काम हैं, उन्हें तो करना ही है और जब उन कामों को करें तो ठीक से करें, परंतु मन की चिंतनधारा को सबल अंतर्मुखी करते जाए। ऐसा करते हुए हम बहुत कुछ आत्मकल्याण कर सकेंगे। काम करते हमारे अंदर दोष भी प्रकट होंगे, तो हमें उनको सामने आने देना चाहिए तभी दोष दूर हो सकेंगे। अपनी शक्ति का सदुपयोग हो, इसके लिए तटस्थ भाव सांसारिक कर्मों के करने की चेष्टा करें। ऐसा यदि हम करें, तो कर्म का बोझ हम पर नहीं पड़ेगा और हम संसार के होकर उसमें फंसने से बच जाएंगे। विनोबाजी कहते थे-'समुद्र के किनारे खड़े रहकर ही हम समुद्र की लहरों का दृश्य देख सकते हैं जो व्यक्ति उन लहरों में डूब रहा है, वह उस दृश्य को किस भांति देख सकेगा? उसी भांति हमें भी अभ्यास और विरक्ति के द्वारा धीरे-धीरे मन को शांत करने का प्रयत्न करना चाहिए। फलस्वरूप हम अपनी शक्ति का क्षय रोक सकेंगे। इसलिए अनुभवी संतों ने इस बात पर बार-बार जोर दिया है कि इस संसार को नश्वर समझो, अपने शरीर को नश्वर समझो,अपनी मृत्यु को सदा सामने रखो, तब तुम निश्चिंत भाव से काम कर सकोगे और संसार में फंसने से बच जाओगे।

हम जो प्रवाह प्राप्त कर्म पाएं, उसमें अपना संतोष मानें और उसको ठीक-ठीक करने का अभाव करें, उसे करते हुए अपने अंदर चिंतन करते रहें और इस बात का ध्यान रखें कि हमारे चिंतन में आध्यात्मिकता की ही बातें बार-बार आएं यों तो मन बहुत ही चंचल है, यह हमें वहां से यहां उठाता , बिठाता और फेंकता है। अत: धीरे-धीरे ही इसको वश में किया जा सकता है। अस्तु, हमें सतत इस ओर प्रवृत्त रहने की चेष्टा करनी चाहिए। यदि कोई चीज हमारे मन के अनुकूल न हो, तो हमें उस समय क्रोध अथवा क्षोभ दिखाने की आवश्यकता नहीं।

दैनिक जीवन में सभी प्रकार की आशा-निराशा और सुख-दुख का अनुभव करना पड़ता है। कोई भी इससे बचा नहीं रह सकता है। इसलिए सुख-दुख के जीवन से ऊपर उठने की कला साध लेनी चाहिए।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# भेदभाव और सुविधाओं की कमी से प्रभावित बालिका शिक्षा

आज जब हम स्वतंत्र हैं, सभी को शिक्षा प्राप्त करने का पूरा अधिकार है इसके बावजूद कई ऐसे गांव, बस्ती और कस्बे हैं जहां भेदभाव तो कहीं बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण इस अधिकार का हनन हो रहा है। जिसका सबसे पहले नकारात्मक प्रभाव किशोरियों की शिक्षा पर पड़ता है।

हाल ही में राजस्थान के शिक्षा मंत्री ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्कूलों के विकास से संबंधित कई अहम निर्देश दिये हैं। उन्होंने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में लागू होने वाले नवाचारों और नई तकनीकों पर आधारित गतिविधियों से राज्य के ग्रामीण विद्यालयों को जोड़ने में प्राथमिकता पर ज़ोर दिया है ताकि नई तकनीक पर आधारित कार्यक्रमों से गांव के विद्यार्थी भी लाभांवित हो सकें। दरअसल आज भी राजस्थान के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां शिक्षा का प्रतिशत अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम है। हालांकि राज्य सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध 2011 की जनगणना के आधार पर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता की औसत दर 61.4 प्रतिशत दर्शाया गया है। जिसमें सबसे अधिक गंगानगर के ग्रामीण क्षेत्रों में 66.2 प्रतिशत और सबसे कम प्रतापगढ़ में 53.2 प्रतिशत बताया गया है. जिन ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रतिशत कम है उसके पीछे कई कारण बताये जाते हैं जिसमें सबसे प्रमुख गांव से स्कूल की दूरी है जिससे सबसे अधिक किशोरियों की शिक्षा प्रभावित होती है। इस संबंध में कक्षा 9वीं की छात्रा जाह्नवी बताती है कि गांव के बच्चे और किशोरियां प्रतिदिन पैदल स्कूल जाते हैं लेकिन वहां सुविधाएं नाममात्र की हैं। क्लास रूम तो बने हुए हैं लेकिन विद्यार्थियों के लिए न तो शौचालय की सुविधा उपलब्ध है और न ही पीने के साफ़ पानी की व्यवस्था है. जो पानी उपलब्ध है वह इतना खारा है कि बच्चे उसे पीना नहीं चाहते हैं।

गांव से कम से कम 20 छात्राएं नियमित रूप से स्कूल जाती हैं. लेकिन माहवारी के समय उन्हें सुविधाओं की कमी के कारण घर पर ही रुकना पड़ता है जिससे उनकी क्लास छूट जाती है और वह सिलेबस में पीछे रह जाती हैं ।जाह्नवी बताती है कि -स्कूल में केवल सुविधाओं की ही कमी नहीं है, बल्कि हमारे साथ जातिगत भेदभाव भी किया जाता है। रसूलपुरा में उच्च जातियों की संख्या अधिक है और स्कूल में भी इसी जाति से संबद्ध शिक्षकों और विद्यार्थियों की बहुलता है, ऐसे में वह हमें पढ़ाने में बहुत अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाते है।

जब स्कूल में उच्च जातियों के छात्र-छात्राएं हमारे साथ जातिगत भेदभाव करते हैं और जब हम इसकी शिकायत शिक्षकों से करते हैं तो वह इस पर ध्यान नहीं देते हैं। जब अभिभावक स्कूल आकर इसकी शिकायत करते हैं तो उस समय शिक्षक कुछ नहीं बोलते हैं, लेकिन उनके जाने के बाद हमें डांटा जाता है कि स्कूल की बात घर पर मत बताया करो। अभिभावक हमारी सुरक्षा के प्रति बहुत चिंतित रहते हैं. यही कारण है कि अब इस गांव की लड़कियों को अकेले स्कूल जाने आने नहीं दिया जाता है।

हमें कक्षा में बोलने भी नहीं देते हैं। इसके लिए ज़रूरी है कि स्कूलों में किशोरियों के लिए बुनियादी सुविधाओं को अधिक से अधिक बढ़ाया जाए साथ ही स्कूल का ऐसा वातावरण तैयार किया जाए जहां वह आसानी से शिक्षा प्राप्त कर सकें। दरअसल शिक्षा हमें जातिगत भेदभाव से दूर करती है, लेकिन सच तो यह है कि हाशिए पर खड़े समुदाय और अति पिछड़े समाज के बच्चों को आज भी इसे पाने के लिए संघर्ष करनी पड़ रहा है। उन्हें कई प्रकार के भेदभावों से गुज़रना पड़ रहा है। उनके हौसले को बढ़ाने की जगह मनोबल को तोड़ने का काम किया जा रहा है।

**यशोदा गुर्जर, अजमेर राजस्थान**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*


## जापान में भालुओं को मारने की मिली अनुमति

**टोक्यो।** जापान सरकार ने देश में काले भालुओं को छोड़कर लोगों की जान के लिए खतरा बने अन्य भालुओं को मारने की अनुमति दे दी है। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023 से मार्च के दौरान 19 प्रान्तों में भालू के हमलों का शिकार हुए 219 लोगों में से छह की मौत हो गई। मंत्रालय ने घोषणा की है कि कि नामित प्रबंधन वन्यजीव की सूची में पश्चिम जापान के शिकोकु में विचरण करने वाले काले भालुओं को जोड़ा जाएगा।

# देश विदेश

# संयुक्त अरब अमीरात में 75 वर्षों में सबसे अधिक बारिश हुई

**काहिरा,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। दुनिया के व्यस्ततम हवाई अड्डों में से एक दुबई एयरपोर्ट ने बुधवार को यात्रियों को जबतक बेहद जरूरी न हो वहां न जाने की सलाह दी है। दुबई में पिछले कई दशकों की रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद पूरे शहर में पानी भर गया है। हवाई अड्डे ने कहा कि उड़ानों में देरी हो रही है और उनका मार्ग बदला जा रहा है। हवाईअड्डा संचालक ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में परिचालन को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर दिख रहे फुटेज में हवाईअड्डे के रनवे पर पानी भरा हुआ है और विमान पानी से होकर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। दुबई की प्रमुख विमान सेवा कंपनी एमिरेट्स ने कहा कि उसने खराब मौसम और सड़क की स्थिति के कारण होने वाली परिचालन चुनौतियों की वजह से आधी रात तक प्रस्थान करने वाले यात्रियों के लिए दुबई हवाई अड्डे पर चेक-इन निलंबित कर दिया है। स्थानीय अखबार द नेशनल ने बताया कि दुबई हवाई अड्डे से प्रस्थान करने वाली कम से कम



20 उड़ानें मंगलवार को रद्द कर दी गईं, जिससे भारत, पाकिस्तान, सऊदी अरब, ब्रिटेन तथा अन्य गंतव्यों को जाने वाले यात्री प्रभावित हुए।

■ राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने इसे पिछले 75 साल की सबसे भारी वर्षा बताया

इसमें कहा गया है कि हवाईअड्डे की ओर जाने वाली सड़कें अवरुद्ध और बाढ़ग्रस्त हैं। दुबई सरकार ने कहा कि उसने अपने सभी कर्मचारियों के लिए रिमोट वर्किंग को बुधवार तक बढ़ा दिया है, और निजी क्षेत्र के संस्थानों से भी ऐसा करने का आग्रह किया है। सात अमीरातों के खाड़ी संघ संयुक्त अरब अमीरात में मंगलवार को भारी बारिश हुई। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने इसे पिछले 75 साल की सबसे भारी वर्षा बताया। पुलिस ने बताया कि रस अल खैमा अमीरात में बाढ़ में कार बह जाने से कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह संयुक्त अरब अमीरात का नागरिक था और उसकी उम्र 70 वर्ष के आसपास थी। पड़ोसी ओमान में मूसलाधार बारिश की चपेट में आने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई।

## इजरायल ने दक्षिणी गाजा के राफा में किया हमला, सात लोगों की मौत

**तेल अवीव,** 17 अप्रैल (एजेंसिया)। इजरायल वायु सेना ने दक्षिणी गाजा के राफा में एक इमारत पर हमला किया। इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई। इजरायली मीडिया के मुताबिक, हमला बुधवार सुबह हुआ। अमेरिका और इजरायल के अन्य सहयोगियों ने इजरायल से राफा पर हमला नहीं करने को कहा था क्योंकि इस क्षेत्र में लगभग 13 लाख लोगों की आबादी है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को सूचित किया था कि राफा पर इजरायली हमलों को रोका जाना चाहिए।



मिस्र को चिंता है कि राफा पर हमले से मिस्र के सिनाई क्षेत्र में शरणार्थियों का पलायन हो जाएगा, जो राफा के साथ सीमा साझा करता है। पिछले साल 7 अक्टूबर के हमास के हमले के बाद 27 अक्टूबर 2023 को गाजा में इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के जमीनी आक्रमण के बाद से 33 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए। मोसाद और शिन बेट सहित इजरायली खुफिया एजेंसियों ने इजरायली युद्ध कैबिनेट को राफा क्षेत्र में अधिकांश बंधकों की मौजूदगी की जानकारी दी है और हमास के आतंकवादी उन्हें मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

## सुडोकू 6528

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 3 | | 9 | 8 | 1 | | |
| | | 2 | | 5 | 3 | 8 | | 7 |
| 5 | | 8 | 7 | | | | 2 | |
| 6 | | | | | 9 | | 5 | |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| | 1 | | 4 | | | | | 2 |
| | 7 | | | | 2 | 5 | | 4 |
| 2 | | 9 | 5 | 4 | | 7 | | |
| | | 6 | 9 | 3 | | 2 | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 18 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 10**

### राशिफल

मेष - आज संभलकर कदम रखने की जरूरत है। आसपास रहने वाले लोगों से विवाद हो सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप चिंता का अनुभव करेंगे। अनिद्रा के कारण स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

वृषभ - भावनाओं के बंधन में बंध जाने का अनुभव आपको होगा। आपके काम दिन में पूरे हो जाएंगे। भाई-बहनों से लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे।

मिथुन - आज आप किसी बात को लेकर नेगेटिव विचार मन में ना रखें। असंतोष की भावना रह सकती है। पारिवारिक वातावरण में मेलजोल नहीं रहेगा। शारीरिक रूप से भी आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे।

कर्क - आज भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं। छोटे प्रवास या पर्यटन की संभावना है। आज आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और मन भी खुश रहेगा। दोपहर के बाद कोई काम नहीं बनने से आप चिढ़चिढ़े रहेंगे।

सिंह - आज निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे। पारिवारिक कामों के पीछे धन का खर्च होगा। वाणी पर संयम रखें। नौकरी या व्यापार में उलझन दूर करने के लिए बड़ों की मदद लग सकती है।

कन्या - आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। फिर भी शारीरिक और मानसिक रूप से सुख- शांति रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी वातावरण अनुकूल रहेगा। दोपहर के बाद आप के मन की स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी।

तुला - आज पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। घर की साज-सजावट में भी परिवर्तन करेंगे, इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

वृश्चिक - आप के लिए आज भाग्यवृद्धि का दिन है। विदेश में स्नेहीजन से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धार्मिक प्रवास होने की संभावना है। धन लाभ की भी संभावना है।

धनु - आज सुबह आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। नेगेटिव विचार से आप परेशान रह सकते हैं। वैचारिक स्तर पर संयम रखना आवश्यक है। आर्थिक रूप से तंगी का अनुभव करेंगे।

मकर - आज के दिन परिजनों के साथ पर्यटन का आनंद उठाएंगे। सुबह मन खुश रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको हो सकती है। अधिक खर्च होने से धन की तंगी रहेगी। सरकारी कामों में विघ्न आएंगे।

कुंभ - आज का दिन सुख और शांति से गुजरेगा। पारिवारिक जीवन में भी आनंद छा जाएगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी। आनंद-प्रमोद के साथ वाहन सुख प्राप्त होगा। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ मिलेगा।

मीन - आज आप किसी व्यक्ति या वस्तु के आकर्षण में रहेंगे। किसी भी व्यक्ति के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद ना करें। नए काम की शुरुआत को आज टालें। दोपहर के बाद स्थिति में आकस्मिक सुधार दिखेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# बिना लड़े ही मैदान से हटे गुलाम नबी आजाद

**जम्मू,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगें। अभी तक उनकी उम्मीदवारी को लेकर उनकी पार्टी के कार्यकर्ता बेहद खुश थे। पर अब उनकी खुशी काफूर हो गई है। आजाद के करीबी सूत्रों के बकौल, वे विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं और पार्टी उन्हें मुख्यमंत्री के उम्मीदवार के तौर पर पेश करना चाहेगी। गुलाम नबी आजाद से ऐलान किया है कि वो लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। अनंतनाग-राजौरी सीट से उनकी पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) ने उन्हें उम्मीदवार घोषित किया था। उनकी पार्टी से एडवोकेट मोहम्मद सलीम परे अब इस सीट से चुनाव लड़ेंगे। गुलाम नबी आजाद को 2014 में कठुआ-उधमपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के डा जितेंद्र सिंह ने हराया था। इसी सीट से पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती भी चुनावी मैदान में हैं।

■ आजाद जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री भी हैं

पार्टी के प्रोविंशियल प्रेसिडेंट अमीन भट्टा ने बताया कि आज गुलाम नबी आजाद की पार्टी नेताओं से एक दो घंटे बैठक चली। इस बैठक में फैसला लिया गया कि सलीम परे अनंतनाग-राजौरी सीट से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। गुलाम नबी आजाद ने ये फैसला क्यों लिया, इस पर पार्टी नेता ने कहा कि इसके पीछे कुछ वजह हैं।



सभी ने सहमति से सलीम परे को उम्मीदवार बनाने का फैसला किया।

जम्मू कश्मीर की पांच लोकसभा सीटों में अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र से गुलाम नबी आजाद के चुनाव लड़ने की तैयारी थी। यह घोषणा डीपीएपी के कोषाध्यक्ष ताज मोहिउद्दीन ने श्रीनगर में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान की थी। लेकिन बुधवार को अचानक उनके चुनाव मैदान में उतरने की खबर से सब हैरान रह गए। उनके द्वारा मैदान में न उतरने की घोषणा पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि गुलाम नबी आजाद हार के डर से चुनाव नहीं लड़ रहे, इस सवाल के जवाब में अमीन भट्ट ने कहा कि ये उमर साहब की बौखलाहट है। आजाद साहब ने महाराष्ट्र में दो बार इलेक्शन जीता है। वो थोड़ी डरेंगे।

आजाद, जो जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री भी हैं, ने मतदाताओं की प्रतिक्रियाएं जानने के लिए पहले कई सार्वजनिक बैठकें की थीं। उन्होंने कहा था कि बहुत से लोग मुझसे चुनाव लड़ने के लिए कहते रहे हैं। मेरी संसद में रहने की मांग है। लेकिन ऐसी आवाजें भी हैं जो चाहती हैं कि मैं विधानसभा चुनाव लड़ूं। जानकारी के लिए अभी तक राज्य से मात्र एक बार विधानसभा का चुनाव जीत पाने वाले गुलाम नबी आजाद कई सालों तक राज्यसभा का सदस्य रहे हैं। अपने 47 साल के राजनीतिक कैरियर में उन्होंने राज्य में मात्र तीन बार

लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। अनंतनाग-राजौरी सीट से उनकी पार्टी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) ने उन्हें उम्मीदवार घोषित किया था। उनकी पार्टी से एडवोकेट मोहम्मद सलीम परे अब इस सीट से चुनाव लड़ेंगे : गुलाम नबी आजाद

ही किस्मत आजमाई थी। हालांकि 1977 में पहली बार जमानत जब्त करवाने वाले गुलाम नबी आजाद ने 30 सालों के बाद वोट पाने का रिकार्ड तो बनाया था लेकिन अब सवाल पैदा हो गया था कि कि क्या वे अब कश्मीर से लोकसभा चुनाव में अगर किस्मत आजमाते हैं तो वे जीत सकेंगें या नहीं क्योंकि एक बार 2014 में वे लोकसभा का चुनाव हार चुके हैं।

# ईरान क्षेत्र में तनाव नहीं बढ़ाना चाहता : विदेश मंत्री

**तेहरान,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुलहियन का कहना है कि देश क्षेत्र में तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है। ईरानी विदेश मंत्रालय से जारी बयान के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्री ने मंगलवार को इंडोनेशिया के विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बयान दिया। इस दौरान दोनों पक्षों ने मध्य पूर्व में लेटेस्ट घटनाओं पर चर्चा की, जिसमें इजरायल पर ईरान के बड़े पैमाने पर जवाबी हमले और गाजा पट्टी की स्थिति के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंध भी शामिल थे। विदेश मंत्री अमीर-अब्दुलहियन ने कहा कि ईरान हमेशा क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहेगा। इजरायल क्षेत्र में तनाव और युद्ध का मूल कारण है। विदेश मंत्री ने एक अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के दूतावास के कांसुलर सेक्शन पर इजरायल के कथित हमले की इंडोनेशिया की निंदा की सराहना की और




इजरायली हमले को आक्रामकता का कार्य बताया। विदेश मंत्री अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा कि इजरायल के खिलाफ ईरान का ड्रोन और मिसाइल हमला अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में था। इंडोनेशियाई विदेश मंत्री ने अपनी ओर से फिलिस्तीनी मुद्दे पर द्विपक्षीय सहयोग जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा कि गाजा संकट को नहीं भूलना चाहिए और फिलिस्तीनी मुद्दे को जीवित रखना चाहिए।

## कंबोडियाई नववर्ष की छुट्टियों के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 37 की मौत

**नामपेन्ह,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। कंबोडिया में परंपरागत नववर्ष की छुट्टियों के दौरान 13 से 16 अप्रैल के बीच सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 37 लोगों की मौत हुई है। बुधवार को यहां राष्ट्रीय पुलिस रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटनाओं में 88 अन्य घायल भी हुए हैं। चार दिनों की छुट्टियों के दौरान कुल 64 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं। अधिकतर दुर्घटनाएं तेज़ गति, लापरवाही और नशे में गाड़ी चलाने के कारण हुई। सड़क दुर्घटनाओं के कारण देश को प्रतिवर्ष लगभग 46.6 करोड अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में कुल 1,590 लोगों की जानें गई है।

## वर्ग पहेली 6528



**बायें से दायें:-**

१. दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीका, बेमजा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बांधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाये
१३. निंदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. (के) स्थान पर, बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़तापूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. दोष या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य, सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बारह वर्ष की कन्या, कुआंरी कन्या, दुर्गा,
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरुआत
२०. जड़ी-बूटियों या खनिजों आदि से रासायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो, अधो

### वर्ग पहेली-6527



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1612- मुगल बादशाह शाहजहां ने मुमताज से निकाह किया।
1621- सिक्खों के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर का जन्म।
1859- वर्ष 1857 विद्रोह के नेता तात्यां तोपे को फांसी दी गयी।
1902- अपराधियों की पहचान के लिए डेनमार्क ने सबसे पहले फिंगरप्रिंट दर्ज करने शुरू किए।
1906- सैन फ्रांसिस्को में भूकंप और आग से लगभग 4000 लोगों की मौत।
1917- महात्मा गांधी ने सत्याग्रह के लिए बिहार के चंपारण का चयन किया।
1924- रिचर्ड साइमन और लिंकन शूस्टर द्वारा दुनिया की पहली क्रॉसवर्ड पजल बुक छापी गई।
1930 - सूर्य सेन उर्फ मास्टर दा और इंडियन रिपब्लिकन आर्मी के 62 लोगों ने चटगांव शस्त्रागार पर धावा बोला।
1948 - नीदरलैंड के हेग में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का गठन हुआ।
1950 - विनोबा भावे ने आंध्र प्रदेश (अब तेलंगाना) के पचमपल्ली गाँव से भूदान आंदोलन की शुरुआत की।
1955- महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का निधन हुआ।
1971- सम्राट अशोक नामक देश का पहला जंबो जेट विमान 747 मुंबई में उतरा।
1978- प्रख्यात लेखक खुशवंत सिंह के पिता शोभा सिंह का निधन।
1980 - जिंबाब्वे ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता मिलने की घोषणा की।
1991- केरल भारत का पहला पूर्ण साक्षर राज्य घोषित हुआ।
1992- रंगभेद के कारण प्रतिबंधित दक्षिण अफ्रीका ने 1970 के बाद पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला।
1994- वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ब्रायन लारा ने इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन में 375 रन बनाकर सर गारफील्ड सोबर्स का रिकार्ड तोड़ा।
1996- काहिरा में अज्ञात हमलावरों ने ग्रीस के 17 टूरिस्टों और उनके स्थानीय गाइड को गोलियों से भूना।

संकट *अपने बेटों की कस्टडी और अपने बेटों के नाम पर कुछ संपत्तियों को लेकर विवाद*

# मैं अपने बेटों के बिना कभी भारत नहीं लौटूंगी : फरजाना

**इस्लामाबाद, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय नागरिक फरजाना बेगम इस समय पाकिस्तान में अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए लड़ रही हैं। फरजाना ने यह कहते हुए अपने मूल देश (भारत) लौटने से इनकार कर दिया है कि पाकिस्तान में उनके बच्चों की जान को खतरा है। मुंबई निवासी फरजाना बेगम ने साल 2015 में अबू धाबी में पाकिस्तानी नागरिक मिर्जा मुबीन इलाही से शादी की थी। बाद में, दंपति 2018 में पाकिस्तान आए। उनके सात और छह साल के दो बेटे हैं।**

फरजाना बेगम का मामला तब सुर्खियों में आया जब उसने कथित तौर पर अपने बेटों की कस्टडी और अपने बेटों के नाम पर कुछ संपत्तियों के विवाद को लेकर अपने पति को प्रताड़ित किया। फरजाना ने अपने पति के इस दावे को खारिज कर दिया कि उसने उसे तलाक दे दिया है। फरजाना ने कहा कि अगर उसने मुझे तलाक दिया है, तो इसका प्रमाण पत्र होना चाहिए। फरजाना ने कहा कि पाकिस्तान में संपत्ति विवाद को लेकर मेरी और मेरे बच्चों की जान खतरे में है। मैं लाहौर के रहमान गार्डन में अपने घर तक ही सीमित हूं और मेरे बच्चे भूख से परेशान हैं। फरजाना ने अपने बेटों के बिना अपने मूल देश जाने से इनकार करते हुए पाकिस्तान सरकार से मामला सुलझने तक सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। उन्होंने कहा, लाहौर में कुछ संपत्तियां हैं जो मेरे बेटों के नाम



पर हैं। मेरे और मेरे बच्चों के पासपोर्ट मेरे पति के कब्जे में हैं। फरजाना बेगम, मिर्जा मुबीन इलाही की दूसरी पत्नी हैं। इलाही के पहले से ही एक पाकिस्तानी पत्नी और बच्चे हैं। फरजाना का आरोप है कि वे उसे भारत लौटने और संपत्तियों पर नियंत्रण छीनने के लिए धमकाने और डराने की साजिश रच रहे हैं। फरजाना के वकील मोहसिन अब्बास ने कहा कि मुबीन इलाही झूठी अफवाह फैला रहे हैं कि फरजाना का वीजा समाप्त हो गया है, जबकि उसका पासपोर्ट उसके पास है। फरजाना ने कहा कि

पाकिस्तान में संपत्ति विवाद को लेकर मेरी और मेरे बच्चों की जान खतरे में है। मैं लाहौर के रहमान गार्डन में अपने घर तक ही सीमित हूं और मेरे बच्चे भूख से परेशान हैं : फरजाना

मैं अपने बेटों के बिना कभी भारत नहीं लौटूंगी। जहां फरजाना अपने रुख के बारे में मुखर रही हैं, वहीं इलाही शांत हैं और उन्होंने इस मामले पर अपनी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। फरजाना ने कहा कि मुझे पता है कि इलाही यह सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया में देरी कर रहे हैं कि मेरा वीजा समाप्त हो जाए और मुझे पाकिस्तान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़े। लेकिन मैं अपने बेटों के बिना नहीं जाऊंगी।

## दुनिया को जानें

### पाक: बारिश से होने वाली दुर्घटनाओं में 71 की मौत, 67 घायल

**इस्लामाबाद,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश और बिजली गिरने से चार दिनों में 71 लोगों की मौत हो गई और 67 अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के एक अधिकारी ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है, जहां छत गिरने और बिजली गिरने सहित विभिन्न घटनाओं में 32 लोगों की जान चली गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा में मृतकों में 15 बच्चे और पांच महिलाएं हैं, जबकि 41 अन्य घायल हुए हैं और 1,370 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारी ने बताया कि पूर्वी पंजाब में 23 लोगों की जान चली गई और सात घायल हो गए, दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान में आठ लोग मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। इस अवधि के दौरान पाकिस्तान नियंत्रित कश्मीर में भारी बारिश के कारण कम से कम आठ लोग मारे गए और 11 अन्य घायल हो गए और 47 घर नष्ट हो गए।

# प्रादेशिकी

## राममंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के प्राचीन श्री राममंदिर में भी आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। यहां पंडित विवेक शर्मा के निर्देशन में सुंदरकांड के साथ 51 थालियों से पूरे विधि विधान के साथ श्रद्धालु आरती में शामिल हुए। जिसके बाद बर्फी, फल और पंचामृत का प्रसाद वितरित किया गया। वहीं सारथी परिवार की ओर से आवास विकास में नवीन पंत के आवास पर हवन और कन्या पूजन का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूजा पंत, अंजू पंत, लक्ष्मी देवी, हंसी देवी, देवा, मालती आर्या, लता गुप्ता, हेमा पाठक, प्रियांशी जोशी, कनिका पांडे, नेहा, नम्रता, वैष्णवी, भूमिका, ज्योति, देवा आदि मौजूद रहे।

# प्रचार का शोर थमा, आखिरी दिन सभी पार्टियों ने पूरी ताकत झोंकी

■ बुधवार को सभी पार्टियों ने चुनाव प्रचार में झोंकी ताकत

■ मुख्यमंत्री धामी ने की ताबड तोड रैलियां

**हल्द्वानी,** 17 अप्रैल (देशबन्धु) 19 अप्रैल को उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। बुधवार शाम चुनाव प्रचार का शोर थम गया। ऐसे में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राजनीतिक पार्टियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी के नैनीताल उधमसिंह नगर लोकसभा सीट पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हल्द्वानी में रोड शो किया। कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी सचिन पायलट हल्द्वानी रामलीला ग्राउंड में जनसभा के माध्यम से कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के लिए वोट मांगेंगे। मुख्यमंत्री के हल्द्वानी में रोड शो के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रोड शो को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए नैनीताल जिले के सभी मंडल अध्यक्षों, सभी मोर्चों के




पदाधिकारियों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने को कहा गया है।

बीजेपी के मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट ने बताया कि रोड शो बुधवार को दोपहर 2 बजे पशु चिकित्सालय कालाढूंगी रोड से होते हुए दीन दयाल पार्क तिकोनिया चौराहे तक निकाला जायेगा। रोड शो के दौरान महिला मोर्चा के द्वारा अलग अलग स्थानों में मुख्यमंत्री का स्वागत कार्यक्रम भी इस दौरान किया जायेगा। रोड शो में नैनीताल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट समेत सभी भाजपा विधायक एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। रोड शो आयोजित कर भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में अपनी मजबूत स्थिति का प्रदर्शन कर मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करने का भरपूर प्रयास करेगी।

## प्रचार के अंतिम दिन भाजपा ने झोंकी पूरी ताकत

**देहरादून।** आज शाम 5 बजे पहले चरण के लिए होने वाले चुनाव का प्रचार अभियान थम जाएगा। आज चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा के सभी प्रत्याशियों ने धुंआधार प्रचार किया वहीं मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी में भव्य रोड शो के जरिए लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। राज्य की सभी पांच संसदीय सीटों के लिए पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। चुनाव प्रचार आज शाम 5 बजे तक चलेगा, भाजपा के पौड़ी गढ़वाल सीट से प्रत्याशी अनिल बलूनी ने आज अपने प्रचार के अंतिम दिन जहां चमोली के कई क्षेत्रों में तीन चार जनसभाएं की। वही हरिद्वार सीट से प्रत्याशी पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने आज रुड़की में एक रोड शो निकाला और जनसंपर्क अभियान चलाया। उनका कहना है कि उन्हें जनता का भरपूर सहयोग व समर्थन मिल रहा है तथा भाजपा सभी पांचों सीटों पर बड़े अंतर के साथ जीत दर्ज करने जा रही है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी भी आज अनिल बलूनी के समर्थन में प्रचार करने के लिए ऋषिकेश पहुंचे और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि देश और उत्तराखंड के विकास के लिए भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से पीएम बनाना जरूरी है।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लिया निर्वाचन तैयारियों का जायजा

**देहरादून,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी.पुरुषोत्तम ने बुधवार को देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज पहुंचकर मतदान हेतु प्रस्थान करने वाली पोलिंग पार्टियों फेसिलिटेशन सेंटर एवं निर्वाचन तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने ईवीएम ट्रेंनिंग सेंटर, वोट फेसिलिटेशन सेंटर समेत विभिन्न स्टॉल्स का भी निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान ड्यूटी में लगे कार्मिकों से बातचीत कर उनको मनोयोग और टीम भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रदेश में सकुशल मतदान संपादित करने हेतु मतदान ड्यूटी में लगे समस्त कार्मिक पूरी मेहनत से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समस्त जनपदों को निर्देश दिए गए हैं कि मतदान ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को किसी भी प्रकार से अनावश्यक परेशान न होना पड़े इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

## राज्यसभा चुनाव नतीजों के बाद सरकार को सत्ता में रहने का नैतिक अधिकार नहीं : जयराम

■ आज कांग्रेस पार्टी में बड़ी संख्या में नेता नेतृत्व परिवर्तन चाहते है

**शिमला,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। भाजपा की नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला में एक प्रेस वार्ता कर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोला, कांग्रेस की कल हुई प्रेस वार्ता के एक-एक प्रश्न का जवाब देते हुए जयराम ठाकुर ने कहा मुख्यमंत्री बहुत बड़े बहुमत के बाद भी नेताओं को साथ चलने में असफल रहे। इसके कई उदाहरण है, राज्यसभा चुनाव के नतीजों के बाद सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में अलग-अलग गुट है जिन्होंने ईमानदारी से प्रयास किया कि मुख्यमंत्री इस्तीफा दे। आज कांग्रेस पार्टी में बड़ी संख्या में नेता नेतृत्व परिवर्तन चाहते है, पर लोकसभा चुनावों की वजह से यह संभव नहीं हो पाया। फिर भी मुख्यमंत्री के दाएं-बाएं बैठे नेताओं को हौंसला दिया गया है की लोकसभा चुनाव नतीजों तक इंतजार करो। जयराम ठाकुर ने कल आए सर्वे का जिक्र भी किया है जिसमें भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर 400 पार के लक्ष्य के करीब है और हिमाचल में सभी चार सीटें जीतने का संकेत दिया गया है।

जयराम ठाकुर ने महिला सम्मान निधि का जवाब देते हुए कहा कि हिमाचल में कहां, किसको और कब मिली ? विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस नेताओं ने अनेकों फॉर्म भरे और अब फिर फॉर्म भर हिमाचल की महिलाओं को ठगने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के बजट में इस योजना का कोई जिक्र तक नहीं हुआ। मुख्यमंत्री दबाव में आए तो 5 मिनट की प्रेस वार्ता में घोषणा कर दी। भाजपा को इस योजना को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। कांग्रेस सरकार को सत्ता में आए 15 महीने हो गए हैं लेकिन इस योजना को लागू करने के लिए किसी ने कांग्रेस के हाथ नहीं बांध रखे थे। जयराम ने कहा की मुख्यमंत्री विचलित है, अब बोल रहे हैं कि इस योजना के 2 महीने अप्रैल और मई 2024 की 3000 रु की राशि महिलाओं के खाते में डालेंगे क्या यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है ?



उन्होंने उपमुख्यमंत्री का जवाब देते हुए कहा कि ऐसी क्या आवश्यकता आन पड़ी कि मुकेश बोल रहे हैं कि सरकार स्थिर है, अगर उन्होंने सरकार बनाने के आंकड़े देखने हैं तो राज्यसभा के नतीजे देख ले यह साफ आंकड़े दिखाएंगे। हाल ही में कांग्रेस नेताओं ने बड़े कदम उठाए और सरकार के खिलाफ दिखाकर वोट डाला, यह सरकार की सीधी सीधी नाकामी है। जब सीएम ने जन प्रतिनिधियों को उचित स्थान ही नहीं दिया और मुख्यमंत्री के दोस्त कैबिनेट दर्जे के साथ सरकार चला रहे हैं तो यह तो होना ही था। जयराम ठाकुर ने ओल्ड पेंशन स्कीम पर कहा कि हमने ना तब, ना आज विरोध किया। कांग्रेस पार्टी केवल मात्र कर्मचारियों में दहशत का माहौल खड़ा करने का प्रयास कर रही है। भाजपा की सरकार राजस्थान में भी है पर वहां भी इस योजना को बंद नहीं किया गया।

सार संक्षेप

### सतपुली शराब प्रकरण पर गणेश गोदियाल को निर्वाचन आयोग की सख्त हिदायत

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव के चक्कलस के बीच सतपुली शराब प्रकरण के चलते सियासत गरमाई हुई है। हाल ही में एकेश्वर क्षेत्र में बंद पड़ी फैक्ट्री में 9 हजार से ज्यादा पेटी शराब पकड़ी गई थी। जिसे लेकर कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने वीडियो जारी कर बीजेपी और उनके पार्टी के प्रत्याशी अनिल बलूनी पर गंभीर आरोप लगाए थे। अब मामले में निर्वाचन आयोग ने गणेश गोदियाल को कड़ी चेतावनी दी है। साथ ही साफतौर पर कहा कि वो फिर से बिना किसी तथ्य और पुष्टि के किसी के ऊपर आरोप न लगाएं। दरअसल, बीते दिनों सतपुली क्षेत्र में बंद पड़े बॉटलिंग प्लांट में आबकारी विभाग और एफएसटी को 9331 शराब की पेटियां मिली थी। जिसे लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया था। इतना ही नहीं कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने अपनी सोशल मीडिया पर लाइव आकर न केवल बयानबाजी की थी। बल्कि, बीजेपी प्रत्याशी अनिल बलूनी समेत सरकारी अधिकारियों पर भी कई तरह के आरोप लगाए थे। उस वक्त गणेश गोदियाल ने कहा था कि यह शराब बिना बिल और चुनाव में बांटने के लिए मंगाई गई है। जिससे मामला गरमा गया था। कांग्रेस के आरोपों पर बीजेपी प्रत्याशी अनिल बलूनी का कहना था कि विपक्षी दल बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। शराब की फैक्ट्री पर दो-दो ताले लगे थे और बंद पड़ी हुई थी।

### हरदा ने हर की पौड़ी पर पुत्र वीरेंद्र रावत सहित लगाई डुबकी

**हरिद्वार।** पूर्व सीएम हरीश रावत और हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उनके पुत्र वीरेंद्र रावत ने आज रामनवमी के अवसर पर तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ हर की पौड़ी पर गंगा में डुबकी लगाई तथा मां गंगा की पूजा अर्चना की।
आज उत्तराखंड की सभी पांच सीटों के लिए होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार का अंतिम दिन है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने आज अपने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन की शुरुआत हर की पौड़ी पर गंगा में डुबकी लगाकर की। या यूं कहिए कि अपने बेटे वीरेंद्र रावत के साथ जीत का आशीर्वाद लेने के लिए वह मां गंगा की शरण में पहुंचे। इस समय उनके साथ कुछ कांग्रेस नेता और उनके समर्थक भी थे। उन्होंने गंगा स्नान के बाद मां गंगा का भजन-पूजन किया और अपने बेटे की जीत का आशीर्वाद मांगा।
उल्लेखनीय है कि हरिद्वार ग्रामीण सीट से उनकी पुत्री अनुपमा रावत कांग्रेस से विधानसभा सदस्य है। हरीश रावत जो अब राजनीति से संन्यास लेने वाले हैं अपने बेटे वीरेंद्र रावत को लोकसभा भेजना चाहते हैं।

### सुडोकू 6528 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 6 | 5 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 7 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 6 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 8 | 3 | 4 | 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 |
| 3 | 7 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 2 | 1 | 8 |

## धामी ने किए बाबा नीम करौली के दर्शन

**नैनीताल,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। पूरे देशभर में रामनवमी पर्व 2024 धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने विश्व प्रसिद्ध बाबा नीम करौली महाराज के दर्शन किए। साथ ही तपस्या स्थल पर बैठकर ध्यान भी लगाया और बाबा से प्रदेश में सुख शांति एवं खुशहाली की मन्नत मांगी। वहीं, धामी ने एक तरफा जीत का दावा किया। सीएम धामी ने कहा कि हमेशा बाबा नीम करौली महाराज का आशीर्वाद उन्हें



मिलता रहा है। आज रामनवमी और चुनाव प्रचार का अंतिम दिन है, ऐसे में वो बाबा के दर्शन करने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि देशवासियों के लिए गर्व की बात है कि 500 सालों के बाद रामलला अपने घर लौटे हैं। ये क्षण सभी को भावुक करने वाला है। धामी का कहना है कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत सरकार की ओर से कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत बाईपास रोड, पार्किंग समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। बता दें कि इससे पहले चौत्र नवरात्रि के नवें दिन और रामनवमी पर शासकीय आवास पर धामी ने अपनी धर्मपत्नी गीता धामी संग देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन किया।

## एनएसयूआई की हरियाणा कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

## भाजपा शासनकाल में युवा, महिला, किसान, श्रमिक और पिछड़ा वर्ग के हितों की अनदेखी की

■ बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मौजूद रहे

**भिवानी,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। छात्र हितों समेत अन्य विभिन्न मुद्दों को लेकर एनएसयूआई की हरियाणा प्रदेश की कार्यकारिणी की बैठक एनएसयूआई मुख्यालय नई दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी ने की, इस दौरान एनएसयूआई के नवनियुक्त प्रभारी अंकित व कांता भी मौजूद रहे। यह जानकारी एनएसयूआई के भिवानी जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों पर गहनता से चर्चा हुई। जिसमें युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक व हिस्सेदार न्याय पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। लांग्यान ने बताया कि बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मौजूद रहे। एनएसयूआई के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव ने नवनियुक्त प्रभारियों सहित अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक में वरूण चौधरी ने कहा कि भाजपा शासनकाल में युवा, महिला, किसान, श्रमिक व पिछड़ा वर्ग के हितों की अनदेखी की है। जिसके चलते प्रदेश का प्रत्येक नागरिक दुखी व परेशान है। प्रभारी अंकित व कांता ने कहा कि भाजपा शासनकाल में छात्र हितों से लगातार खिलवाड़ किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव ने कहा कि एनएसयूआई हिस्सेदारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय व श्रमिक न्याय के मुद्दों को लेकर चल रही है। मनजीत लांग्यान ने कहा कि एनएसयूआई का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके अधिकारों से अवगत करवाकर उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना है।




एनएसयूआई की हरियाणा कार्यकारिणी की बैठक।

## जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान ने की पुलिस बल की ब्रीफिंग

**हरिद्वार,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल की अध्यक्षता में आज पुलिस लाइन रोशनाबाद स्थित सभागार में चुनाव ड्यूटी/व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में नियुक्त पुलिस-प्रशासन, पीएसी, पैरामिलिटरी फोर्सेज वन विभाग, होमगार्ड्स एवं पीआरडी के जवानों को आदर्श एवं



निष्पक्ष मतदान कराए जाने हेतु संयुक्त रूप से ब्रीफ किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अपने संबोधन में कहा कि वर्दी निर्वाचन के विश्वास का प्रतीक है। जिसमें आम जनता को यह सुरक्षित एहसास होता है कि सुरक्षा बलों के संरक्षण में निष्पक्ष, सुरक्षित एवं भयमुक्त निर्वाचन संपन्न होगा। समस्त सुरक्षा बलों से अपेक्षा की जाती है कि अपनेकृअपने दायित्वों का निर्वहन बड़ी कुशलता के साथ करेंगे एवं ईवीएम मशीन की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखेंगे। हम सभी को मिलकर अपनीकृअपनी जिम्मेदारी के साथ इस पर्व को निर्विघ्न संपन्न कराना है। जिस स्थान पर हमारी ड्यूटी निर्धारित की गई है उस स्थान के चारों तरफ हमें नजर बनाकर रखना है तथा मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होगी। पोलिंग बूथ पर अगर कोई अराजक तत्व आते हैं तो समय रहते हुए उसकी सूचना अपने उच्च अधिकारी को दी जाए जिससे मौके पर संबंधित अधिकारी जाकर उसका समाधान नियमानुसार कर सकें।

## कांग्रेस ने उठाए राम के अस्तित्व पर प्रश्न : अनुराग

**हमीरपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के नादौन में माँ बगलामुखी कमेटी द्वारा रामनवमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समस्त देशवासियों को नवरात्र व रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि अयोध्या में रामलला की पहली नवमी पर भगवान सूर्यदेव स्वयं उनकी आरती उतार रहे हैं।

पूरी दुनिया के अलग अलग कोनों में रामकथा का आयोजन होता है पर पिछले 60 वर्षों में कांग्रेस ने भारत में ही राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए, राम सेतु को काल्पनिक बताया। राम मंदिर न बने इसके लिए वकीलों की फौज खड़ी की। ठाकुर ने कहा कि देश ने राम मंदिर के निर्माण हेतु 500 वर्षों का इंतजार सहा और बलिदान दिए। लेकिन अब अयोध्या में विश्व भर से श्रद्धालु आयेंगे। उन्होंने कहा कि रामनवमी और नवरात्र में पूरे देश विदेश से श्रद्धालु हिमाचल प्रदेश के माता चिंतपूर्णी धाम में पूजा अर्चना



करने पधारते हैं। ठाकुर ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से मैंने ऊना से हरिद्वार, खाटू श्याम, कलकत्ता, नांदेड़ शाहब, वृंदावन, मथुरा, ओंकारेश्वर, ग्वालियर, आगरा और महाकाल लोक तक ट्रेनें चलवा दी हैं।

## चकराता के ठाणा डांडा में बिस्सू गनियात पर्व की धूम

**जौनसार बावर के गीत नृत्य ने मोहा मन**

**विकासनगर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। जौनसार बावर चकराता के ठाणा डांडा में बिस्सू गनियात पर्व की धूम मची रही। पर्व में जौनसार बावर की संस्कृति की झलक दिखी। आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक माना जाता है बिस्सू गनियात पर्व बहुत फेमस है। जौनसार बावर जनजातीय क्षेत्र के तीज त्यौहार और सांस्कृतिक परंम्परा खास है। यहां हरेक पर्व को अलग ही अंदाज में मनाया जाता है। इन दिनों अलग अलग क्षेत्रों में बिस्सू गनियात की धूम है। यह पर्व आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक माना जाता है। चकराता के ठाणा डांडा का बिस्सू गनियात पर्व करीब सौ सालों से भी अधिक समय से मनाया जाता आ रहा है। इस पर्व में ठाणा गांव और बणगांव खत पट्टी के कई गांव



शिरकत करते हैं। ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते गाते चकराता के समीप ठाणा डांडा थात (मैदान )में पहुंचते हैं। यहां पर ठाणा के ग्रामीण बणगांव के लोगों का स्वागत ढोल नगाड़े बजाकर करते हैं। एक दूसरे के गले मिलकर बिस्सू गनियात पर्व की बधाई देते हैं। इस दृश्य को देखने के लिए हजारों की संख्या में बिस्सू गनियात मेले में लोग पहुंचते हैं। पौराणिक तांदी, हारूल, झैता, जूडो, ठोऊडा नृत्य का सिलसिला शुरू होता है। गनियात पर्व की खास बात यह है कि महिलाएं पारम्परिक परिधान घाघरा, ढांटू, जगा पहन कर लोक नृत्य कर पर्व मनाती हैं। पुरुष भी पौराणिक परिधान जूडो पहनकर पर्व की खुशी मनाते हैं। साथ ही ठोऊडा नृत्य देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ता है। जौनसार बावर की पौराणिक संस्कृति की झलक इस बिस्सू गनियात मेले में देखने को मिलती है। रिटायर्ड आईएएस कुलानंद जोशी बताते हैं, कि बैसाखी और बिस्सू गनियात मेला जौनसार बावर में कहीं दो दिन और कहीं तीन दिन का होता है। ठाणा डांडा में दो खतों, उप्पल गांव और बणगांव का मेला होता है। इसमें जौनसार बावर के रीति रिवाज, संस्कृति, लोक संस्कृति की बहुत बड़ी झलक देखने को मिलती है।

# आग की लपटों में घिरे हुए हैं उत्तराखण्ड के जंगल

■ जंगलों की आग शहरों के नजदीक पहुंच रही

■ आग से पर्वतीय क्षेत्रों में गर्मी मे हो रहा इजाफा

■ अमर नाथ तिवारी



**देहरादून,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। जंगल इन दिनों आग की लपटों से घिरे हुए हैं। चारों और आसमान में फैली धुंध से साफ पता चल रहा है कि शहर से लेकर गांव में जंगल आग में झुलस रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग लाचार दिख रहा है और पर्यावरण विशेषज्ञ चिंता में नजर आ रहे हैं। जंगलों में लगी आग शहरों के नजदीक पहुंच रही है, जिससे गर्मी का अहसास भी सबसे ज्यादा हो रहा है। लंबे समय से रुद्रप्रयाग में बारिश नहीं हो रही है। केदारघाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल रही है, लेकिन निचले क्षेत्रों में बारिश नहीं हो रही है। ऐसे में एक ओर बारिश नहीं होने से लोग परेशान हैं, तो दूसरी ओर जंगलों में लग रही आग के कारण गर्मी का सितम बढ़ता जा रहा है। जिससे पर्यावरण विशेषज्ञ खासे चिंतित नजर आ रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञ हिमालयी क्षेत्रों में बढ़ रही मानवीय गतिविधियों को मौसम में आये बदलाव का कारण मान रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञ देवराघवेन्द्र बद्री ने कहा कि जंगलों में लगाई जा रही आग पर्यावरण के लिए बेहद ही नुकसानदायक है। हिमालयी क्षेत्रों में निर्माण कार्य होने और जंगलों में आग लगने से मौसम में बदलाव आ गया है। जंगलों में लग रही आग से वन्य जीव जंतुओं का अस्तित्व भी खत्म होता जा रहा है और जंगलों में पाई जाने वाली औषधीय और जड़ी-बूटियां भी नष्ट हो रही हैं।

### वन कर्मियों के पास नहीं हैं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**रुद्रप्रयाग।** सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र बिष्ट ने कहा कि वनों में लग रही आग को बुझाने में वन विभाग नाकाम दिखाई दे रहा है। इसका मुख्य कारण यह है कि वन कर्मियों के पास संसाधनों के साथ ही सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अपनी जान पर खेलकर वन कर्मी मौके पर तो पहुंच जाते हैं, लेकिन बिना संसाधनों के उन्हें भी आग बुझाने में दिक्कतें होती हैं। वहीं, जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र बिष्ट ने कहा कि वनों में लग रही आग से लाखों की वन संपदा राख हो गई है। चारों ओर धुंध ही धुंध छा गई है। प्रदूषण फैलने से बीमारियां भी जन्म ले रही हैं। प्रकृति को बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है।

### आग बुझाने में जुटे वनकर्मी

**रुद्रप्रयाग।** प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु ने बताया कि जंगलों में लगी आग को बुझाने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। आग उन स्थानों तक पहुंच रही है, जहां तक पहुंचना भी असंभव है, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग के कर्मी जान पर खेलकर आग बुझाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि वन विभाग के पास जो भी उपकरण हैं, उनका प्रयोग करके आग बुझाई जा रही है।

# प्रादेशिकी

## रामनवमी पर भगवान राम की निकली शोभा यात्रा

**फर्रुखाबाद,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। नवदुर्गा के बाद चैत की रामनवमी पर भगवान राम की शोभा यात्रा नगद के मुख्य मार्ग पर धूमधाम से बंद बाजोके साथ धूमधाम से निकल गई। भक्तों ने जगह-जगह आरती उतार कर पुष्प वर्षा की। भगवान राम की शोभा यात्रा मैं भगवान राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न चारों भाई रथ पर विराजमान थे शोभा यात्रा के आगे भक्ता जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे शोभा यात्रा को देखने के लिए सड़क के दोनों भीड़ उमड पड़ीट रेलवे रोड सरस्वती भवन से प्रारंभ होकर चौक से नेहरू रोड से घूमते हुए नाला मच्छर हट। लोहड़ी रोड होते हुए सरस्वती भवन पद विराम हुई। शोभा यात्रा में आनंद प्रकाश गुप्ता मुन्ना किशन कन्हैया सक्सेना राम वीर बृजेश मिश्रा अरविंद भारद्वाज लालाराम दुबे मोहित मिश्रा राम जी मिश्रा आदि सैकड़ों की संख्या में भक्ता जय श्री राम के नारे लगाते हुए चल रहे थे।

# उत्तर प्रदेश में थमा पहले चरण का चुनाव प्रचार

## आठ सीटों पर कई बड़ी हस्तियों के भाग्य का होगा फैसला

**लखनऊ,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को है। इसको लेकर बुधवार की शाम 6 बजे प्रचार थम गया। पहले चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में कई राजनीतिक हस्तियों की परीक्षा होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदान की समाप्ति तक किसी भी प्रकार की चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियां संचालित नहीं होगी। सभी राजनीतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी। मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले यानी 17 अप्रैल शाम छह बजे तक ही प्रचार का समय निर्धारित किया गया था। पहले चरण में सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (सु.), मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत लोकसभा क्षेत्रों में वोटिंग होनी है। इंडिया गठबंधन ने आठ में से सात सीटों पर सपा और एक सीट पर कांग्रेस का प्रत्याशी उतारा है। इसी तरह, एनडीए की ओर से सात सीटों पर भाजपा और एक सीट पर रालोद का प्रत्याशी है। बसपा ने सभी




मतदान की समाप्ति तक किसी भी प्रकार की चुनाव प्रचार संबंधी गतिविधियां संचालित नहीं होगी : नवदीप रिणवा

आठ सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। शुक्रवार के मतदान में केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान, योगी सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, कैराना से भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी, बिजनौर से एनडीए प्रत्याशी के रूप में उतरे मीरापुर के रालोद विधायक चंदन चौहान और नगीना से बतौर भाजपा प्रत्याशी ताल ठोंक रहे नहटौर के विधायक ओम कुमार शामिल हैं। पहले चरण की सीटों पर इस बार समीकरण बदला हुआ है। पिछले दो चुनाव से सपा के साथ मिलकर लड़ रही रालोद इस बार भाजपा के साथ है। बसपा अकेले ही मैदान में उतरी हुई है। पीलीभीत से भाजपा ने वरुण गांधी का टिकट काट कर यूपी सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। इंडिया गठबंधन की तरफ से सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार मैदान में हैं। बसपा ने अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू पर दांव लगाया है। वरुण गांधी 2019 में यहां से बड़े अंतर से जीत दर्ज कर चुके हैं। सहारनपुर सीट पर सत्तारूढ़ भाजपा ने राघव लखनपाल पर अपना दांव लगाया है। कांग्रेस के उम्मीदवार इमरान मसूद हैं।

बसपा ने यहां से माजिद अली को उतारा है। यह सीट 2019 के चुनाव में बसपा के खाते में थी। यहां से हाजी फजीलुर रहमान ने बसपा के टिकट से जीत हासिल की थी। मुरादाबाद में इंडिया गठबंधन सपा की तरफ से रुचि वीरा उम्मीदवार हैं। भाजपा ने सर्वेश सिंह, बसपा ने इरफान सैफी को अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा ने मौजूदा सांसद एस.टी. हसन को पहले उतारा, और फिर उनका टिकट काट दिया। यह सीट 2019 में सपा के खाते में थी। रामपुर सीट पर इस बार आजम खान का कोई दखल नहीं है। सपा ने इस बार उनकी पसंद का उम्मीदवार भी नहीं उतारा है। भाजपा ने घनश्याम लोधी पर दांव खेला है। सपा ने इस बार रामपुर से दिल्ली के इमाम मोहिबुल्ला नदवी पर दांव लगाया है। बसपा ने जीशान खान को टिकट दिया है। इस सीट से 2019 में सपा के कद्दावर नेता आजम चुनाव जीते थे, लेकिन उन्हें सजा हो जाने के बाद सीट छोड़नी पड़ी। उप चुनाव में भाजपा के घनश्याम लोधी ने यहां से चुनाव जीत लिया था। इस बार सीट बरकरार रखने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ दो बार यहां प्रचार के लिए आ चुके हैं। कैराना सीट से भाजपा ने प्रदीप चौधरी, सपा ने इकरा हसन और बसपा ने श्रीपाल राणा को उतारा है।

### चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा) और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) समेत विभिन्न दलों के प्रत्याशियों ने जम कर चुनाव प्रचार किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सहारनपुर में पार्टी प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो निकाला वहीं गाजियाबाद में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा सरकार की कमिया गिनाईं। सहारनपुर लोकसभा सीट पर मुख्य मुकाबला भाजपा के राघव लखनपाल और इंडिया समूह के इमरान मसूद के बीच है। बसपा ने यहां से माजिद अली को उम्मीदवार बनाया है।2019 के चुनाव में बसपा के हाजी फजीलुर रहमान ने यहां भाजपा के राघव लखनपाल को 22 हजार से अधिक मतों से हराया था। कैराना में भाजपा के मौजूदा सांसद प्रदीप कुमार और इंडिया समूह के इकरा हसन के बीच टक्कर है।

# कन्या पूजन कर योगी ने की मातृ शक्ति की आराधना

## रामनवमी पर नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं का किया पूजन

**लखनऊ/ गोरखपुर,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। मातृ शक्ति के प्रति अगाध श्रद्धा रखने वाले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि पर बुधवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। नवमी तिथि के अनुष्ठान की कड़ी में गोरखनाथ मंदिर के नव भोजनालय में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि के अनुष्ठान में सीएम योगी एवं गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई



में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंचे बटुकों को भी श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। मुख्यमंत्री यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी कन्या या बटुक की थाली में भोजन प्रसाद की कोई कमी न रहे।

## सार संक्षेप

### लोकगीत के माध्यम से स्वीप का हो रहा प्रचार प्रसार

**मेरठ।** स्वीप लोकगीत कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशानुसार शाहिद रजा अपने कलाकारों के साथ मेरठ के विभिन्न स्थानों पर लोकगीत के माध्यम से स्वीप का प्रचार प्रसार कर रहे है। शाहिद रजा ने तिरंगा गेट, सिटी अस्पताल, कमेले का पुल, भूतनाथ चौराहा, आनंद अस्पताल एवं विभिन्न स्थानों पर लोकगीत वोटर वालों, मेरठ वालों, वोट डालने जाना, देखो जी वादा निभाना, 26 अप्रैल वोट पड़ेगा सबको समझाना, सारे काम काज छोड़कर वोट डालने जाना, अपना वादा निभाना से पूरी जनता को शपथ दिलाई कि वोट डालने जाना है।

### श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान में पंचपरमेष्ठी पर चढ़ाए अर्घ्य

**मवाना/हस्तिनापुर।** श्री दिगम्बर जैन प्राचीन बड़ा मंदिर के स्वर्णमयी पंचमेरु नन्दीश्वरद्वीप में चल रहे श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान के पांचवें भगवंतो की पूजा अर्चना के उपरांत शांतिधारा उषा जैन नीरज जैन शिल्पी जैन, पंकज जैन पूजा जैन ने कर धर्म लाभ अर्जित किया। विधान के मध्य आयोजित धर्म सभा में मुनि भाव भूषण महाराज ने कहा कि आत्मा का स्वरूप सिद्धत अवस्था को प्राप्त करना है आज व्यक्ति अपने हित को छोडकर दूसरो के अहित में लगा हुआ है। वह अपने दुःख से दुःखी न होकर दूसरो के सुख से दुःखी है। जबकि ऐसा नही होना चाहिए व्यक्ति को अपने अवगुण देखने चाहिए और दूसरे के गुणों को देखना चाहिए और उस जैसा बनने का प्रयत्न करना चाहिए यदि ऐसा व्यक्ति करने लगे तो वह सर्वोच्च पद को प्राप्त करता है और वह जगत में महान हो जाता है। बुधवार को माण्डले पर 512 अर्घं समर्पित किए। मण्डल पर अरिहंत सिद्ध आचार्य उपाध्याय एवं साधू परमेष्ठी का स्मर्ण करते हुए अनिल जैन, पंकज जैन, राज कुमार जैन, योगेन्द्र जैन, आदिश जैन, आशीष जैन, आदि ने माण्डले पर अर्घ्य चढ़ाए।

### महोबा में चोरों ने गेंहू पर हाथ किया साफ

**महोबा।** महोबा के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक सरकारी खरीद केंद्र से चोरों ने भारी मात्रा मे गेंहू से भरी सवा सौ बोरियों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस मामले को पंजीकृत करके जांच कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बुधवार को बताया कि झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पचपहरा गांव के निकट मिनी गल्ला मंडी में पैक्स संस्था ने गेंहूं खरीद केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र मे किसान से गेंहूं की सीधे खरीद की जा रही है।

### मन्दिर के पीछे चल रही हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़

**मथुरा।** मथुरा जिले के जैत थाना क्षेत्र की पुलिस ने चामड़ माता मन्दिर के पीछे लगभग 200 मीटर दूर जंगल में हथियार बनाने की एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर चामड़ माता मन्दिर के पीछे जंगल में बनी एक कोठरी में संचालित हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुये दो बदमाशों को धर दबोचा।

# मेरठ में चुनावी जनसभा करेंगे अखिलेश यादव

**मेरठ,**17 अप्रैल (देशबन्धु)। 20 अप्रैल को दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर अखिलेश यादव निजी हेलिकॉप्टर से लोहियानगर में जनसभा स्थल पर बने हेलीपैड पर उतरेंगे। यहां वह एक घंटा जनसभा को संबोधित करेंगे। इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सुनीता वर्मा के लिए वोट मांगेंगे। सुनीता वर्मा पूर्व मेयर हैं। उनके पति योगेश वर्मा पूर्व विधायक हैं। हस्तिनापुर सीट से विधायक रह चुके हैं। दोनों पिछले दिनों बसपा छोड़कर सपा में आए थे। गठबंधन ने मेरठ सीट पर सपा नेत्री सुनीता वर्मा को टिकट दिया है। दलित चेहरा होने के नाते सुनीता वर्मा का पहला लक्ष्य दलित वोटर में सेंधमारी है। मेरठ में जनसभा खत्म होने के बाद अखिलेश यादव हेलिकॉप्टर से अमरोहा जाएंगे। 20 अप्रैल को अमरोहा के मालीखेड़ा गांव हुसैनपुर दिदौली में इंडिया गठबंधन की पहली ज्वाइंट चुनावी जनसभा है। इस जनसभा में कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी भी आएंगे। दोनों दलों के प्रमुख नेता अखिलेश यादव और राहुल गांधी इस सभा को संबोधित करेंगे। बता दें कि यूपी लोकसभा चुनाव में दोनों दलों की यह पहली संयुक्त रैली होगी। जब दोनों दलों के नेता सड़क पर वोट मांगते नजर आएंगे।

# मेरठ में आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं : जयंत

**मवाना,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि सुना जाता रहा है कि हस्तिनापुर क्षेत्र से जीत के बाद सरकारें बनती है। अब दिल्ली का रास्ता भी हस्तिनापुर से होकर जायेगा। बिजनौर लोकसभा क्षेत्र के लिए नहीं, देश के लिए वोट मांगने आया हूं। मवाना क्षेत्र के लोग देश के कोने-कोने में रहते है, सबको बताएंगे कि हमने जयंत की बात मान ली है, आप हमारी बात मानते हुए एनडीए को जिताएं। राष्ट्रीय लोकदल मुखिया जयंत चौधरी ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को मवाना तहसील के निकट नगर पालिका मैदान में लोकसभा प्रत्याशी चंदन चौहान के समर्थन में आयोजित जनसभा में कही। उन्होंने जनसभा में मौजूद मातृ शक्ति का आह्वान किया कि केन्द्र सरकार ने महिलाओं को प्रत्येक योजना में मुख्य सूत्रधार बनाया गया है। महिलाओं के उत्थान के लिए देश भर में योजनाएं चलाई जा रही है। इस कारण अपने परिवार के सदस्यों को महिलाओं की सरकार को चुनने के लिए कहे। उनकी बात युवा भी जरूर मानेंगे। उन्होंने स्वयं सहायता समूह योजना से महिलाओं के स्वावलम्बी होने की बात कही। मेरठ में 6950 समूहों में करीब 70 हजार महिलाएं आत्म निर्भर बन रही है।



चुनावी जनसभा में मौजूद मातृ शक्ति का किया आह्वान

### मेरठ में ककड़ी-खीरे खरीदते नजर आए रालोद मुखिया

मेरठ। रालोद मुखिया जयंत चौधरी बुधवार को मेरठ में ककड़ी- खीरे खरीदते नजर आए। जयंत चौधरी ने सब्जी वाले की दुकान देखकर अपना काफिला रुकवाया। इसके बाद खुद कार से उतरकर सब्जी वाले की दुकान पर पहुंचे। जयंत ने सब्जी वाले को गले लगाया और उससे ककड़ी और खीरा खरीदा। जयंत को देखकर दुकान पर काफी लोगों की भीड़ लग गई। जयंत ने लोगों के साथ सेल्फी ली और उनसे बात कर चुनावी हाल जाना।

### रालोद की रैली में भाजपा कार्यकर्ता की पिटाई



**मवाना।** बुधवार को मवाना तहसील ग्राउंड में रालोद प्रत्याशी चंदन चौहान के समर्थन में आयोजित जयंत चौधरी की रैली में रालोद समर्थकों ने एक भाजपा कार्यकर्ता की जमकर पिटाई की। रैली स्थल पर मौजूद लोगों ने किसी तरह पीड़ित को हमलावरों से छुड़ाया। पीड़ित के मंच पर रहने से आरोपी नाराज थे और रैली समाप्त होने के बाद उस पर तंज कस दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पीड़ित की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। बता दें कि बुधवार को मवाना के तहसील ग्राउंड में रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने प्रत्याशी चंदन चौहान के लिए रैली आयोजित की गई। मंच पर माखननगर निवासी भाजपा कार्यकर्ता राजीव चौधरी भी थे। चर्चा है कि राजीव के मंच पर रहने से नीचे खड़े कुछ रालोद समर्थक नाराज थे। रैली खत्म होने के बाद सभी नेता निकल गए। राजीव चौधरी ने बताया कि मंच के पास भैंसा गांव निवासी रालोद समर्थक विकास व शहजाद के बीच कुछ विवाद हो गया। उन्हें देखकर बिना कुछ कहे वह भी लोगों के साथ रैली स्थल से बाहर निकल रहा था। तभी उसे देखकर रालोद समर्थकों ने उस पर नेता बनने की बात कहते हुए तंज कसा। जैसे ही राजीव ने उन्हें तंज का जवाब दिया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। वहां मौजूद लोगों ने उसे बचाया। मारपीट की वीडियो वायरल होने पर रालोद व भाजपा नेताओं में हुड़कंप मच गया। चुनाव को लेकर दोनों दल के नेताओं ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की और पीड़ित ने बताया कि अभी चुनाव चल रहा है. उसके बाद देखेंगे।

# पोलिंग पार्टियो के साथ पुलिस भी रहेगी मौजूद : दीपक

## पुलिस लाइन में जिला निर्वाचन अधिकारी व एसएसपी ने की समीक्षा




**मेरठ,**17 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज पुलिस लाईन में जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक मीणा व एसएसपी रोहित सिंह सजवाण द्वारा पुलिस बल के कर्तव्यों के संबंध में ब्रीफिंग की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि हस्तिनापुर तथा सरधना के निर्वाचन हेतु पोलिंग पार्टी विक्टोरिया पार्क से रवाना होगी तथा रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों के साथ पुलिस भी मौजूद रहेगी। उन्होने सभी अधिकारियो को समय से अपने गन्तव्य स्थल पर पहुचने के लिए कहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कंकरखेडा स्थित गुरू नानक इंटर कालेज का निरीक्षण कर वहां सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने विक्टोरिया पार्क स्थित पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने एआरओ व सैक्टर मजिस्ट्रेट के साथ की बैठक

**मेरठ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा एआरओ व सैक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी निर्देशित किया गया कि मतदाता पर्ची वितरण का कार्य समय से पूरा करा लिया जाए।

# जीएसटी कमिश्नर की बेटी का जाह्नवी का आईएएस में चयन

## दो बार की असफलता के बाद तीसरी बार में की सफलता हासिल

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**मेरठ,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। अमेठी में साल 1990 के पीसीएस अफसर उमाशंकर दुबे की बेटी जाह्नवी द्विवेदी का चयन आईएएस में हो गया है। इसके पहले 2018 में जाह्नवी द्विवेदी का चयन पीसीएस में हुआ था। तभी से जीएसटी में एडिशनल कमिश्नर के पद पर बनारस में तैनात हैं। कानपुर जीएसटी कमिश्नर के पद से सेवानिवृत्त उमाशंकर दुबे ने बताया कि जाह्नवी द्विवेदी की प्रारंभिक शिक्षा सीएमएस लखनऊ में हुई है। साल 2011 में हाईस्कूल, 2013 में इंटरमीडिएट, 2017 में एनआइटी कुरुक्षेत्र से बीटेक के बाद एक साल की तैयारी में 2018 में पीसीएस बन गई थी। उन्होंने बताया कि 2018 से जीएसटी में एडिशनल कमिश्नर के पद पर कार्यरत हैं। इस बीच आइएएस की



तैयारी कर रही थी। आईएएस में दो बार की असफलता के बाद तीसरी बार में 324 वीं रैंक हासिल की है। जाह्नवी और कौशुभ दो भाई बहन हैं। कौशुभ बैंगलौर की एक विदेशी कंपनी में इंजीनियर के पद पर तैनात हैं इनकी माता सुधा द्विवेदी गृहणी है। लेकिन जाह्नवी और कौशुभ की सबसे बड़ी टीचर हैं। जिससे बेटी और बेटा दोनों सफलता के शिखर पर पहुंच गए हैं।

**निरीक्षण** *सामान्य प्रेक्षक ने किया मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल का निरीक्षण*

# अनुपस्थित कार्मिक फिर ले सकते हैं प्रशिक्षण

**मेरठ, 17 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ लोक सभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक गुरिन्दर पाल सिंह सहुता द्वारा मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल मेरठ (ट्रेनिंग सेन्टर मतदान सुविधा केंद्र) का निरीक्षण किया गया। मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल पहुंच कर संबंधित अधिकारियो के साथ मतदान कार्मिको (पीओ, पी-1, पी-2 एवं पी-3) के द्वितीय प्रशिक्षण एवं डाक मतपत्र सुविधा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय भारतीय निर्वाचन आयोग की गाईड लाईन्स के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा था। इसी प्रकार डाक मतपत्र सुविधा केंद्रों पर भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान होना पाया गया।**

■ द्वितीय चरण के चुनाव की कराई गई ट्रेनिंग

इस अवसर पर श्रुति शर्मा ज्वाईंट मजिस्ट्रेट, नारायणी प्रशिक्षु आईएएस, सुजीत कुमार पीडीआरडीए एवं राजीव कुमार जिला कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।

मेरठ पब्लिक गर्ल्स स्कूल मेरठ में द्वितीय चरण के चुनाव की ट्रेनिंग कराई गई। आज 182 मास्टर ट्रेनर्स के



द्वारा 42 प्रशिक्षण कक्षों के माध्यम से 756 पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 182 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों को प्रशिक्षण देने का एक और मौका दिया गया है। इसमें वह कल इसी कॉलेज में पुनः प्रशिक्षण ले सकते हैं।

वरना सबके खिलाफ जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत एफआईआर कराई जाएगी। इसके अलावा पांचों विधानसभाओं के पोस्टल बैलट और ईडीसी के फैसिलिटेशन सेंटर बनाए गए, जिसके माध्यम से कार्मिकों को पोस्टल बैलट करवाए गए तथा ईडीसी जारी किए गए। इस अवसर पर नुपुर गोयल मुख्य विकास अधिकारी, राजीव कुमार जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# यूपीएससी परीक्षा में 113 वीं रैंक लाकर उन्नाव का नाम किया रौशन

**उन्नाव,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। 16 अप्रैल (वार्ता) जुनून, जज्बा और लगन हो तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। इस बात को उन्नाव जिले के ग्रामीण अंचल टेढ़ा के नव युवक रिशेन्द्र सिंह जिसमे आई ए एस की परीक्षा पास कर एक कीर्तमान गढ़ा और पूरे बैसवारे का नाम रोशन किया। टेढ़ा ग्राम के निवासी रिशेन्द्र सिंह पुत्र डॉ राजीव सिंह ने अपनी इंटर तक की परीक्षा शहर के सेंट लरेंश से ग्रहण की आगे की पढ़ाई उसने दिल्ली के स्नातक राम जस कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी ऑनर्स बीएससी मैथमेटिक्स से की। आज जब आईएएस का रिजल्ट आया तो उसकी 113 वीं रैंक आई यह समाचार पूरे जिले मे जंगल की आग की तरह पहुंच गयी। गांव एवं पी डी नगर के लोगो ने एक दूसरे का मुंह मीठा कर जश्न मनाया। उसके निवास पी डी नगर मे बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा। रिशेन्द्र ने बताया कि पढ़ाई के साथ खेल कूद मे भी रूचि रही और कहा कि इस सफलता का श्रेय मेरे माता पिता का है। वर्तमान मे रिशेन्द्र सिंह के पिता डॉ राजीव सिंह उर्सिला हॉस्पिटल मे चीफ फार्मेसिस्ट पद पर कार्यरत है और माता संगीता सिंह ग्रहणी है। छोटी बहन इशिका सिंह सेंट लारेंस मे इंटर कर रही है।




■ गांव व पीडी नगर के लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कर जश्न मनाया

देशबन्धु नई दिल्ली, गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17




# टिकट की दौड़ में भाभी ने देवर को पीछे छोड़ा, कांग्रेस ने धनबाद में विधायक की पत्नी को बनाया उम्मीदवार

## कांग्रेस ने धनबाद सीट पर नए चेहरे को मैदान में उतारा है, जिनका अब तक सीधे तौर पर सक्रिय राजनीति से ताल्लुक नहीं रहा



**धनबाद,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने झारखंड की धनबाद सीट पर ऐसे चेहरे को मैदान में उतारा है, जिनका अब तक सीधे तौर पर सक्रिय राजनीति से ताल्लुक नहीं रहा। नाम है- अनुपमा सिंह। उनकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि उनके पति जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह बोकारो जिले की बेरमो सीट से कांग्रेस के विधायक हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस सीट पर टिकट की दौड़ में कई दिग्गजों के अलावा अनुपमा के देवर और युवा कांग्रेस के नेता कुमार गौरव भी शामिल थे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने कुमार गौरव का नाम उम्मीदवारी के लिए आगे बढ़ाया था। लेकिन, अनुपमा के विधायक पति की लॉबिंग सबसे मजबूत साबित हुई। अनुपमा सिंह की सियासत में निजी पहचान भले न रही हो, लेकिन उनका ताल्लुक कोयलांचल के चर्चित सियासी घराने से है। उनके दिवंगत ससुर राजेंद्र सिंह बेरमो सीट से छह बार विधायक रहे थे। वह दशकों तक कांग्रेस के अनुषंगी श्रमिक संगठन इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री रहे और इस वजह से अखिल भारतीय स्तर पर उनकी पहचान ट्रेड यूनियन लीडर के तौर पर रही।

**अनुपमा सिंह की सबसे बड़ी पहचान यह है कि उनके पति जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह बोकारो जिले की बेरमो सीट से कांग्रेस के विधायक हैं**

मई, 2000 में उनके निधन के बाद उनके पुत्र जयमंगल सिंह और कुमार गौरव ने उनकी सियासी विरासत संभाली। हालांकि, राजेंद्र सिंह ने जीवित रहते दोनों पुत्रों की राजनीति में एंट्री करा दी थी। उनके निधन के बाद बेरमो सीट पर हुए उपचुनाव में उनके बड़े पुत्र जयमंगल सिंह विधायक चुने गए। राजेंद्र सिंह के छोटे पुत्र कुमार गौरव झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं और फिलहाल राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष हैं।

राजनीतिक रसूख और पैसे को लेकर इस परिवार की चर्चा पूरे झारखंड में होती रही है। यह पहली बार है, जब परिवार की बहू की राजनीति में सीधे सांसद कैंडिडेट के तौर पर एंट्री हुई है। फिलहाल उनका सोशल मीडिया पर कोई ऑफिशियल अकाउंट तक नहीं है। अनुपमा सिंह के पिता डॉक्टर हैं और बिहार के एक जिले में सिविल सर्जन के तौर पर पोस्टेड हैं। बताया गया है कि उन्होंने पटना वीमेंस कॉलेज से राजनीति विज्ञान में ग्रेजुएशन की डिग्री ली है। अनुपमा सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने के फैसले ने हर किसी को चौंका दिया है। इसके पहले वर्ष 2019 में भी कांग्रेस ने धनबाद सीट पर पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद को अचानक मैदान में उतार दिया था। हालांकि, उन्हें जबरदस्त शिकस्त खानी पड़ी थी। बहरहाल, अनुपमा की उम्मीदवारी घोषित होने के बाद उनके पति विधायक जयमंगल सिंह ने मोर्चा संभाल लिया है। जयमंगल ने अपनी पत्नी की उम्मीदवारी को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए सोशल मीडिया पर कई पोस्ट किए हैं। इस सीट पर अनुपमा का मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो से होगा।

# 25 साल के पुष्पेंद्र सरोज लंदन से सीधे यूपी के रणक्षेत्र में कूदे

**कौशांबी (उत्तर प्रदेश),** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। कैराना की इकरा हसन के बाद पुष्पेंद्र सरोज दूसरे सपा उम्मीदवार हैं, जो सीधे लंदन से यूपी की सियासी रणभूमि में उतरे हैं। लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी का यह युवा स्नातक अपनी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा से पहले ही प्रचार करना और समाज भर के लोगों से जुड़ना शुरू कर दिया है।

2019 के चुनाव के दौरान अपने पिता इंद्रजीत सरोज की हार का बदला लेने का प्रयास करने के लिए यहां आया है। ठीक 25 साल पूरे होने पर पुष्पेंद्र सरोज कौशांबी संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में राजनीतिक मैदान में उतरे हैं। वह पांच बार के विधायक और यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे हैं। लेखांकन और प्रबंधन में बीएससी करने के लिए लंदन जाने से पहले देहरादून के वेल्हम बॉयज़ स्कूल में अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने वाले पुष्पेंद्र कहते हैं, 'आज युवाओं और आम लोगों के सामने सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी और मुद्रास्फीति और युवाओं की भागीदारी है। इन समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करने के लिए राजनीति जरूरी है। मैं निर्वाचित होने पर इन मुद्दों को संसद में प्रभावी ढंग से उठाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।' पुष्पेंद्र देश की सेवा के लिए राजनीतिक क्षेत्र में आने वाले युवाओं के बड़े पैरोकार हैं।



- **2019 के चुनाव में हारे इंद्रजीत सरोज के बेटे हैं पुष्पेंद्र सरोज**
- **घोषणा से पहले ही प्रचार करना व समाज भर के लोगों से जुड़ना शुरू कर दिया**

उन्होंने कहा, 'जब तक युवा राजनीति में नहीं आएंगे, वे बदलाव लाने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? उन्हें अपने स्वयं के मुद्दों का समाधान करना चाहिए और जल आपूर्ति, स्वच्छता, बिजली और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे क्षेत्रों पर फोकस करना चाहिए। मैं समाज के सभी वर्गों के लिए समावेशिता और न्याय में दृढ़ विश्वास रखता हूं, जैसा कि मेरे पिता ने मुझे सिखाया है, जिन्होंने मेरी राजनीतिक विचारधारा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।'

पुष्पेंद्र का कहना है कि राजनीति उनके लिए कोई पेशा नहीं, बल्कि लोगों की सेवा है। एसपी नेताओं का कहना है कि पुष्पेंद्र की उम्मीदवारी इस बात का एक और संकेत है कि पार्टी उन युवा नेताओं को तरजीह दे रही है, जो युवाओं की आकांक्षाओं और समस्याओं के साथ बेहतर तालमेल रखते हैं।

## हरीश रावत ने भाजपा पर लगाया बड़ा आरोप, कहा

# 2017 और 2022 में चुनाव परिणामों को भाजपा ने किया था हाईजैक

**हरिद्वार,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड में 19 अप्रैल को 5 लोकसभा सीटों पर मतदान होने हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी पार्टियों के बड़े नेताओं ने अपने-अपने प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने हर की पौड़ी पर मां गंगा की पूजा-अर्चना कर जीत का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। हरीश रावत ने कहा कि उन्होंने उत्तराखंड की हमेशा सेवा की है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चुनाव परिणामों को हाईजैक कर लिया। इसके बाद भी हमने उत्तराखंड की सेवा करते हुए एक बेहतर विपक्ष की भूमिका



निभाते हुए 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ा। इस चुनाव में भी भाजपा ने चुनाव परिणामों को हाईजैक कर लिया। इस घटना से उन्हें गहरा आघात पहुंचा। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी धन और शराब के बल पर इस चुनाव को हाईजैक न कर ले, इसलिए जनता से अपील है कि वो किसी के बहकावे में ना आएं।

### रावत ने किया उत्तराखंड की पांचों सीट पर जीत का दावा

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने दावा किया कि दस साल के लंबे अंतराल के बाद कांग्रेस हरिद्वार सहित प्रदेश की पांचों सीट जीत रही है। श्री रावत ने कहा कि उत्तराखंड में परिवर्तन की लहर है। प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। श्री रावत ने यहां प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि चुनाव में लोग कांग्रेस का स्वागत कर रहे हैं। बैठकों के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। कांग्रेस के प्रति भरोसा जता रहे हैं। उन्हें जनता पर पूरा भरोसा है। जनता से मिल रहे समर्थन और आशीर्वाद से हरिद्वार सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगे।

# कभी विरोधी, अब अपने बनकर मांग रहे वोट

## बसपा, सपा, कांग्रेस में रहे कई दिग्गज भाजपा में हुए थे शामिल

**नोएडा,** 17 अप्रैल देशबन्धु। गौतमबुद्ध नगर में इस बार मुकाबला दिलचस्प है। पिछले दो चुनावों से लगातार जीत दर्ज कर रहे महेश शर्मा जहां तीसरी बार रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे है। वहीं सपा से डॉक्टर महेंद्र नागर भी कोई कमी नहीं कर रहे। बसपा से सुरेंद्र सोलंकी भी दावा कर रहे है कि मायावती के गृह जनपद में हाथी तेज गति से दो लड़ेगा। यही वजह है कि पहले फेज के चुनाव के बाद तीनों ही पार्टी अपनी पूरी ताकत गौतमबुद्ध नगर में झोंकने जा रहे है। मजेदार बात ये है कि जो लोग कभी विरोध में एक दूसरे लिए प्रचार करते थे। वहीं नेता पाला बदलने के बाद न सिर्फ एक साथ घूम रहे है बल्कि जीत दिलाने को जोर भी लगा रहे है।

### ऐसे नेता जो कभी थे प्रत्याशी अब अपनों के साथ संभाल रहे प्रचार की बागडोर

2008 में खुर्जा से अलग होकर



गौतमबुद्ध नगर सीट बनी। 2009 में के चुनाव में बसपा से सुरेंद्र नागर को यहां टिकट मिला और उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा को बड़े अंतर से हराया। 2014 लोकसभा चुनाव से पहले वे सपा में शामिल हो गए और उन्हे राज्य सभा सांसद बना दिया। 2019 में उन्होंने सपा का दमान छोड़ा और भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें दोबारा ये राज्य सभा सांसद बना दिया। वह अब राजस्थान, हरियाणा, यूपी के अलग-अलग जिला में भाजपा के लिए वोट मांग रहे है। इसी तरह साल 2009 और 2014 लोकसभा चुनाव में सपा के टिकट पर लड़ने वाले नरेंद्र भाटी भी साल 2022 में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने भी 2009 और 2014 में डॉक्टर महेश शर्मा के खिलाफ चुनाव लड़ा था। लेकिन अब वे भी भाजपा के लिए वोट मांग रहे है। ये सिलसिला यहां नहीं रुका इसके अलावा सपा, बसपा, कांग्रेस छोड़कर आए लोगों की लंबी लिस्ट है। इसमें पूर्व विधायक सत्यवीर सिंह गुर्जर, वेदराम भाटी, रविकांत मिश्रा, पूर्व विधायक प्रत्याशी डॉक्टर वीएस चौहान तक के नाम भी शामिल है। ये सभी नेता अब भाजपा के लिए प्रचार कर रहे है। इसके अलावा फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा भी सपा में शामिल थे। लेकिन अब वो भाजपा में शामिल है और लोगों से वोट देने की अपील कर रहे है। वहीं मायावती के करीबी माने जाने वाले बसपा नेता गजराज नागर, अच्छेजा से राम शरण नागर, संजीव त्यागी अब सपा प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर के लिए प्रचार कर रहे है।

### तीनो प्रमुख पार्टी के दिग्गजों ने गौतमबुद्ध नगर में झोंकी ताकत

गौतमबुद्ध नगर में भाजपा, कांग्रेस सपा गठबंधन और बसपा तीनों प्रत्याशियों ने प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। सुबह से लेकर रात तक बिरादरी के बीच उठना बैठना हो रहा है। इन्ही वोटरों को साधने के लिए आज सिकंदराबाद से योगी आदित्यनाथ चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद एक दिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी यहां चुनावी सभा को संबोधित करते नजर आएंगे।

### एक नजर में गौतमबुद्ध नगर में मतदाता

कुल मतदाता 2675148
पुरुष मतदाता 1450795
महिला मतदाता 1224234
ट्रांस जेंडर 119

# ट्रांसजेंडर्स में भी मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह

**ठाणे,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकतंत्र के महापर्व के आगाज होने में अब कुछ घंटे शेष रह गए हैं। चुनाव से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महाराष्ट्र के ठाणे में इस बार महिला और पुरुष के अलावा ट्रांसजेंडर भी बड़ी संख्या में मतदान करने जा रहे हैं। पहले ट्रांसजेंडर्स को मतदान करने की इजाजत नहीं थी, लेकिन साल 2019 के चुनाव में इस परिपाटी में बड़ा परिवर्तन करते हुए ट्रांसजेंडर्स के लिए भी मतदान की राह प्रशस्त की गई। इसके बाद देखा गया कि बड़ी संख्या में 2019 के आम चुनाव में ट्रांसजेंडर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सामने आए आंकड़ों के मुताबिक, शुरू में 918 मतदाता पंजीकृत थे। पांच साल बाद 2019 में यह संख्या दोगुनी होकर 2,086 हो गई। 4 अप्रैल 2023 तक राज्य के कुल मतदाताओं में 5 हजार 617 थर्ड जेंडर वोटर हैं। इस बार ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा ठाणे जिले में दर्ज की गई है। ठाणे जिले में 1 हजार 288 थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत किए गए हैं। मुंबई उपनगर में 812 और पुणे में 726 मतदाताओं का पंजीकरण हो चुका है। इस साल 2024 में अलग अलग जिले में 45 से अधिक थर्ड जेंडर मतदाता पंजीकृत किए गए हैं। 2014 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ट्रांसजेंडर्स को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने का मौका मिला था, जिसके बाद मतदान को लेकर उनमें काफी जोश दिखाई दे रहा है। ठाणे में 20 मई को मतदान होंगे, जिसे आमतौर पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गढ़ बताया जाता है।



**महिला और पुरुष के अलावा ट्रांसजेंडर भी बड़ी संख्या में मतदान करने जा रहे**

# लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कई उम्मीदवार अपने राजनीतिक विरासत को बचाने की करेंगे कोशिश

**लखनऊ,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को पहले चरण के मतदान में कुछ उम्मीदवार अपने परिवारों की राजनीतिक विरासत को बचाने की कोशिश करेंगे। इन उम्मीदवारों के परिवार दशकों से राजनीति में सक्रिय हैं, लेकिन हाल के वर्षों में उनकी राजनीतिक किस्मत कुछ हद तक डूब गई है।

### पूर्व दिग्गज जीतेंद्र प्रसाद के बेटे हैं जितिन प्रसाद

इन चुनावों में इन परिवारों की युवा पीढ़ी अपने परिवार की प्रतिष्ठा को फिर से स्थापित करने के लिए एकजुट होकर प्रयास कर रही है। ब्रिगेड का नेतृत्व यूपी के मंत्री जितिन प्रसाद कर रहे हैं, जो प्रतिष्ठित पीलीभीत सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जितिन प्रसाद कांग्रेस के पूर्व दिग्गज जीतेंद्र प्रसाद के बेटे हैं और उन्हें उस सीट को बरकरार रखने का काम दिया



- **युवा पीढ़ी अपने परिवार की प्रतिष्ठा को फिर से स्थापित करने के लिए जुटी**

गया है जिसे गांधी परिवार - मेनका और वरुण गांधी का गढ़ माना जाता है। वरुण को टिकट नहीं दिया गया है और जितिन प्रसाद अब मोदी लहर पर सवार हैं। 2009 में, प्रसाद ने धौरहरा से चुनाव लड़ा और जीता। हालांकि, वह उसी निर्वाचन क्षेत्र से 2014 और 2019 का चुनाव वो हार गए। प्रसाद 2021 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए और उन्हें विधान परिषद का सदस्य बनाया गया और योगी कैबिनेट में फिलहाल मंत्री हैं। दूसरी उम्मीदवार इकरा हसन हैं जो समाजवादी टिकट पर कैराना सीट से चुनाव लड़ रही हैं। उनके दादा अख्तर हसन, पिता मुनव्वर हसन और मां तबस्सुम हसन कई बार इस सीट से जीत चुके हैं। उनके भाई नाहिद हसन कैराना विधानसभा सीट से दूसरी बार सपा विधायक हैं, लेकिन हाल ही में जमानत मिलने तक उन्होंने पिछले कुछ साल जेल में बिताए। इकरा हसन 2022 में चुनावी मैदान में उतरीं जब उन्होंने जेल में बंद अपने भाई नाहिद हसन के लिए प्रचार किया और सीट पर उनकी जीत सुनिश्चित की। इस बार वह चुनावी मैदान में हैं और उनका मुकाबला बीजेपी उम्मीदवार प्रदीप चौधरी से है।

कैराना लोकसभा सीट से मौजूदा बीजेपी सांसद प्रदीप चौधरी को राष्ट्रीय लोक दल भी समर्थन दे रहा है जो अब एनडीए का हिस्सा है।

# ऐप के जरिए ढूंढ सकते हैं वोटर लिस्ट में अपना नाम और मतदान केंद्र

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। देशभर में 102 लोकसभा सीटों पर शुक्रवार को मतदान होना है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए इस बार कई विशेष ऐप तैयार किए हैं। चुनाव आयोग के इन ऐप के जरिए मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढा जा सकता है। वोटर हेल्पलाइन ऐप के जरिए किस मतदाता को किस मतदान केंद्र पर जाकर वोट डालना है। उसका बूथ कौन सा है, इसकी डिटेल भी ऐप पर मिल सकती है। चुनाव आयोग इसी तरह के दो दर्जन से अधिक ऐप्स का इस्तेमाल चुनाव में कर रहा है। इनकी पूरी जानकारी चुनाव आयोग की वेबसाइट




पर उपलब्ध है। चुनाव आयोग का कहना है कि उनके दूसरे एप के जरिए रिकॉर्डिंग, रिपोर्टिंग और वॉयलेशन की रिपोर्ट भी की जा सकती है। जिसके 100 मिनट के अंदर रिस्पांस टीम मौके पर पहुंच जाएगी। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होने जा रहा है। पहले चरण के मतदान में 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

लोकसभा चुनाव में इस बार चुनाव आयोग 27 ऐप्स व आईटी सिस्टम के जरिए लोगों की मदद करेगा। इनके जरिए जहां एक ओर सर्विलांस में मदद मिलेगी तो वहीं दूसरी ओर मतदाता अपने प्रत्याशियों की जानकारी ले सकेंगे। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को भी ऐप के जरिए अपना एफिडेविट और केवाईसी पूरी करने की सुविधा दी गई है। सुविधा पोर्टल के जरिए नॉमिनेशन और एफिडेविट जमा किया जा सकता है। इसके साथ इस ऐप के जरिए प्रत्याशी अपनी रैली और मीटिंग्स की परमिशन भी ले सकते हैं। इसी क्रम में चुनाव आयोग 'मिथ वर्सेस रियलिटी' की जानकारी भी साझा कर रहा है।

# झारखंड में पांच सीटों से संसद पहुंचेंगे 'फर्स्ट टाइमर' चेहरे, 10 सांसदों और 10 विधायकों की दांव पर किस्मत

**रांची,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड में इस बार लोकसभा का चुनाव पिछले चुनावों से कई मायनों में अलग है। यह पहली बार है, जब राज्य की 14 लोकसभा सीटों पर 20 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की किस्मत दांव पर लगी है। इनमें नौ लोकसभा सांसद, एक राज्यसभा सांसद और 10 विधायक शामिल हैं। मौजूदा लोकसभा सांसदों में निशिकांत दुबे गोड्डा सीट से लगातार चौथी बार संसद पहुंचने की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि पलामू से बीडी राम, जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो और राजमहल से विजय हांसदा के सामने हैट्रिक लगाने का मौका है। कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, खूंटी से अर्जुन मुंडा, गिरिडीह से चंद्रप्रकाश चौधरी और सिंहभूम से गीता कोड़ा लगातार दूसरी बार संसद पहुंचने के लिए मैदान में हैं। राज्यसभा के सांसद समीर उरांव इस बार लोहरदगा से लोकसभा पहुंचने की दावेदारी कर रहे हैं। राज्य के नौ विधायकों को बड़ी पार्टियों ने इस बार लोकसभा की जंग में उतारा है। इनमें हजारीबाग सीट पर भाजपा के




मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जयप्रकाश भाई पटेल, गोड्डा सीट पर कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह, धनबाद में भाजपा के ढुल्लू महतो, सिंहभूम में झामुमो की जोबा मांझी, गिरिडीह में झामुमो के मथुरा महतो, कोडरमा में सीपीआई एमएल के विनोद सिंह, दुमका में भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन शामिल हैं। इनके अलावा झामुमो के एक विधायक लोबिन हेंब्रम राजमहल सीट से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने का ऐलान कर चुके हैं। 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने वाले पांच 'योद्धाओं% को इस बार चुनावी पिच पर बैटिंग का मौका नहीं मिल पाया है। इनमें पिछले चुनाव में राज्य में सबसे ज्यादा मतों से जीत दर्ज करने वाले धनबाद के सांसद पीएन सिंह भी शामिल हैं। इनके अलावा जिन सांसदों को इस बार चुनाव मैदान से बाहर होना पड़ा है, उनमें हजारीबाग से जयंत सिन्हा, चतरा से सुनील सिंह, दुमका से सुनील सोरेन और लोहरदगा से सुदर्शन भगत शामिल हैं।

- **राज्य की 14 लोकसभा सीटों पर 20 निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की किस्मत दांव पर लगी**

राज्य में बड़ी पार्टियों ने इस बार सबसे ज्यादा संख्या में महिला उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा ने सिंहभूम से गीता कोड़ा, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी और दुमका से सीता सोरेन को उतारा है तो दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन ने गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, पलामू से ममता भुइयां, धनबाद से अनुपमा सिंह और सिंहभूम से जोबा मांझी को टिकट दिया है। इस तरह 14 लोकसभा सीटों पर बड़ी पार्टियों ने कुल सात महिला प्रत्याशी उतारे हैं। यह बात भी तय मानी जा रही है कि राज्य की पांच सीटों से इस बार संसद में %फर्स्ट टाइमर' चेहरा पहुंचेगा। धनबाद में भाजपा के ढुल्लू महतो और कांग्रेस की अनुपमा सिंह के बीच मुकाबला माना जा रहा है। दोनों में से किसी की जीत हो, संसद के लिए 'फर्स्ट टाइमर' होंगे। चतरा में भाजपा के कालीचरण सिंह और कांग्रेस के केएन त्रिपाठी के बीच मुख्य संघर्ष माना जा रहा है। दोनों में से किसी ने पहले संसद की दहलीज पर बतौर सांसद कदम नहीं रखा है।

इसी तरह हजारीबाग में भाजपा के मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जेपी पटेल, लोहरदगा में भाजपा के समीर उरांव और कांग्रेस के सुखदेव भगत, दुमका में भाजपा की सीता सोरेन और झामुमो के नलिन सोरेन में चाहे जिसकी भी जीत हो, वे पहली बार लोकसभा पहुंचेंगे। इस बार बड़ी पार्टियों ने चार पूर्व विधायकों पर भी दांव लगाया है। इनमें राजमहल सीट पर भाजपा की ओर से ताला मरांडी, लोहरदगा में कांग्रेस की ओर से सुखदेव भगत, चतरा में कांग्रेस के केएन त्रिपाठी और खूंटी में इसी पार्टी के कालीचरण मुंडा शामिल हैं।

# नवीन दो विधानसभा सीटों से लड़ेंगे चुनाव



**भुवनेश्वर,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। बीजू जनता दल (बीजद) सुप्रीमो एवं ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी पारंपरिक हिंजिली विधानसभा सीट के अलावा कांटाबांजी सीट से चुनाव लड़ने की बुधवार को घोषणा की। श्री पटनायक ने 11 विधानसभा सीटों के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की, जबकि पहले घोषित दो विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों को बदल दिया। नवीनतम सूची के साथ सत्तारूढ़ बीजद ने अब तक पांच चरणों में होने वाले मतदान के लिए 126 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है और बाकी 21 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम अभी तय नहीं किए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले 2019 के विधानसभा चुनाव में श्री पटनायक ने हिंजली और बीजेपुर दोनों विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों सीटों पर जीत हासिल की थी। उन्होंने अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र हिंजली सीट को बरकरार रखा और बीजेपुर विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। राजनीतिक पंडितों का सुझाव है कि मुख्यमंत्री का अपनी गृह विधानसभा सीट के अलावा पश्चिमी ओडिशा के एक सीट पर चुनाव लड़ने का निर्णय विपक्षी भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर देना है, जिसका पश्चिमी ओडिशा में मजबूत आधार है। कांटाबांजी विधानसभा सीट वर्तमान में कांग्रेस उम्मीदवार संतोष सिंह सलूजा के पास है जिन्होंने 2019 के विधानसभा चुनावों में सत्तारूढ़ बीजद उम्मीदवार को हराया था।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| मारुति | 1.24 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 1.22 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.16 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| विप्रो | 2.70 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 2.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.15 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 2.09 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.05 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 73,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 11700-11800 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



## 2024 में आर्थिक व व्यापार में गिरावट से विकास होगा प्रभावित : अंकटाड

### इस वर्ष वैश्विक विकास 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान

**जिनेवा**, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (अंकटाड) ने गिरते निवेश और कमजोर वैश्विक व्यापार का हवाला देते हुए 2024 में विकास में और गिरावट आने की चेतावनी देते हुए कहा है कि इस वर्ष वैश्विक विकास 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वर्ष 2023 में यह 2.7 प्रतिशत रहा है।

अंकटाड ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि ब्याज दरों में कटौती की संभावना से सरकारों और व्यवसायों के लिए राजकोषीय दृष्टिकोण में सुधार हो सकता है, लेकिन मौद्रिक नीति अकेले सभी गंभीर वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकती है। निवेश और व्यापार को पुनर्जीवित करने, पूर्ण रोजगार का समर्थन करने और उचित आय वितरण की रणनीतियां मजबूत विकास और एसडीजी को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने इस रिपोर्ट को जारी करते हुए वैश्विक विकास को गति देने के लिए सशक्त बहुपक्षीय पहल और एक संतुलित नीति का मिश्रण बनाने की अपील की और कहा कि वैश्विक नीति समन्वय वैश्विक अर्थव्यवस्था की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। बदलते व्यापार पैटर्न, बढ़ता कर्ज और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती लागत, ये सभी विकासशील देशों को असंगत




■ अकेले मौद्रिक नीति वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं दे सकती

ब्याज दरों में कटौती की संभावना से सरकारों व व्यवसायों के लिए राजकोषीय दृष्टिकोण में सुधार हो सकता है : अंकटाड

रूप से प्रभावित करते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में कम ब्याज दरों के लिए बाजार की उम्मीदें दुनिया भर में निजी और सार्वजनिक बजट पर दबाव को कम करने की उम्मीद जगाती हैं। हालांकि, अकेले मौद्रिक नीति प्रमुख वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं दे सकती है।

रिपोर्ट में वित्तीय स्थिरता हासिल करने, नौकरियां पैदा करने और आय वितरण में सुधार के लिए राजकोषीय, मौद्रिक, मांग-पक्ष और निवेश बढ़ाने के उपायों के संतुलित नीति मिश्रण के साथ-साथ ठोस बहुपक्षीय पहल की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार और बाजार एकाग्रता की विषमताओं को दूर करने के लिए समन्वित बहुपक्षीय प्रयासों का आह्वान करते हैं। उधार लेने वाले देशों को सतत विकास लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए अधिक वित्तीय लचीलेपन की आवश्यकता है। इसे केवल वैश्विक वित्तीय सुरक्षा जाल के समावेशी और वैश्विक सुधार के माध्यम से ही हासिल किया जा सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि वास्तविक मज़दूरी अभी भी महामारी पूर्व के स्तर से नीचे है। अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंकों ने मुद्रास्फीति से निपटने के लिए 2022 की शुरुआत से आक्रामक रूप से ब्याज दरें बढ़ा दी।

### चालू वर्ष में भारत की विकास दर रहेगी 6.5 प्रतिशत : अंकटाड

***नई दिल्ली।*** *संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास (अंकटाड) ने अपनी नई रिपोर्ट में कहा है कि चालू वर्ष में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वर्ष 2023 में विकास दर 6.7 प्रतिशत रही है। अंकटाड ने जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि मजबूत सार्वजनिक निवेश से वर्ष 2023 में भारत में विकास को बल मिला और सेवा क्षेत्र में मजबूत स्थानीय मांग के साथ ही उपभोक्ता सेवाएं और ठोस बाहरी मांग से भी विकास को गति मिली। उसने कहा कि वर्ष 2024 में भी इनको जारी रहने की उम्मीद है और इससे विकास को गति मिलेगी। उसने कहा कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों के विस्तार की प्रवृत्ति बढ़ रही है। भारत में उनकी विनिर्माण प्रक्रियाएं अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के प्रयास से भी भारतीयों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।*

## मस्क के स्टारलिंक को जल्द मिल सकती है भारत सरकार की मंजूरी




**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। एलन मस्क की भारत यात्रा से पहले टेक अरबपति की उपग्रह-आधारित इंटरनेट सेवा स्टारलिंक को कथित तौर पर संचार मंत्रालय से अस्थायी मंजूरी मिल गई है। रिपोर्टों के मुताबिक, अनुमोदन प्रक्रिया इस समय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव के डेस्क पर है और कुछ सुरक्षा मुद्दों पर गृह मंत्रालय से अंतिम मंजूरी का इंतजार है। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि विदेशी निवेश और निवल मूल्य (नेट वर्थ) जैसे मुद्दों पर कॉमर्शियल पार्ट की जांच की गई है और लाइसेंसिंग शर्तों के अनुसार तकनीकी जरूरतों की जांच की गई है। स्टारलिंक को वैष्णव से मंजूरी मिल जाने पर उसे सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) सेवाओं द्वारा ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन लाइसेंस जारी किया जाएगा, जो देश में सैटेलाइट संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए जरूरी है।

मस्क ने पहले भी भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने का प्रयास किया था। नवीनतम प्रयास नवंबर 2022 में किया गया था, जब स्टारलिंक ने जीएमपीसीएस लाइसेंस के लिए आवेदन किया था। हालांकि, उचित लाइसेंस के बिना पूर्व-आदेशों पर सरकार के साथ असहमति के कारण देश में नियोजित उपग्रह संचार सेवा परीक्षणों को रद्द कर दिया गया। सरकार ने पिछले साल दिसंबर में दूरसंचार विधेयक 2023 पारित किया था।

## रिलायंस फाउंडेशन का 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' पर सम्मेलन आयोजित

**मुंबई,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। रिलायंस फाउंडेशन ने मुंबई में 'बिल्डिंग फ्लोरिशिंग फ्यूचर्स' नाम से आयजित दो दिवसीय सम्मेलन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के 200 से अधिक विशेषज्ञों ने 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' क्षेत्र से जुड़े, देश-विदेश के इन विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने 'खेल-आधारित शिक्षा' पर अपने अनुभव साझा किए। रिलायंस फाउंडेशन ने बुधवार को यह विज्ञप्ति जारी की। यह सम्मेलन मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल (डीएआईएस) में आयोजित किया गया था। इस दो दिवसीय सम्मेलन में माता-पिता, शिक्षकों और समुदायों के विकास के लिए नई कार्यशैलियों और दृष्टिकोणों पर विस्तृत चर्चा की गई। भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' को लोकप्रिय बनाने और जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी दिशा में वक्ताओं और प्रतिभागियों के लिए 10 मास्टरक्लास, 15 इंटरैक्टिव लर्निंग स्टेशन और 30 स्पीकर सत्रों का आयोजन किया गया।



■ सम्मेलन में माता-पिता, शिक्षकों व समुदायों के विकास के लिए की चर्चा

## सैमसंग का भारत में एआई टीवी कारोबार से 10 हजार करोड़ रुपए का राजस्व हासिल करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। सैमसंग ने बुधवार को कहा कि उसने भारत में अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संचालित नियो क्यूएलईडी, ओएलईडी टीवी कारोबार से 10,000 करोड़ रुपए के राजस्व का लक्ष्य रखा है।

कंपनी ने कहा कि सैमसंग ने साल 2023 को 21 फीसदी वॉल्यूम मार्केट शेयर के साथ समाप्त किया और इस साल वह एआई टीवी के लॉन्च के साथ अपनी मौजूदगी और मजबूत करना चाहता है। सैमसंग इंडिया में विजुअल डिस्प्ले बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा कि टेलीविज़न आधुनिक जीवन के केंद्र बिंदु के रूप में उभरे हैं। ये टेक्नोलॉजी और जीवनशैली को सहजता से एक दूसरे के साथ जोड़ रहे हैं। भारत में बड़ी स्क्रीन साइज की बढ़ती मांग उपभोक्ताओं की प्रीमियम टीवी के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाती है। हम ऐसे एआई टीवी लॉन्च कर रहे हैं जिन्हें ऑडियो और विजुअल के नए मानक स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई के पावर से चलने वाले 8 के नियो क्यूएलईडी, 4के नियो क्यूएलईडी और ओएलईडी टीवी की हमारी नई रेंज के लॉन्च के साथ हमें विश्वास है कि भारत के बाजार में हमारी लीडरशिप पोजीशन और मजबूत होगी।'' भारत में टेलीविज़न बाज़ार धीमा रहा है, काउंटरप्वाइंट रिसर्च ने पिछले साल शिपमेंट में 16 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। हालांकि, सैमसंग एमजेड उपभोक्ताओं की ओर से प्रीमियम टीवी की बढ़ती मांग को देखते हुए 2024 में टीवी व्यवसाय को लेकर आशावादी है। विश्लेषकों के अनुसार, देश में किसी भी टीवी ब्रांड ने पहले 10,000 करोड़ रुपए के राजस्व का आंकड़ा हासिल नहीं किया है।




■ भारत में धीमा रहा है टेलीविजन का बाजार

■ सैमसंग 2024 में टीवी व्यवसाय को लेकर आशावादी

**सार संक्षेप**

### आईआईएफएल फाइनेंस का शेयर निर्गम 30 से

**नई दिल्ली।** आईआईएफएल फाइनेंस ने वर्तमान शेयरधारकों के लिए करीब 1272 करोड़ रुपए का राइट्स शेयर निर्गम लाने की बुधवार को घोषणा की। यह निर्गम 30 अप्रैल से 15 मई तक खुला रहेगा। कंपनी ने मुंबई शेयर बाजार को दी गई एक सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल की आज हुई बैठक में यह निर्णय किया गया। इस सूचना के अनुसार इस निर्गम में कंपनी वर्तमान शेयरधारकों को दो रुपए अंकित मूल्य के कुल 4,23,94,270 इक्विटी शेयर प्रस्तुत करेगी। पूरी तरह से भुगतान के आधार पर ये शेयर 300 रुपए प्रति शेयर की दर से (298 रुपए प्रीमियम पर) जारी किए जाएंगे। इस निर्गम से कंपनी को कुल 1271.83 करोड़ रुपए की पूंजी मिलने की उम्मीद है। इस निर्गम के लिए रिकार्ड की तिथि 23 अप्रैल, 2024 रखी गई है। इस निर्गम से पहले कंपनी के पूरी तरह से चुकता मूल्य के 38,15,48,435 शेयर हैं। राइट्स शेयरों के पूरी तरह बिक जाने पर ऐसे कुल शेयरों की संख्या 42,39,42,705 हो जाएगी। कंपनी का शेयर मंगलवार को 1.9 प्रतिशत गिरकर 423 रूपए प्रति शेयर पर बंद हुआ था।


### रामनवमी पर शेयर व मुद्रा बाजार बंद



**मुंबई।** रामनवमी के अवसर पर आज शेयर बाजार और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में अवकाश रहा, जिसके कारण कोई कामकाज नहीं हो सका। देश के प्रमुख शेयर बाजारों बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के साथ ही अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार भी बंद रहा है। कारोबारियों का कहना है कि अब गुरुवार से सामान्य कामकाज होगा।

### अमेजन पे का नया विज्ञापन अभियान 'पे करने का स्मार्टर वे'

**नई दिल्ली।** अमेजन पे का नया विज्ञापन अभियान 'पे करने का स्मार्टर वे', दैनिक लेनदेन के लिए एक स्मार्ट तरीके की दिशा में हो रहे बदलाव को प्रदर्शित करता है। यह अमेजन पे की स्पीड, सुविधा और भरोसे को दर्शाता है। इसमें कम रोशनी में किसी भी क्यूआर को स्कैन करने के लिए ऑटो फ्लैश, किसी भी ऐप पर कोई भी यूपीआई आईडी पर पैसे भेजना, त्वरित भुगतान, अमेजन पे बैलेंस का उपयोग करने पर त्वरित रिफंड और सभी ग्राहकों के लिए 24/7 कस्टमर सपोर्ट जैसे नए फीचर्स को भी दिखाया गया है, जो इसे पे करने का एक स्मार्ट जरिया बनाता है। बहुमुखी बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की उपस्थिति वाले इस विज्ञापन अभियान का उद्देश्य अमेजन पे को बिना किसी परेशानी के दैनिक लेनदेन के लिए एक पसंदीदा विकल्प के तौर पर पेश करना है, जो यूजर्स को परेशानी मुक्त और फायदेमंद भुगतान अनुभव देने का वादा करता है।




## डीएस ग्रुप का कैच स्पाइसेस 1000 करोड़ रुपए क्लब में शामिल

**नई दिल्ली**, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाला प्रमुख एफएमसीजी समूह धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) का एक मुख्य ब्रांड कैच स्पाइसेस ने पैकेज्ड मसाला उद्योग में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाते हुए 1000 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल होने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि पिछले 2 सालों में 24 प्रतिशत से अधिक वार्षिक वृद्धि दर हासिल करने के बाद, कैच स्पाइसेस अपनी विकास संभावनाओं के बारे में आशावादी बना हुआ है। एक रणनीतिक दृष्टि के साथ, इसका लक्ष्य आगामी पांच वर्षों में 30 प्रतिशत से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) का लक्ष्य रखते हुए अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। अपनी आक्रामक विस्तार योजनाओं को गति देते हुए, मॉडर्न-फॉर्मेट स्टोरों और क्विक कॉमर्स प्लेटफार्म सहित ई-कॉमर्स के माध्यम से, कैच स्पाइसेज ने कई नए उत्पादों के साथ पेस्ट, गोरमेट ग्रेवी, ग्राइंडर, जड़ी-बूटियों और पिंक रॉक साल्ट में एंटरप्राइज करके अपने पोर्टफोलियो में विविध बनाया है और कई पर कार्य जारी है। इसमें डिजिटल-फर्स्ट उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करके उत्पादों की पहुंच और वृद्धि को बढ़ावा देने के साथ उत्पादों की प्रस्तुतियों और स्थानीय स्वाद को ध्यान में रखते हुए उनका क्षेत्रीयकरण का काम भी शामिल है। कैच स्पाइसेज विभिन्न उत्पादों के साथ भारतीय रसोई क्षेत्र पर हावी होने के लिए महत्वाकांक्षी रूप से रणनीति बना रहा है।

**गुणवत्ता व विश्वसनीयता का पर्याय बन गया है कैच स्पाइसेज**



स्वाद की समझ ने हमारे उत्पादों को परिष्कृत करने और निरंतर सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है : राजीव कुमार

डीएस ग्रुप के उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हमारी उत्कृष्टता की अविरत प्रतिष्ठा और उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण ने कैच स्पाइसेज को 1000 करोड़ रुपये का ब्रांड बनने का महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल करने में सक्षम बनाया। आज, कैच स्पाइसेज गुणवत्ता और विश्वसनीयता का पर्याय बन गया है। उपभोक्ताओं के विविध और विकसित होते स्वाद की हमारी सहज समझ ने हमारे उत्पादों को परिष्कृत करने और निरंतर सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि कैच ब्रांड को डीएस ग्रुप द्वारा 1987 में एक क्रांतिकारी टेबल-टॉप साल्ट स्प्रिंकलर के लॉन्च के साथ पेश किया गया था और तब से यह ब्रांड खाना पकाने के सार को समाहित करने के लिए विकसित हुआ है, जिसमें खड़े मसालों से लेकर असंख्य मिश्रण और पेस्ट शामिल हैं। कैच अब नौ वर्गों में अधिकतम विविधता वाले उत्पादों को शामिल करते हुए बढ़ गया है, जिसमें 125 से अधिक वैरिएंट्स और 300 एसक्यू शामिल हैं। आज, कैच उत्पादों को देशभर में 1500 से अधिक डिस्ट्रीब्यूटरों के माध्यम से 7 लाख से अधिक रिटेल स्टोर में उपलब्ध है। कैच नमक और मसाले भारत में 2 करोड़ घरों तक पहुंचते हैं। बदलती उपभोक्ता खरीदारी व्यवहार के साथ, कैच स्पाइसेज ने आधुनिक व्यापार, ई-कॉमर्स सहित त्वरित वाणिज्य में बदलते प्रवृत्तियों पर गहरा अध्ययन किया और इसका लाभ उठाया है। इन प्लेटफॉर्मों का उपयोग करके, कंपनी ने उद्योग मानकों को पार करते हुए अपेक्षाकृत वृद्धि और असाधारण प्रदर्शन किया है।

कुमार ने कहा कि कैच स्पाइसेस ने हमेशा उपभोक्ता व्यवहार और बाजार के रुझानों की जानकारी हासिल करने के लिए प्रौद्योगिकी और अनुसंधान में महत्वपूर्ण निवेश किया है। क्षेत्रीय प्रतिस्पर्धा और कमोडिटी दर में उतार-चढ़ाव से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, ब्रांड लचीला और चुस्त बना हुआ है।

नवीनतम उद्योग अनुमानों के अनुसार, भारत में पैकेज्ड मसाला उद्योग पहले स्थान पर था। 2023 में 18 प्रतिशत की वृद्धि और 4 प्रतिशत की आंशिक वृद्धि के साथ लगभग 34,000 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जबकि कैच स्पाइसेस ने इसी अवधि में 23 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ इस प्रवृत्ति से बेहतर प्रदर्शन किया और आंशिक वृद्धि उद्योग की तुलना में दोगुनी से अधिक थी।

## क्रॉम्प्टन ने इंडीब्रीज़ इंडस्ट्रियल एयर कूलर्स की नई रेंज लॉन्च की

**नई दिल्ली**, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, उपकरणों में अपनी गुणवत्ता और नए-नए आविष्कारों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध कंपनी ने सुन्दर, बेमिसाल स्टाइल से आपके लिविंग स्पेसेस को नए सिरे से परिभाषित करते हुए क्रॉम्प्टन ने अपनी इंडीब्रीज़ इंडस्ट्रियल कूलर की रेंज लॉन्च कर एक बार फिर अपने कूलिंग सोल्यूशंस में बदलाव किया है। 95 लीटर और 135 लीटर की क्षमताओं में उपलब्ध ये इंडस्ट्रियल ग्रेड कूलर्स विशेष तौर पर बड़ी और खुली जगहों, जैसे फैक्ट्री, गोदाम, खुले किचन वाले रेस्तरां और बड़ी लॉबी को ठंडा रखने की आवश्यकताओं के लिए बनाये गये हैं। यह कूलर जलवायु परिवर्तन के दौर में न केवल इंस्टैंट कूलिंग हैं बल्कि ये स्थायित्व और बिजली की बचत करने वाले फीचर्स के साथ एक बेहतरीन समाधान ऑफर करते हैं। क्रॉम्प्टन की प्रतिबदद्धता के अनुरूप ये 'जल्दी कूलिंग' देने के लिहाज से डिजाइन किये गये हैं। इस अवसर पर क्रॉम्प्टन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड में बड़े घरेलू उपकरणों के विभाग के बिजनेस हेड मल्हार वाडके ने कहा 'इंडीब्रीज़ इंडस्ट्रियल कूलर की रेंज क्रॉम्प्टन के समर्पण की झलक देती है। इंडस्ट्रीज को भी ऐसे कूलिंग समाधान की जरूरत है, जो कर्मचारियों की सेहत के लिए आदर्श उत्पादकता सुनिश्चित करे। कूलर बेहद आधुनिक फीचर्स से लैस हैं।



## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली**, 17 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के प्रभाव के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 56 रिंगिट गिरकर 4158 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.13 सेंट की की गिरावट के साथ 44.78 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।



सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 11700-11800 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

## अंबुजा में अडानी की हिस्सेदारी हुई 70.3 प्रतिशत

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। अडानी समूह की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड में अडानी परिवार ने 8,339 करोड़ रुपए का निवेश करके अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर 70.3 प्रतिशत करने की आज घोषणा की।

कंपनी ने कहा कि कुल 20,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है। अडानी परिवार ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ाकर 70.3 प्रतिशत कर ली है। उसने कहा कि यह रणनीतिक कदम पोर्टफोलियो कंपनियों के लिए मजबूत पूंजी प्रबंधन दर्शन की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और नवीनतम निवेश भविष्य की संभावनाओं और सीमेंट वर्टिकल की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए अडानी परिवार की प्रतिबद्धता की गवाही देता है। अतिरिक्त निवेश कंपनी की वित्तीय स्थिति को मजबूत करेगा, जिससे उसे अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने और बाजार में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए उन्नत क्षमताएं मिलेंगी।

सीमेंट वर्टिकल द्वारा 2028 तक 14 करोड़ टन प्रति वर्ष की क्षमता को पूरा करने के लिए धनराशि महत्वपूर्ण होगी। यह परिचालन प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए पूंजीगत व्यय को कम करने के साथ-साथ संसाधनों, आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता लाने सहित विभिन्न रणनीतिक पहलों को भी सक्षम करेगा। यह भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास से प्रेरित क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी एकीकरण के माध्यम से नवाचार और उत्पाद वृद्धि को भी बढ़ावा देगा। अजय कपूर ने कहा कि हम अंबुजा में अडानी परिवार के 20,000 करोड़ रुपए के निवेश के पूरा होने की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं।




■ कंपनी ने कहा कि कुल 20,000 करोड़ रुपए का निवेश किया गया

### ओला एस1एक्स की शुरूआती कीमत 69999 रुपए

***नई दिल्ली।*** *ओला इलेक्ट्रिक ने भारतीय ईलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में आम आदमी तक पहुंचने के उद्देश्य से एस1एक्स पोर्टफोलियो (2 किलोवॉट घंटा, 3 किलोवॉट घंटा, और 4 किलोवॉट घंटा) के लिए नई कीमतों की घोषणा की, जो 69,999 रुपए (2 किलोवॉट घंटा के लिए आमंत्रण मूल्य) से शुरू होंगी। कंपनी ने कहा कि एस1एक्स की डिलिवरी पूरे भारत में अगले सप्ताह से शुरू होंगी। एस1प्रो, एस1 एयर, और एस1 एक्स प्लस क्रमश: 1,29,999 रुपये, 1,04,999 रुपये, और 84,999 रुपये में उपलब्ध होंगे। एस1 की संपूर्ण श्रृंखला पर 8 साल या 80,000 किलोमीटर की बैटरी वॉरंटी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के मिलेगी। ओला ने ढाई सालों से कम समय में ही 500,000 से ज्यादा वाहनों का रजिस्ट्रेशन होने की उपलब्धि हासिल कर ली।*

# खेल जगत

## केकेआर के समर्थन में आगे आए शाहरुख खान

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की राजस्थान रॉयल्स से निराशाजनक हार के बावजूद, फ्रेंचाइजी के सह-मालिक शाहरुख खान अपनी टीम के समर्थन में आए और कहा कि यह भगवान की योजना लगती है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में केकेआर सदस्यों और कोच गौतम गंभीर को संबोधित करते हुए, स्टार बॉलीवुड अभिनेता को यह कहते हुए देखा जा सकता है, हम हार के लायक नहीं थे; यह भगवान की योजना लगती है। बाद में उन्होंने कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है और अब टीम के सभी सदस्यों को अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अभिनेता ने अपने भाषण में कहा कि मुख्य बात हम सभी में ऊर्जा है। मुझे लगता है कि हमारे पास मैदान पर बहुत अच्छी ऊर्जा है।



# पटरी पर लौटना चाहेगी मुंबई

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। लगातार तीन हार से आगाज करने के बाद अगले लगातार

- ■ पंजाब के रबाड़ा, अर्शदीप, करेन व हर्षल लेंगे मुंबई के शीर्ष क्रम का इम्तिहान
- ■ पंजाब के बल्लेबाजों के सामने चतुर बुमराह से पार पाने की चुनौती

दो मैच जीत रोहित शर्मा के अविजित शतक के बावजूद अपने घर में मौजूदा चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स (सीएसके) से पिछले मैच में 20 रन से हार राह भटकी मुंबई इंडियंस के सामने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के अहम क्रिकेट मैच मेरु पंजाब किंग्स को उसके घर मुल्लानपुर (मोहाली) के मैदान पर बृहस्पतिवार को हरा जीत की राह पर वापस लौटने की चुनौती है। पंजाब किंग्स ने भी मुंबई की तरह मौजूदा अब तक शुरू के अपने छह मैचों में मात्र दो ही मैच जीते हैं। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच हुए पिछले पांच मैचों में से तीन पंजाब किंग्स ने जीते। वहीं पिछले सीजन में पंजाब के खिलाफ अपने रिटर्न मैच सहित मुंबई इंडियंस ने दो मैच जीते हैं। सूर्य कुमार यादव और इशान किशन के तूफानी अर्द्धशतकों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को उसके घर मोहाली में पिछले सीजन में रिटर्न मैच में 214 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंदों के बाकी रहते छह विकेट से हराया था। सूर्य कुमार और इशान के सहारे मुंबई इंडियंस एक बार फिर पंजाब किंग्स को उसके घर में हरा जीत की राह पर लौटने की पुरजोर कोशिश करेगी।





मुंबई की ताकत उसके लिए पिछले मौजूदा सीजन में उसके लिए अब तक इकलौता शतक जडने़ वाले पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, एक -एक अर्द्धशतक जडने़ वाले फिट होकर वापसी करने वाले 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव, इशान किशन और तिलक वर्मा के साथ कप्तान हार्दिक पांडया ,टिम डेविड और रोमारियो शैफर्ड जैसे विस्फोटक बल्लेबाज और मौजूदा सीजन मे रफ्तार के साथ धार दिखां दस विकेट चटका विकेट लेने में दूसरे स्थान पर चल रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और नई गेंद से उनके जोड़ीदार दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज जेराल्ड कोइत्जी (9 विकेट) हैं। रोहित शर्मा से मौजूदा सीजन में कप्तानी की कमान संभालने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पांडया अपनी ढीली बल्लेबाजी और गेंदबाजी के साथ दिशाहीन कप्तानी के चलते सुनील गावसकर सहित पूर्व दिग्गजों की आलोचना झेल रहे हैं। अब छह मैचों में एक अर्द्धशतक तक को तरस गए हार्दिक पांडया मात्र तीन विकेट ही चटका पाए हैं।

रबाडा के साथ नई गेंद से उनका साथ निभाने वाले बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह और सैम करेन जैसे पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाजों ने यदि पारी के शुरू में मुंबई के कप्तान रोहित, इशान, तिलक और सूर्य कुमार को सस्ते में पैवेलियन लौटा दिया तो फिर वह जरूर बड़े स्कोर को तरस सकती है। पंजाब के रबाडा, अर्शदीप, करेन और हर्षल पटेल बेशक मुंबई के शीर्ष क्रम का इम्तिहान ले सकते हैं।

### पावरप्ले में दिखेगा तेज गेंदबाजों का दम

पिछले कुछ सीजनों से स्कोरिंग रेट में उछाल आया है, इसमें इम्पैक्ट नियम का खासा अहम रोल रहा है जिससे बल्लेबाजों को और खुलकर खेलने का मौक़ा मिला है। मुल्लांपुर में हालांकि तेज गेंदबाजों को नई गेंद से मूवमेंट मिला है और पहले छह ओवरों में यहां पर पूरी लीग की औसत से 2 रन प्रति ओवर कम बने हैं। यह देखना अहम होगा कि इस प्रभाव से पावरप्ले में रन बनाने वाले जॉनी बेयरस्टो, रोहित शर्मा और इशान किशन जैसे बल्लेबाज़ कैसा खेलते हैं। खासकर पंजाब के गेंदबाजों के सामने मेहमान टीम के बल्लेबाज जो दोबारा से घरेलू परिस्थिति का लाभ उठाना चाहेंगे।

# तीरंदाज शीतल देवी ने खेलो इंडिया राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीता

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। पैरा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता शीतल देवी ने सक्षम तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने तीरंदाजी कौशल को निखारा।



**पैरा एशियाई खेल**

वह डीडीए यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में महिलाओं के लिए खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग मीट में बिना हाथ वाली तीरंदाज के रूप में फिर से प्रतिस्पर्धा में थीं। इस साल अगस्त में पेरिस पैरालम्पिक में पदक की प्रबल दावेदार शीतल सब-जूनियर लड़कियों के वर्ग में अंतिम शूट-ऑफ में हरियाणा की एकता रानी से पीछे रहीं। जम्मू की किशोरी 138-140 से हार गई, लेकिन उन्होंने विश्व युवा चैंपियन एकता को जबरदस्त झटका दे दिया। एकता को जहां 50,000 रुपये की पुरस्कार राशि मिली, वहीं शीतल को 40,000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला। जम्मू की लड़की शीतल ने कहा कि यह परिणाम मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में और मदद करेगा। ओलंपिक से पहले एक्सपोज़र की बहुत ज़रूरत है। अभिलाषा ने कहा कि हमें एक्सपोजर के लिए विदेश जाना पड़ता है लेकिन हमें वही अनुभव यहां भी मिल रहा है। इस तरह के घरेलू स्तर के टूर्नामेंट इस उद्देश्य में मदद कर रहे हैं। इससे शीतल की ओलंपिक तैयारी में मदद मिल रही है। एकता के लिए, यह निश्चित रूप से एक चुनौतीपूर्ण अनुभव था। आयरलैंड में तीरंदाजी युवा विश्व चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक विजेता, एकता ने कहा कि मैं पहले शीतल के साथ मुकाबला कर चुकी हूं, इसलिए मुझे उसके खिलाफ मैच का अनुभव था। पिछले दिसंबर में हमारा सामना पटियाला में भी हुआ था। उसके खिलाफ खेलना अच्छा लगता है क्योंकि वह एक बिना हाथ वाली तीरंदाज है और इससे काफी प्रेरणा भी मिलती है। खेलो इंडिया रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब-जूनियर रिकर्व और कंपाउंड में आयोजित किया गया था।

> परिणाम मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में और मदद करेगा : शीतल देवी

# श्रेयस अय्यर पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना

**कोलकाता,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर को राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ आईपीएल 2024 मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए दंडित किया गया है। ईडन गार्डन्स में हुए मैच में, केकेआर को 223/6 का विशाल स्कोर बनाने के बावजूद आखिरी गेंद पर दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा, क्योंकि राजस्थान रॉयल्स ने 224 रनों का पीछा करते हुए जोस बटलर के नाबाद शतक (60 गेंद पर 107) की बदौलत आईपीएल में सबसे सफल रन-चेज़ के रिकॉर्ड की बराबरी की। इंडियन प्रीमियर लीग के बयान में कहा गया है, चूंकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का पहला अपराध था, इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। हार के बाद, केकेआर छह मैचों में चार जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, जबकि आरआर ने सात मैचों में अपनी छठी जीत के बाद शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली है।



**12 लाख का जुर्माना लगाया गया**

# टी20 विश्व कप में खेल सकते हैं सुनील नारायण, शतक के बाद दिए संकेत

**कोलकाता,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। क्या घर पर होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने के लिए सुनील नारायण संन्यास से वापसी करेंगे? कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ़ शतक लगाने के बाद नारायण ने कम से कम यही संकेत दिए हैं। मैच के बाद नारायण ने कहा कि अभी तो फ़िलहाल मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया हुआ है, लेकिन देखते हैं कि भविष्य में क्या होगा। नारायण ने पिछले साल नवंबर में संन्यास लिया था और कहा था कि वह घर पर बैठकर ही टी20 विश्व कप का आनंद लेंगे। मैच के बाद वेस्टइंडीज़ के टी20 कप्तान और इस मैच में नारायण के विपक्षी खिलाड़ी रोवमन पॉवेल ने भी स्वीकार किया कि वह लगातार नारायण के फ़ैसले को बदलवाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 महीनों से मैं लगातार नारायण के कानों में फुसफुसा रहा हूं कि वह संन्यास से वापसी कर लें। हालांकि वह किसी की नहीं सुनते। मैंने इस बारे में कीरोन पोलार्ड, ड्वेन ब्रावो और निकोलस पूरन से भी बात की है।



उम्मीद है कि जब तक टीम का चयन होगा, तब तक नारायण और सब लोग मिलकर इस बारे में कोई फ़ैसला ले लेंगे। जीत के बाद पॉवेल ने कहा कि टीम का मनोबल बहुत ऊंचा है। जब मैं खेल भी नहीं रहा होता हूं, तब भी टीम प्रबंधन के लोग मुझसे एक स्पष्ट वार्तालाप रखते हैं। मैंने उनसे कहा है कि मैं वेस्टइंडीज़ के लिए चार या पांच नंबर पर बल्लेबाज़ी करता हूं, इसलिए मुझे ऊपर भी भेजा जा सकता है।

> जब मैं खेल भी नहीं रहा होता हूं तब भी टीम प्रबंधन के लोग मुझसे एक स्पष्ट वार्तालाप रखते हैं : सुनील नारायण

## टी20 विश्व कप तक बांग्लादेश के स्पिन कोच होंगे मुश्ताक अहमद

**ढाका,** 17 अप्रैल (एजेंसियां) पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद आने वाले टी20 विश्व कप तक बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाज़ी कोच होंगे।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की कि मुश्ताक़ अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलालाफ़ होने वाली टी20 सीरीज़ से पहले ढाका में लगने वाले कैंप में पहुंचेंगे। मुश्ताक़ ने कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट टीम का स्पिन गेंदबाज़ी कोच चुना जाना सम्मान की बात है। मैं इस भूमिका का इंतज़ार कर रहा हूं और खिलाड़ियों को अपना सारा अनुभव बांटना चाहता हूं क्योंकि वह सीखने लायक हैं और मुझे हमेशा लगता है कि यह टीम बहुत ख़तरनाक टीम है। वे किसी को भी हरा सकते हैं क्योंकि उनमें क्षमता और कौशल है।

## सार संक्षेप

### राफेल नडाल ने बार्सिलोना में विजयी वापसी की

**बार्सिलोना।** पूर्व नंबर एक स्पेन के राफेल नडाल ने बार्सिलोना ओपन में विजयी वापसी की, जहां 12 बार के चैंपियन ने इतालवी फ्लेवियो कोबोली को 6-2, 6-3 से हराया। एटीपी टूर के हवाले से नडाल ने अपनी वापसी के बारे में कहा कि हर बार यह अधिक कठिन होता है और खासकर जब आप अधिक उम्र में होते हैं, तो यह चीजों को और भी कठिन बना देता है। मैं कठिन क्षणों से गुजर रहा हूं लेकिन साथ ही, जब मैं कुछ दिनों के लिए टूर पर रह पाता हूं और लोगों के साथ अभ्यास कर पाता हूं और फिर थोड़ी प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो जाता हूं, तो यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। फिर भी आगे बढ़ना काफी सुखद है। मैं बिना किसी संदेह के जीत के साथ शुरुआत करके खुश हूं। 37 वर्षीय खिलाड़ी 2022 में अपनी 14वीं रौलां गैरो ट्रॉफी जीतने के बाद अपना पहला क्ले-कोर्ट मैच खेल रहे थे। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार की जीत सतह पर उनकी 475वीं जीत थी।

### मनी राम 9-अंडर 63 के साथ गुड़गांव ओपन के पहले दौर में सबसे आगे

**नूंह (हरियाणा)।** करनाल के मनी राम ने यहां क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में गुड़गांव ओपन के पहले दौर में नौ अंडर 63 के स्कोर के साथ अपना दबदबा बनाया और दो शॉट से बढ़त बना ली। बेंगलुरु के सी मुनियप्पा सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर दूसरे स्थान पर हैं, जबकि तेज हवा वाले दिन में सूरज और बादल लुकाछिपी खेल रहे थे। बेंगलुरू के एक अन्य गोल्फर एम धर्मा और चंडीगढ़ के राजीव कुमार जातिवाल एक शॉट पीछे संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। मनीराम ने कहा कि मैं इससे बेहतर ओपनिंग राउंड की उम्मीद नहीं कर सकता था। यह मेरे करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इस सीजन में मेरी अच्छी हिटिंग फॉर्म के कारण मेरा आत्मविश्वास आसमान पर है। पटिंग थोड़ी ऊपर-नीचे हुई है, लेकिन छठे होल पर मेरी तीसरी बर्डी के बाद मुझे लगा कि मैं आज वास्तव में नीचे जा सकता हूं, फिर बाकी दिन मेरी योजना के अनुसार चला और इससे मुझे 63 तक पहुंचने में मदद मिली।

### आईटीटीएफ विश्व कप : मनिका, श्रीजा ग्रुप चरण में बाहर

**मकाओ (चीन)।** भारतीय पैडलर्स मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला को यहां गैलेक्सी एरेना में आईटीटीएफ विश्व कप में क्रमशः शीर्ष चीनी पैडलर्स वांग मन्यु और गत चैंपियन चेन मेंग से हारकर ग्रुप स्टेज के दूसरे दौर से बाहर होना पड़ा। । वर्ल्ड नंबर 39 श्रीजा मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और वर्ल्ड नंबर 4 चीन की चेन मेंग से 1-3 (4-11, 4-11, 15-13, 2-11) से हार गईं और ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहीं। मनिका बत्रा भी दुनिया की नंबर 2 खिलाड़ी चीन के वांग मन्यु से 0-4 (6- 11, 4-11, 9-11, 4-11) से हारकर दूसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले दोनों पैडलर्स ने मंगलवार को अपने-अपने पहले दौर के ग्रुप स्टेज मैच जीते थे प्रत्येक पुरुष और महिला एकल प्रतियोगिता में सोलह समूह हैं।

# एम्बाप्पे के गोल से पीएसजी चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में



**बार्सिलोना,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। किलियन एम्बाप्पे के दो गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मन ने एस्टाडी ओलम्पिक लुलिस में एफसी बार्सिलोना पर 4-1 से दूसरे चरण की रोमांचक जीत (कुल मिलाकर 6-4) के बाद यूईएफए चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी घरेलू हार और दो गोल से पिछड़ने के बाद उबर गया क्योंकि एम्बाप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदल दिया और 4-1 से दूसरे चरण की जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पेरिसियों ने चुनौतीपूर्ण शुरुआत करते हुए मैच का पहला गोल खा लिया, जब रफिन्हा ने 12वें मिनट में गोल करके स्कोर 1-0 और कुल स्कोर 4-2 कर दिया। रोनाल्ड अराउजो ने लुइस एनरिक और उनकी टीम को पहले हाफ के बीच में जीवनदान दिया। अराउजो को सीधे लाल कार्ड मिला, जिससे बार्सिलोना को मैच के अधिकांश समय में दस खिलाड़ियों के साथ रहना पड़ा। लीग 1 की रिपोर्ट के अनुसार, पीएसजी ने स्थिति का फायदा उठाया और 40वें मिनट में ओस्मान डेम्बेले ने गोल करके मैच को 1-1 से बराबर कर दिया, जिससे कुल स्कोर 4-3 हो गया। दूसरे हाफ में, पीएसजी ने एक अतिरिक्त खिलाड़ी के साथ खेलने का फायदा उठाते हुए मुकाबले को पलट दिया। वितिन्हा ने 54वें मिनट में गोल करके कुल स्कोर 4-4 कर दिया और लीग 1 टीम ने मैच में 2-1 की बढ़त बना ली। डेम्बेले ने फिर से अपनी पूर्व टीम को परेशान किया क्योंकि 26 वर्षीय खिलाड़ी ने पेरिसियों के लिए पेनल्टी किक जीती। एम्बाप्पे ने 64वें मिनट में मौके को भुनाकर पीएसजी को मुकाबले में 3-1 की बढ़त और कुल स्कोर पर 5-4 की बढ़त दिला दी।

# एलेजांद्रो सांचेज लोपेज को आई-लीग 2023-24 में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (एजेंसियांस) गोकुलम केरल एफसी के एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज ने 22 मैचों में 19 गोल के साथ लीग के शीर्ष स्कोरर के रूप में समाप्त होने के बाद सर्वोच्च स्कोरर और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। हालांकि उनका क्लब, गोकुलम केरल एफसी आई-लीग तालिका में तीसरे स्थान पर रहा, लेकिन स्पैनियार्ड एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज लीग में शीर्ष स्कोरर रहे। आई-लीग का एक और सीज़न समाप्त हो गया है, जिसमें मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने अपना पहला राष्ट्रीय लीग खिताब जीता है, और इस प्रक्रिया में, इंडियन सुपर लीग में पदोन्नति हासिल की है। जबकि ब्लैक एंड व्हाइट ब्रिगेड का सीज़न समग्र रूप से बहुत अच्छा रहा, कई खिलाड़ियों और टीमों ने खेल के विभिन्न क्षेत्रों में चमक बिखेरी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने आई-लीग 2023-24 सीजन में पुरस्कार विजेताओं की सूची की घोषणा की है। मोहम्मडन स्पोर्टिंग के पदम छेत्री ने कोलकाता की ओर से कुछ शानदार प्रदर्शन किए, जिससे उन्हें सीजन के दौरान विभिन्न चरणों में महत्वपूर्ण अंक अर्जित करने में मदद मिली। उन्हें सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर पुरस्कार का विजेता नामित किया गया। इस बीच, उनके साथी मिराजलोल कासिमोव ने मोहम्मडन के हमलों को व्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उन्हें सीज़न का सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर नामित किया गया। रियल कश्मीर ने अपने 24 मैचों में केवल 19 गोल खाए और उनके कप्तान मुहम्मद हम्माद ने उनके लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम्माद को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए जरनैल सिंह पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया। उन्नीस वर्षीय विंगर जिमर निकुम को सीजन के सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है, जिन्होंने इंटर काशी के चौथे स्थान के लिए चार गोल किए । 15 जीत, सात ड्रॉ और केवल दो हार के साथ, मोहम्मडन स्पोर्टिंग के मुख्य कोच एंड्री चेर्निशोव ने सीज़न के सर्वश्रेष्ठ कोच के लिए सैयद अब्दुल रहीम पुरस्कार अर्जित किया।



केरल एफसी के एलेजांद्रो सांचेज़ लोपेज

# टीम पेरिस ओलंपिक में चमकने के लिए तैयार है : हरमनप्रीत

## ओलंपिक को सौ दिन बाकी और हमारे लिए अब हरदिन मायने रखता है और हर अभ्यास

**नई दिल्ली,** 17 अप्रैल (देशबन्धु)। पेरिस ओलंपिक के शुरू होने में अब बस सौ दिन बाकी हैं और इसमें इतिहास में सबसे ज्यादा आठ बार स्वर्ण और पिछले टोक्यो ओलंपिक में चार दशक के बाद कांसे के रूप में अपना पहला पदक जीतने वाली एफआईएच रैंकिंग में दुनिया मे फिलहाल चौथे नंबर काबिज भारतीय पुरुष हॉकी टीम की निगाहें इसका रंग बेहतर कर इस बार स्वर्ण पदक जीतने पर लगी हैं।

- ■ हम ओलंपिक के लिए पूरी तरह फोकस और इसमें अपनी चमक दिखाने को बेताब

भारत की पुरुष हॉकी टीम अभी हाल ही में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से पांच टेस्ट मैचों की हॉकी सीरीज 0-5 से हार कर स्वदेश लौटी है। भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हम अभी हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के बेहद संघर्षपूर्ण दौरे से लौटे हैं और छोटी ब्रेक के बाद फिर अपनी ट्रेनिंग में जुट जाएंगे। पेरिस ओलंपिक के शुरू में अब महज सौ दिन बाकी हैं और हमारी भारतीय टीम में इसमें शिरकत करने को ले रोमांच बढ़ रहा है। ओलंपिक में इसमें स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य को हासिल करने के मकसद को पाने के लिए हमारी टीम कदमताल कर आगे बढ़ रही है।हमारे चीफ कोच क्रेग फुल्टन हमारे साप्ताहिक कार्यक्रम में ओलंपिक खेलों के लिए उलटी गिनती के साथ ट्रैक पर रखते हैं। ओलंपिक को सौ दिन बाकी हैं और अब हमारे लिए हर दिन मायने रखता है और हर अभ्यास। कुल मिलाकर हम ओलंपिक के लिए पूरी तरह फोकस और इसमें अपनी चमक दिखाने को बेताब हैं।' भारत के उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की हॉकी सीरीज से हमे यह मालूम पड़ गया कि हमें कहां क्या सुधार की जरूरत है। अब हम शिविर में लौटने पर पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले अपनी बाकी खामियों को दूर करने की कोशिश करेंगे। अब हम ओलंपिक से बाकी बचे सौ दिन में अपना सर्वश्रेष्ठ दे हमारा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने का प्रयास सफल हो।' ओलंपिक में अपनी स्वर्ण जीतने की हसरत को हकीकत में बदलने के लिए भारत को सबसे पहले अपने पूल बी में पेरिस में इस बार मौजूदा चैंपियन और एफआईएच रैंकिंग में दुनिया की दूसरे की टीम बेल्जियम, दुनिया की तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया, दुनिया की सातवें नंबर की टीम अर्जेंटीना, दुनिया की दसवें नंबर की टीम न्यूजीलैंड और दुनिया की 12 वें आयरलैंड की चुनौती से पार शीर्ष दो स्थान क्वॉर्टर फाइनल में स्थान पाना होगा।





# भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी ने मोंटे-कार्लो मास्टर्स चैंपियन को हराया

**म्यूनिख,** 17 अप्रैल (एजेंसियां)। युकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी साथी अल्बानो ओलिवेटी ने एक बड़ा उलटफेर करते हुए मौजूदा फ्रेंच ओपन फाइनलिस्ट सैंडर गिले और जोरान व्लिगेन को बीएमडब्ल्यू ओपन के शुरुआती दौर में बुधवार को यहां 4-6, 7-6, 10-6 से हरा दिया। पहला सेट हारने के बाद, इंडो-फ्रेंच जोड़ी ने अगले दो सेटों में वापसी की और पिछले हफ्ते मोंटे-कार्लो मास्टर्स जीतने वाले गिले और व्लिगेन को हराया। भांबरी-ओलिवेट्टी माराकेच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां वे दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के लुकास मिडलर और अलेक्जेंडर एर्लर से हार गए। वर्तमान में एटीपी रैंकिंग में 59वें स्थान पर हैं। भांबरी ने युगल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए जनवरी में पुरुष एकल छोड़ दिया। इस बीच, रुतुजा भोसले चीनी महिला एकल डब्लू50 शेनझेन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं, जो एक हार्ड-कोर्ट इवेंट हैं।



बीएमडब्ल्यू ओपन